राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा ने पाकिस्तानी फैन को लगाया ...

उद्धव की शिवसेना में फिर सेंध लगाएंगे शिंदे? 6 सांसदों के संपर्क में होने ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 60 | नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

## नई सरकार में मोदी सहित 72 ने ली शपथ, नयी में टीम में युवाओं और अनुभवी नेताओं का संतुलन



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में रविवार को आयोजित समारोह में उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी के साथ मोदी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। पंडित नेहरू वर्ष 1952, 1957 एवं 1962 का आम चुनाव जीतकर लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। वहीं मोदी वर्ष 2014 एवं 2019 का आम चुनाव जीतकर क्रमशः पहली एवं दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। अब उन्होंने तीसरी बार शपथ ली है।

**30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्य मंत्रियों का शपथ ग्रहण :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में कुल 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 36 राज्य मंत्रियों का शपथ ग्रहण पूरा हो गया। अब इन मंत्रियों का पोर्टफोलियो आने वाले दिनों में मिलेगा। मंत्रिमंडल में 20 से अधिक राज्यों के मंत्रियों को जगह दी गई है।

71 सदस्यीय टीम में युवाओं और अनुभवी नेताओं का संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, प्रह्लाद सिंह, गिरिराज सिंह, पीयूष गोयल,एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण अश्विनी वैष्णव समेत कई मंत्रियों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। धार से सांसद सावित्री ठाकुर, बिलासपुर से सांसद तोखन साहू और मुजफ्फरपुर से सांसद राज भूषण चौधरी ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। दुर्गा दास उइके, रक्षा खडसे, सुकांत मजूमदार ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। लुधियाना से लोकसभा चुनाव हारने वाले रवनीत सिंह बिट्टू और राज्यसभा सदस्य सतीश दुबे तथा संजय सेठ ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। बंडी संजय कुमार, कमलेश पासवान भागीरथ चौधरी ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। सुरेश गोपी, राज्यसभा सदस्य एल मुरुगन और अल्मोड़ा के सांसद अजय टम्टा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। गोंडा से सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, राज्यसभा सदस्य बी एल वर्मा और बनगांव से सांसद शांतनु ठाकुर ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। तेदेपा नेता पेम्मासानी चंद्रशेखर, आगरा के सांसद एसपी सिंह बघेल और बेंगलुरु उत्तर की सांसद शोभा करंदलाजे ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। उजियारपुर से सांसद नित्यानंद राय, अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल, तुमकुरु से सांसद वी सोमन्ना ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। कृष्ण पाल, आरपीआई (ए) नेता रामदास आठवले, जद (यू) नेता रामनाथ ठाकुर ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। संजय कुमार ने शपथ ली। सुरेश गोपी ने पहली बार केरल में कमल खिलाया है। उन्होंने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। अनुप्रिया पटेल, जयंत चौधरी ने मंत्री पद की शपथ ली। प्रताप राव जाधव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। अर्जुन राम मेघवाल, जीतेंद्र सिंह, राव इंद्रजीत सिंह, सीआर पाटिल ने शपथ ली। चिराग पासवान ने पहली बार केंद्र में मंत्री पद की शपथ ली। जी किशन रेड्डी ने मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। मनसुख मांडवीय, हरदीप पुरी, किरेन रिजिजू ,अन्नपूर्णा देवी, ने मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। भ्ज्योतिरादित्य सिंधिया, जुएल ओराम ने मोदी सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। प्रह्लाद जोशी, राममोहन नायडू वडॉक्टर वीरेंद्र खटीक ने मंत्री पद की शपथ ली। सबार्नंद सोनोवाल ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली. वो राज्यसभा सांसद हैं. असम के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं. 2001 में असम से विधायक बने थे. 2004 में पहली बार लोकसभा पहुंचे। जेडीयू कोटे से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। जीतन राम मांझी ने मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ली। वो हम पार्टी के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। एचडी कुमारस्वामी व मनोहर लाल खट्टर ने मोदी सरकार में ली कैबिनेट मंत्री की शपथ।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सात पड़ोसी देशों के नेता

शपथ ग्रहण समारोह में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ भी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में देशभर के नेता, मुख्यमंत्री, विपक्षी नेता, सांसद, फिल्मी हस्तियां, उद्योगपति, साधु-संत और आमजन मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता, उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, फिल्म अभिनेता रजनीकांत, शाहरूख खान, अक्षय कुमार, अभिनेत्री रविना टंडन जैसी जानीमानी हस्तियां मौजूद रही। उल्लेखनीय है कि मोदी शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल के नेता चुने गए थे। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत राजग ने 295 सीटें जीती हैं। इसमें भाजपा 240, तेदेपा 16, जदयू 12, शिवसेना (शिंदे गुट) 07, लोजपा (राम विलास) 05, जनसेना पार्टी 02, रालोद- 02,, राकांपा (अजित पवार) 01, अपना दल (एस) 01 और हम (सेकुलर) की 01 सीट शामिल है।

### शपथ के बीच लगे मोदी-मोदी के नारे

लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल करने वाले एनडीए के प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में रखे गए शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी सफेद कुर्ता पायजामा और नीले रंग की जैकेट पहनकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे। समारोह में पहुंचकर उन्होंने झुककर सभी सांसदों और मेहमानों को नमस्ते किया। प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के लिए जैसे ही नरेंद्र मोदी उठे, मोदी-मोदी के नारों से पूरा समारोह स्थल गूंज उठा। इधर पीएम मोदी शपथ ले रहे थे और उधर मोदी-मोदी के नारे लग रहे थे। शपथ लेने के बाद पीएम मोदी ने हस्ताक्षर किए और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को धन्यवाद दिया। इसके बाद पीएम मोदी अपनी सीट पर जाकर बैठ गए।

उनके साथ-साथ एनडीए सरकार की नई कैबिनेट में शामिल होने वाले मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की है। कभी दो सांसदों वाली पार्टी आज इस ऐतिहासिक राष्ट्रपति भवन में लगातार तीसरी सरकार बना रही है और उसके मुखिया पीएम मोदी हैं। आते ही वो सभी का अभिवादन करते हुए मंच पर पहुंच जाते हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने झुककर सबको नमस्ते किया और फिर नरेंद्र दामोदर दास मोदी.. की आवाज गूंजती है।

### मोदी 3.0 मंत्रिपरिषद के सदस्य



**कैबिनेट मंत्री**

1. नरेंद्र मोदी
2. राजनाथ सिंह
3. अमित शाह
4. नितिन गडकरी
5. जेपी नड्डा
6. शिवराज सिंह
7. निर्मला सीतारमण
8. एस जयशंकर
9. मनोहर लाल खट्टर
10. एचडी कुमारस्वामी
11. पीयूष गोयल
12. धर्मेंद्र प्रधान
13. जीतनराम मांझी
14. राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
15. सवार्नंद सोनेवाल
16. डॉक्टर वीरेंद्र कुमार
17. राम मोहन नायडू
18. प्रह्लाद जोशी
19. जुएल ओरांव
20. गिरिराज सिंह
21. अश्विनी वैष्णव
22. ज्योतिरादित्य सिंधिया
23. भूपेंद्र यादव
24. गजेंद्र सिंह शेखावत
25. अन्नपूर्णा देवी
26. किरण रिजिजू
27. हरदीप पुरी
28. मनसुख मांडविया
29. जी किशन रेड्डी
30. चिराग पासवान
31. सीआर पाटिल

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) :**

32. राव इंद्रजीत सिंह
33. जितेंद्र सिंह
34. अर्जुन राम मेघवाल
35. प्रतापराव गणपतराव जाधव
36. जयंत चौधरी

**राज्य मंत्री :**

37. जितिन प्रसाद
38. श्रीपद यशो नाइक
39. पंकज चौधरी
40. कृष्णपाल गुर्जर
41. रामदास अठावले
42. रामनाथ ठाकुर
43. नित्यानंद राय
44. अनुप्रिया पटेल
45. वी सोमन्ना
46. चंद्रशेखर पेम्मासानी
47. एसपी सिंह बघेल
48. शोभा करांदलाजे
49. कीर्तिवर्धन सिंह
50. बीएल वर्मा
51. शांतनु ठाकुर
52. सुरेश गोपी
53. एल मुरगन
54. अजय टमटा
55. बंदी संजय
56. कमलेश पासवान
57. भागीरथ चौधरी
58. सतीश दुबे
59. संजय सेठ
60. रवनीत सिंह बिट्टू
61. दुगार्दास सुइके
62. रक्षा खडसे
63. सुकांता मजूमदार
64. सावित्री ठाकुर
65. तोखन साहू
66. राजभूषण चौधरी
67. श्रीपति वर्मा/ श्रीनिवास वर्मा नरसापुरम
68. हर्ष मल्होत्रा
69. नीमूबेन बमभानिया
70. मुरलीधर मोहोल
71. जॉर्ज कुरियन
72. पबित्रा मार्गेरिटा

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर की राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से राज्य में संकट के मामले पर चर्चा की

इंफाल। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने शनिवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से राज्य पर संकट के मामले पर चर्चा की। गौरतलब है कि असम की सीमा से लगा जिरीबाम जिला मणिपुर संकट का केंद्र बन गया है1 संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने पिछले दिनों जिले में दो पुलिस स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों और एक अलग समुदाय के घरों को जला दिया था। इंफाल जिरीबाम राजमार्ग पूरे राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इंफाल से माओ तक जाने वाले दूसरे राजमार्ग पर कुकी उग्रवादियों का नियंत्रण है और राजमार्ग में भटक कर आए 41 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं।

### दिग्गज उद्यमी रामोजी राव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

हैदराबाद। दिग्गज उद्यमी चेरुकुरी रामोजी राव का रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के एमसीटी स्मृतिवनम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्री राव की अंतिम यात्रा सुबह साढ़े नौ बजे रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास से शुरू हुई। उनके बड़े बेटे किरण प्रभाकर ने सुबह 11:30 बजे चिता को मुखाग्नि दी। वहां मौजूद परिवार के सदस्यों, पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, राजनेताओं, फिल्मी हस्तियों, स्टूडियो कर्मचारियों और कनिष्ठ कलाकारों सहित हजारों लोगों ने नम आंखों से श्री राव को अश्रुपूर्ण विदाई दी।

### नरेन्द्र डिस्ट्रक्टिव एलाएंस: कांग्रेस ने शपथ ग्रहण से पहले नरेन्द्र मोदी पर साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण से पहले रविवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि वह नरेन्द्र डिस्ट्रक्टिव एलाएंस(एनडीए) के नेता के तौर पर शपथ लेंगे हालांकि वह सभी वैधता खो चुके हैं। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जिसे एनडीए के नाम से जाना जाता है उसी पर नरेन्द्र डिस्ट्रक्टिव एलाएंस नाम गढ़ा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 28 मई 2023 का वो दिन याद है ? जब नरेन्द्र मोदी सेनगोल के साथ नए संसद भवन में आए थे और जिसके लिए 15 अगस्त 1947 का एक अलग इतिहास गढ़ा गया था।

# नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार में बिहार के आठ सांसद बने मंत्री

## भाजपा से चार, जदयू से दो ! लोजपा रामबिलास व हम सेक्यूलर से एक-एक

प्रात : किरण



पटना। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली। बिहार से आठ सांसदों को भी मंत्री बनाया गया। बीजेपी से चार, जदयू से दो, एलजेपी (रामविलास) से एक और हम पार्टी के इकलौते सांसद जीतन राम मांझी शामिल हैं। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में बीजेपी से गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चंद्र दुबे और राजभूषण चौधरी हैं। इसमें गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय पहले भी मंत्री थे, जबकि सतीश चंद्र दुबे और राजभूषण चौधरी को पहली बार मौका मिला है।

जेडीयू से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और उनकी पार्टी से राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को मंत्री पद मिला। इसके अलावा पूर्व सीएम जीतनराम मांझी और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी शामिल रहे। बिहार के सांसदों के मंत्री बनाए जाने में कास्ट और एरिया का भी खास ख्याल रखा गया। ललन सिंह, जीतनराम मांझी, चिराग पासवान, गिरिराज सिंह ने जहां कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं, नित्यानंद राय, रामनाथ ठाकुर, सतीश चंद्र दुबे राजभूषण चौधरी निषाद को राज्यमंत्री बनाया गया है। भाजपा की बात करें तो, पिछली सरकार मंत्री रहे गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय एक बार फिर मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली हैं। दोनों भाजपा के कद्दावर नेता हैं और मोदी-शाह के बेहद करीबी माने जाते हैं। वहीं, सतीश चंद्र दुबे और राजभूषण चौधरी निषाद को भी मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली है, दोनों को राज्यमंत्री बनाया गया है। लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली है। मोदी 3.0 में लोजपा से वह एक मात्र केंद्रीय मंत्री बनाए गए हैं। वहीं, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के एकमात्र सांसद जीतनराम मांझी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

## बिहार में सामजिक समीकरण का रखा गया ख्याल

### तीन सवर्ण, दो दलित, दो पिछड़ा व एक अतिपिछड़ा को जगह

बिहार के सांसदों के मंत्री बनाए जाने में जाति और एरिया का भी खास ख्याल रखा गया। गिरिराज सिंह पिछली सरकार में भी मंत्री थे और मोदी 3.0 में उनको जगह मिली है। बिहार बीजेपी के हिन्दू फेस माने जाते हैं। बेगूसराय सीट से जीते गिरिराज सिंह भूमिहार जाति (सवर्ण) से आते हैं। मोदी की पिछली सरकार में भी नित्यानंद राय मंत्री थे और इस बार भी मोदी मंत्रिमंडल में उन्हें जगह मिली थी। अमित शाह के जूनियर के तौर पर पिछली सरकार में काम करने वाले नित्यानंद राय उजियारपुर से चुनाव जीते हैं और यादव जाति (पिछड़ी) से आते हैं। कास्ट सर्वे में दावा किया गया था कि बिहार में सबसे ज्यादा आबादी यादव जाति की है। वाल्मीकिनगर से ताल्लुक रखने वाले सतीश चंद्र दुबे बीजेपी के राज्यसभा सांसद हैं। तीन बार के विधायक रहे सतीश 2014 में सांसद बने और 2019 में टिकट कटा तो भारी बवाल हुआ था। बाद में राज्यसभा सदस्य बने और इस बार मंत्री बनाया गया। बिहार में ब्राह्मण चेहरे के तौर पर बीजेपी प्रमोट करना चाहती है। मुजफ्फरपुर से पहली सांसद बने राजभूषण चौधरी की तो लॉटरी लग गई। अब उन्होंने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ भी ले ली। बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद अजय निषाद का टिकट काटकर राजभूषण चौधरी पर दांव लगाया था। राजभूषण निषाद जाति (मल्लाह) से ताल्लुक रखते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे ललन सिंह ने मुंगेर से चुनाव जीता है। लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है। वो भूमिहार जाति से ताल्लुक रखते हैं और जेडीयू के सवर्ण चेहरे के तौर पर पहचान रखते है। इन्हें भी मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। जेडीयू के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर केंद्रीय मंत्री बने हैं। ये पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर के बेटे हैं, जिन्हें हाल ही में भारत रत्न से मोदी सरकार ने नवाजा है। रामनाथ ठाकुर को लालू यादव ने दो-दो बार एमएलसी बनाया था। बाद में नीतीश कुमार ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। अब मोदी सरकार में मंत्री भी बन गए। नाई जाति (अति पिछड़ा) से आने वाले रामनाथ ठाकुर समस्तीपुर जिले से आते हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी गया लोकसभा सीट से सांसद बने हैं। उनकी अपनी खुद की पार्टी है और अपनी पार्टी से इकलौते सांसद हैं। उनका बेटा बिहार की नीतीश सरकार में मंत्री है और खुद अब मोदी सरकार में मंत्री बन गए। जीतन राम मांझी मुसहर जाति (अनुसूचित जाति) से ताल्लुक रखते हैं। बिहार में रामविलास पासवान की विरासत अब चिराग पासवान के पास पूरी तरह आ गई है। चिराग ने पारंपरिक सीट हाजीपुर से जीत दर्ज की। इसके अलावा अपनी कोटे की सभी पांचों सीटें भी जीती। चिराग पासवान खुद को दुसाध जाति (अनुसूचित) से जोड़ते हैं।

**परिणाम**

## आईआईटी मद्रास ने 14 दिन में रिजल्ट किया घोषित, द्विजा पटेल बनी गर्ल्स टॉपर

# जेईई-एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम घोषित, वेद लाहोटी बने ऑल इंडिया टॉपर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/कोटा/एजेंसी। आईआईटी मद्रास का 26 मई को हुई जेईई-एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम मात्र 14 दिन बाद रविवार 9 जून को घोषित कर दिया। इस परीक्षा में 1,91,283 विद्यार्थियों को पंजीकृत किया गया था। इस बार 48,248 विद्यार्थियों को आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिये क्वालिफाई घोषित किया गया है। उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में 40,284 छात्र एवं 7964 छात्राएं हैं। आईआईटी मद्रास के जारी परिणामों में ऑल इंडिया मेरिट सूत्री में इस वर्ष एलन कोटा के कोचिंग छात्र व इंदौर निवासी वेद लोहाटी ने ऑल इंडिया रैंक में टॉप किया। लोहाटी ने 360 में से सर्वाधिक 355 अंक हासिल किये है। गर्ल्स केटेगरी में छात्रा द्विजा धर्मेश कुमार पटेल टॉपर रही, जिसने 360 में से 322 अंक हासिल किए हैं। मुख्य मेरिट सूची में रैंक-2 पर आदिल, रैंक-3 पर भोगलपल्ली संदेश, रैंक-4 पर रिथम केडिया, रैंक-5 पर पुट्टी कुशल कुमार, रैंक-6 पर राजदीप मिश्रा, रैंक-7 पर द्विजा पटेल, रैंक-8 पर कोडुरी तेजेश्वर, रैंक-9 पर धुवी हेमंत दोषी, रैंक-10 पर अल्लादा बोना सिद्दिक सुहास सफल रहे। उल्लेखनीय देश के 23 आईआईटी संस्थानों में गत वर्ष 17,385 सीटें थी, जिसमें से 13,918 पर छात्रों को एवं 3422 पर छात्राओं को प्रवेश दिया गया था। इस वर्ष 10 प्रतिशत सीटें बढ़ने की उम्मीद है। याद दिला दें कि जेईई-मेन से इस वर्ष 2.50 लाख शीर्ष परीक्षार्थियों को



जेईई-एडवांस्ड के लिये क्वालिफाई घोषित किया गया था, लेकिन इनमें से 60 हजार इस कठिन प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुये। जेईई-एडवांस्ड का रिजल्ट घोषित होने पर कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने ढोल पर झूमते हुये सफलता का जश्न मनाया। जोसा काउंसलिंग 10 जून से-कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार, आईआईटी एवं एनआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए जोसा काउंसलिंग 10 जून से प्रारम्भ होगी। यह काउंसलिंग 10 जून से 26 जुलाई के मध्य 5 राउंड में पूरी होगी। काउंसलिंग में सफल विद्यार्थियों को 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी एवं 40 जीएफटीआई सहित 121 संस्थानों की 600 से अधिक कॉलेज व ब्रांचेज को अपनी रैंक के अनुसार प्राथमिकता के घटते क्रम में भरना है।

### मैथ्स का हर सवाल हल करना पसंद है : वेद लाहोटी

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम छात्र वेद लाहोटी ने जेईई-एडवांस्ड का रिकॉर्ड ब्रेक करने की जिद की और उसे पूरा कर दिखाया। उसने 360 में से 355 अंक प्राप्त कर रैंक-1 हासिल की है। जेईई-मेन में उसने 300 में से 295 अंक अर्जित कर एआईआर-119 प्राप्त की है। कक्षा-10वीं 98.6 प्रतिशत और कक्षा-12वीं में 97.6 प्रतिशत प्राप्तांक से उसने अपनी योग्यता को साबित किया। वेद हर बात का तार्किक जवाब लेने में विश्वास रखता है। जेईई-एडवांस्ड में दो सवाल गलत हुए हैं तो उसने चुनौती दी कि ये कैसे गलत हुए। उसकी मां जया गृहिणी और पिता योगेश लाहोटी रिलायंस जीओ में कंस्ट्रक्शन मैनेजर हैं। वेद ने बताया कि मुझे मैथ्स में हर सवाल हल करना पसंद है। उसे शतरंज व क्रिकेट खेलने का शौक है। उसे मां जया और नाना आर सी सोमानी ने आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। वह कोटा में पढ़ना चाहता था। उसने इंदौर से कक्षा-10 पास करके कोटा में जेईई की तैयारी की और कीर्तिमान बनाने में सफल रहा।

### नीट परीक्षा ने 24 लाख से ज्यादा बच्चों के परिवार को तोड़ दिया है: राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफिया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है। श्री गांधी ने रविवार को कहा, नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है। उन्होंने कहा, शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था।

# मोदी मंत्रिमंडल में कुल सात महिला मंत्री, तीन पहली बार



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार बनी एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल में सात महिला मंत्रियों को जगह मिली है। प्रधानमंत्री ने पूर्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एक बार फिर भरोसा दिखाया है। सीतारमण के अलावा पूर्व राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, उत्तर प्रदेश से निर्वाचित अनुप्रिया पटेल और कर्नाटक से निर्वाचित शोभा करंदलाजे को एक बार फिर मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पहली बार मंत्री बनने वाली महिला नेताओं में 37 वर्षीय रक्षा निखिल खड़से का नाम भी शामिल है। इनकी चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि ये इस कैबिनेट में सबसे युवा महिला मंत्री हैं। इनके अलावा सावित्री ठाकुर और नीमू बेन बंभानिया को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पूर्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर भरोसा दिखाया है। उन्हें एक बार फिर कैबिनेट मंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है।

# सड़क धोने में हो रही पानी की बर्बादी, जल संस्थान ने पेयजल कनेक्शन काटा

**नैनीताल, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर पानी की बर्बादी हो रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जल संस्थान ने एक रेस्टोरेंट का पेयजल कनेक्शन काट दिया।

हल्द्वानी में भीषण गर्मी के बीच शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं और महंगी कीमत पर टैंकरों से पानी खरीदकर प्यास बुझा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पानी की बर्बादी हो रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आने के बाद शुक्रवार की शाम सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जल संस्थान ने नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट का पेयजल कनेक्शन काट दिया।

शुक्रवार की शाम सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी अपने सरकारी वाहन से नैनीताल रोड से काठगोदाम की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह एमबीपीजी कॉलेज के पास पहुंचे तो सड़क किनारे स्थित रेस्टोरेंट के सामने एक व्यक्ति पाइप से सड़क को धोने में लगा था। यह नजारा देख बाजपेयी ने अपनी गाड़ी रुकवाई और सड़क धो रहे व्यक्ति को पानी की बर्बादी को लेकर जमकर फटकार लगाई। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके से ही जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता को फोन कर रेस्टोरेंट का पेयजल कनेक्शन काटने के निर्देश दिए।



सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश के बाद मौके पर पहुंची जल संस्थान की टीम ने नैनीताल रोड स्थित पंजाबी रसोई नामक रेस्टोरेंट का पेयजल कनेक्शन काट दिया। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर रेस्टोरेंट का पेयजल कनेक्शन काटा गया है। सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने बताया कि गर्मियों में पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने निर्माण कार्यों के साथ-साथ वाहनों की धुलाई पर भी प्रतिबंध लगाया है। कहा कि इस तरह से पानी की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हल्द्वानी में गौला नदी से शीशमहल फिल्टर प्लांट को आने वाली नहर में सिल्ट सफाई के कार्य के चलते उपभोक्ताओं को शाम की शिफ्ट का पानी नहीं मिल पाएगा। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि गौला बैराज से फिल्टर हाउस को आने वाली नहर की सफाई होनी है। इसी क्रम में 10 जून को शीशमहल फिल्टर प्लांट से कालाढूंगी रोड, रामपुर रोड, नैनीताल रोड, ऊंचापुल, काठगोदाम, लालडांठ क्षेत्र में शाम की शिफ्ट में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। कहा कि 10 जून को लोगों को शाम की शिफ्ट में पानी नहीं मिल पाएगा।

नैनीताल नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन पानी की किल्लत हो रही है। शुक्रवार सुबह तल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष मारूति साह के नेतृत्व में व्यापारी क्रांति चौक पर एकत्र हुए। व्यापारियों ने बीते कई दिनों से बाजार परिक्षेत्र में पानी न आने के विरोध में प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कभी कभार पानी आ भी रहा है तो प्रेशर काफी कम है। जिससे पानी ऊपरी मंजिल तक नहीं चढ़ पा रहा है। अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता करने के बाद चेतावनी दी कि यदि समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो सांकेतिक प्रदर्शन के बाद भविष्य में सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों में होटल एसोसिएशन सचिव वेद साह, भानू साह, सोहन लाल साह, नासिर खान, सुशील चौरसिया, अर्जुन, एस वर्मा आदि रहे। जल संस्थान के अधिकारियों के आदेश पर त्वरित अवर अभियंता गोपाल कार्की मौके पर पहुंचे। कहा शीघ्र टीम से पड़ताल कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच मरम्मत कार्य अधर में छोड़ने पर ईई मुख्यालय तलब

**नई टिहरी, एजेंसी।** धनोल्टी तहसील में व्यापारियों और ग्रामीणों के साथ बैठक कर डीएम मयूर दीक्षित ने उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों की ओर से एनएच से मलबा हटाने, कैंपटी फॉल में कूड़ा निस्तारण और ट्रांसफार्मर लगाने, चामिया फॉल का सौंदर्यीकरण करने, बाजार में पक्की नाली बनाने और भटोली में छह और आठ किमी पर पुलिया बनाने की मांग उठाई गई। कई जगहों पर निर्माण कार्य अधर में होने पर डीएम ने एनएच के ईई को जिला मुख्यालय तलब किया। डीएम ने धनोल्टी तहसील क्षेत्र के व्यापारियों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। बंग्लों की कांडी पहुंचे डीएम को बताया गया कि एनएच 707 पर कई जगहों पर मलबा सड़क पर पड़ा हुआ है। नारदाने बंद हैं। कई जगहों पर निर्माण कार्य अधर में है। इस पर डीएम ने एनएच के अधिशासी अभियंता को जिला मुख्यालय तलब किया है। कैंपटी फॉल में गीला कूड़ा निस्तारण के लिए राजस्व विभाग और जिला पंचायत को एक सप्ताह में जगह चिह्नित करने को कहा है। व्यापारियों ने कैंपटी में ट्रांसफार्मर लगाने, आधार कार्ड सेंटर चालू करने, मुख्य बाजार में पार्किंग बनाने और चामिया फॉल का सौंदर्यीकरण करने, फायर स्टेशन स्वीकृत करने और बाजार में पक्की नाली बनाने की मांग की है। भटोली में भी दो पुलिया बनाने, मसूरी बैंड और सुरासु में शौचालय बनाने, रडोगी प्राथमिक स्कूल का नया भवन बनाने की मांग की गई। लोगों ने परोगी-कांडी पंपिंग पेयजल योजना पर घटिया निर्माण कार्य होने, खरक, मेलगढ़, गढ़खेत के मध्य अस्पताल खोलने की मांग की गई। इस मौके पर एसडीएम मंजु राजपूत, सुंदर सिंह रावत आदि मौजूद थे।

### डीएम कैंप कार्यालय में शराब पीते पकड़े गए तीन सिपाही निलंबित

**नैनीताल , एजेंसी।** जिलाधिकारी कैंप कार्यालय और आवास की सुरक्षा में तैनात तीन सिपाहियों के कार्यालय परिसर में शराब पीते हुए पाए जाने पर एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। हल्द्वानी में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय और आवास की सुरक्षा में तैनात तीन सिपाहियों के कार्यालय परिसर में शराब पीते हुए पाए जाने पर एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार करीब छह दिन पहले डीएम कैंप कार्यालय में सुरक्षा गार्द में तैनात तीन पुलिसकर्मियों के शराब पीने के मामले में एसएसपी को शिकायत मिली थी। नैनीताल सशस्त्र पुलिस के सिपाही शंकर सिंह, दीपक सिंह राणा और मनोज सिंह राणा पर डीएम आवास परिसर में ड्यूटी में लापरवाही बरतने और शराब पीने का आरोप था। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाई गई। आचार संहिता हटने के बाद एसएसपी प्रह्लाद सिंह मीणा ने ड्यूटी के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

### नहीं भर सके आपदा के जख्म : बदहाल सड़क, टूटी दीवारें खोल रही विभागों की पोल

**नैनीताल , एजेंसी।** भवाली, भीमताल में तीन साल पहले हमने आपदा का जो मंजर अपनी आंखों से देखा था वहीं मंजर इस बार भी न देखना पड़े, इसका भय बना हुआ है। यह बात शुक्रवार को तल्ला रामगढ़ के व्यापारियों और ग्रामीणों ने कही। आपदा में तीन साल पहले तल्ला रामगढ़ के झुतिया में 12 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी जिसमें स्थानीय लोग और मजदूर शामिल थे। वहीं तल्ला रामगढ़ में लोगों के मकान, दुकानें और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी। तल्ला रामगढ बाजार में क्षतिग्रस्त सड़कें आज भी सही नहीं हो पाई हैं। स्थानीय लोगों के मकानों के पीछे आज भी मलबा जमा है। वहीं आपदा में लोगों के बहे खेतों की स्थिति भी नहीं बदल पाई है। प्रशासन की ओर से चेकडैम तो बनाए गए पर इस बरसात में चेकडैम टूटने का भय बना हुआ है। सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को आए दिन दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## नालों और नालियों की सफाई का भौतिक सत्यापन करेंगे नोडल अधिकारी

**नैनीताल, एजेंसी।** एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने कहा कि जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में मानसून से पूर्व वर्षा, अतिवृष्टि होने से नाले, नालियों, नहरों में कूड़ा-कचरा व सिल्ट की सफाई नहीं होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि मालूम चला है कि नगर निकाय व सिंचाई विभाग की ओर से कूड़े, कचरे, मलबे की नालों से सफाई नहीं कराई गई है। इनके स्थलीय निरीक्षण व भौतिक सत्यापन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की है।

एडीएम ने सभी नोडल अधिकारियों को 15 जून से 20 जून के बीच वार्ड वार संबंधित नगर निकायों के नालों, नहरों का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ समय से प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। संतोषजनक स्थिति न पाए जाने पर निकाय व सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का माह जून 2024 का वेतन रोक दिया जाएगा। 14 जून की सुबह 11 बजे नगर निगम सभागार में समस्त निकायों एवं नोडल अधिकारियों को निरीक्षण एवं सत्यापन के संबंध में ब्रीफिंग की जाएगी।

## बहन को बचाने के लिए बाघ से शेरनी की तरह भिड़ी तारा देवी, खूंखार पर लकड़ी से किया वार; तब बची जान



**नैनीताल , एजेंसी।** रामनगर में जब बाघ ने महिला पर हमला किया तो वहीं बगल में घास काट रही तारा देवी अपनी बहन को बचाने के लिए बाघ से भिड़ गई। उसने बाघ पर लकड़ी से वार किया तो बाघ उसकी ओर भी हमला करने की ओर चला, लेकिन हल्ला-गुल्ला होने की वजह से बाघ कोसी नदी की ओर चला गया। रामनगर के पास हाईवे पर जब बाघ ने महिला पर हमला किया तो वहीं बगल में घास काट रही तारा देवी अपनी बहन को बचाने के लिए बाघ से भिड़ गई। उसने बाघ पर लकड़ी से वार किया तो बाघ उसकी ओर भी हमला करने की ओर चला, लेकिन हल्ला-गुल्ला होने की वजह से बाघ कोसी नदी की ओर चला गया। इसपर दोनों महिलाओं की जान बच गई। बाघ के हमले में घायल लीला देवी (40) की बहन तारा देवी ने बताया कि वह गांव की ही सरस्वती देवी के साथ घास काटने हाईवे किनारे पहुंची थी। आमडंडा खत्ता व रिंगौड़ा खत्ता के बीच उनका मकान है, वन ग्राम होने के चलते बिजली व ईंधन की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उन्हें ईंधन के लिए लकड़ी और पशुओं के लिए चारा काटने के आना पड़ता है। शुक्रवार शाम करीब छह बजे हाईवे किनारे घास काट रहीं थी तभी बाघ ने लीला देवी पर हमला कर दिया। तारा देवी ने बताया कि जब बाघ ने लीला पर हमला किया तो जान खतरे में देख उसने पास में पड़ी लकड़ी से बाघ पर प्रहार कर दिया। लकड़ी मारते ही बाघ उसकी ओर बढ़ा लेकिन हाईवे पर भीड़ और शोर शराबा होने से बाघ नदी की ओर चला गया।

बाघ के हमले के बाद हाईवे पर राहगीर एकत्र हो गए जिससे जाम लग गया। वन कर्मियों ने राहगीरों को हाईवे से हटाया और जाम को खुलवाया। तारा देवी ने बताया कि घायल महिला के चार बच्चे है, अभी सभी अविवाहित हैं। घायल महिला के पति कामदेव की मृत्यु कई साल पहले हो चुकी है।

## उत्तराखंड में राफ्ट पलटने से फंसे 4 पर्यटकों को किया रेस्क्यू

**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जनपद में शनिवार को कर्णप्रयाग के निकट अलकनंदा नदी के तट पर, लंगासू में एक राफ्ट नदी के तीव्र मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सवार चार लोगों को राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की रेस्क्यू टीम ने समय से पहुंचकर, सुरक्षित बचा लिया। यह सभी राफ्टर्स लुधियाना (पंजाब) के निवासी बताए गए हैं।

एसडीआरएफ प्रवक्ता और चमोली पुलिस प्रवक्ता से मिली संयुक्त जानकारी और प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा था, लेकिन अचानक नदी के एक तीव्र मोड़ पर उनकी राफ्ट पलट गई। उस राफ्ट में सवार सभी नौ लोग पानी में गिर गए। किसी तरह पांच लोग तैरकर किनारे तक पहुंच गए, लेकिन चार व्यक्ति नदी के बीच एक छोटे से टापू पर फंस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम द्वारा स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। गोचर से उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम ने तेजी से कार्रवाई की। वहीं टीम ने अपनी कुशलता और साहस का परिचय देते हुए अलकनंदा की तीव्र धारा और विपरीत परिस्थितियों का सामना किया। साथ ही, अन्य राफ्ट की सहायता से उक्त चारों व्यक्तियों तक पहुंच बनाकर, उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर किनारे लाया गया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन त्वरित और सामूहिक प्रयासों से मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों में सफलतापूर्वक किया गया।




## बदरीनाथ धाम में एक ही दिन में चार तीर्थयात्रियों की मौत

**गोपेश्वर, एजेंसी।** श्री बदरीनाथ धाम में स्वजन के साथ आए चार तीर्थयात्रियों की हृदय गति रुकने से मौत हुई है। इनमें उत्तरप्रदेश के दो और महाराष्ट्र व हरियाणा का एक-एक यात्री शामिल हैं। अब तक बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, हेमकुंड की यात्रा पर आए 84 तीर्थयात्रियों की हृदयगति रुकने मौत हो चुकी है। इनमें यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान 20 और गंगोत्री धाम की यात्रा पर छह तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। इसके अलावा केदारनाथ धाम में 27, बदरीनाथ में 28 और हेमकुंड में तीन यात्रियों की मौत हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, अपयागिरीवैंकट सुधाकर निवासी बायाथानपल्ली, रामकृष्णपुर मदागिरी आदिलाबाद, आंध्र प्रदेश, लक्ष्मी देवी (56) निवासी 843 थाना सुमेरपुर, हमीरपुर उत्तर प्रदेश, अरुण आपादास (68) काकोट महाराष्ट्र निवासी की बदरीनाथ धाम में तबीयत बिगड़ने पर स्वजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरीनाथ धाम लाए। जिन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, बदरीनाथ धाम के दर्शन कर लौट रहे एक तीर्थयात्री बालसिंह (45) कैथल हरियाणा निवासी की बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी में तबीयत बिगड़ने पर स्वजन उन्हें जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाए, जहां चिकित्सकों ने तीर्थयात्री को मृत घोषित किया।

## आयोग को मिले 14 नए सदस्य, महिला सुरक्षा को मिलेगा बल

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की वित्तीय वर्ष की पहली बोर्ड बैठक सुद्धोवाला स्थित महिला सशक्तीकरण व बाल विकास निदेशालय में हुई। अध्यक्ष कुसुम कंडवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नवनियुक्त सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत सदस्य सचिव उर्वशी चौहान एवं विधि-अधिकारी दयाराम सिंह ने किया।

बोर्ड बैठक में अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग में सदस्यों के पद लंबे समय से रिक्त थे, आयोग के नव नियुक्त 14 सदस्यों के सहयोग से राज्य महिला आयोग के कार्यों को बल मिलेगा। इसके लिए उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। कुसुम कंडवाल ने कहा कि आयोग परिवारों को जोड़े रखने के साथ महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए काम करता है। सभी जिलों के सदस्य अपने जनपद के जिलाधिकारी, पुलिस जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं अन्य से समन्वय स्थापित करेंगे। महिलाहित, सुरक्षा और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे।

बैठक में महिला सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी जिलों में महिलाओं को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता शिविर, विधिक कार्यशालाएं, जन सुनवाई के साथ पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात की गई। साथ ही महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक रूप से समृद्ध करने के लिए कार्यशालाएं, बैठक और निरीक्षण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड बैठक में हरिद्वार जिले से कमला जोशी, चंपावत से किरण देवी, नैनीताल से कंचन कश्यप, पिथौरागढ़ से रचना जोशी, चमोली से विजया रावत व वत्सला सती, रुद्रप्रयाग से दर्शनी पंवार, ऊधमसिंह नगर से कंवलजीत कौर औंजला और देहरादून जिले से वैशाली नरूला, एसआई स्वाति चमोली मौजूद रहीं।

## चेन लूटकर फाइनेंस कंपनी से लिया लोन, आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून, एजेंसी।** कर्जा उतारने के लिए महिला की चेन लूटकर फाइनेंस कंपनी में इसे गिरवी रखकर फिर कर्ज ले लिया। आरोपी को पुलिस ने घटना के 12 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चेन भी बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि गत 25 मई को कुसुम लता देवी निवासी सुमन कॉलोनी आनंद नगर बालावाला ने रायपुर थाने में शिकायत की थी। वह शहर से सिटी बस से बालावाला तक आईं थीं। जैसे ही बस से उतरीं तो पीछे से आए एक युवक ने उनके गले की चेन लूट ली। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए तो पता चला कि आरोपी भी इस बस से ही उतरा था। आरोपी का चेहरा भी स्पष्ट हो गया। पता चला कि वह गांधी पार्क तक बिना नंबर के स्कूटर से आया था। पुलिस ने शुक्रवार को उसे गांधी पार्क के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना नाम संजय राय निवासी घमंडपुर, नींबू चौड़, कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल बताया।

वह चंडीगढ़ के एक होटल में काम करता था। शेयर मार्केट में भी निवेश करता था। नुकसान हुआ तो कर्ज ले लिया। तीन लाख रुपये का कर्ज हो गया तो वह दून आ गया और किराये पर रहने लगा। कर्ज वालों के फोन से परेशान होकर उसने लूट की योजना बनाई। कुसुम लता ये लूटी चेन को उसने कोटद्वार जाकर एक फाइनेंस कंपनी में 47 हजार रुपये में गिरवी रखकर लोन ले लिया।

## बैंक कर्मचारी ने दफ्तर के परिसर में खाया जहर, मौत; परिजनों के कहा- मैनेजमेंट के खिलाफ शिकायत कराएंगे

**नैनीताल, एजेंसी।** अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित घघलोडी निवासी अमित कुमार की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। परिजनों का आरोप है कि पांच जून को ड्यूटी के दौरान अमित की अधिकारियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस कारण उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित घघलोडी निवासी अमित कुमार (32) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई है। अमित भारतीय स्टेट बैंक की द्वाराहाट शाखा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। पांच जून को उसने बैंक की शाखा में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे एसटीएच रेफर किया गया था। बृहस्पतिवार शाम इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि पांच जून को ड्यूटी के दौरान अमित की अधिकारियों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस कारण उसने बैंक की शाखा में ही जहरीला पदार्थ खा लिया था। अमित को द्वाराहाट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन उसे इलाज के लिए रानीखेत अस्पताल ले गए।

## नैनीताल में शिक्षकों और बाबुओं को लगाया ट्रैफिक ड्यूटी पर

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल जिले के शिक्षक अब बच्चों को ही नहीं पढ़ाएंगे बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था भी संभालेंगे। डीईओ बेसिक की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक पांच शिक्षकों को नैनीताल जिले में ट्रैफिक जाम के निराकरण के लिए नामित किया है।

नैनीताल जिले के शिक्षक अब बच्चों को ही नहीं पढ़ाएंगे बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था भी संभालेंगे। पर्यटकों के लगातार बढ़ते दबाव और जिले में पुलिसकर्मियों की कमी की वजह से डीएम के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने यह अजीबोगरीब फरमान जारी कर दिया है। हालांकि राजकीय शिक्षक संघ इसके विरोध में उतर आया है।

डीईओ बेसिक की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक पांच शिक्षकों को नैनीताल जिले में ट्रैफिक जाम के निराकरण के लिए नामित किया है। ये शिक्षक सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक ट्रैफिक व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। इनमें सहायक अध्यापक एलटी दान सिंह बिष्ट, आशीष साह, महिपाल चंद्र, वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह नेगी, कनिष्ठ सहायक अंकित चंद्र शामिल हैं। शुक्रवार को एलटी शिक्षकों व वरिष्ठ सहायकों ने यातायात व्यवस्था संभालने में पुलिस की मदद की। एलटी शिक्षक आशीष साह ने बताया कि शुक्रवार को उनकी ड्यूटी रूसी बाइपास में लगी थी।

बता दें कि, पर्यटन सीजन में नैनीताल की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए बीते दिनों डीएम वंदना सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी एंट्री प्वाइंटों पर लगाई थी। डीईओ (माध्यमिक) पुष्कर लाल टम्टा ने रूसी बायपास पर ड्यूटी की। डीईओ माध्यमिक पुष्कर टम्टा ने बताया कि डीएम के निर्देश पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।



# कनाट प्लेस के गेमिंग जोन में लगी आग

- दमकल की सात गाड़ियों ने आग पर काबू पाया
- छह बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



गुजरात के गेमिंग जोन में आग लगने और कई लोगों की मौत की घटना से सीख नहीं ली जा रही है। ताजा मामला राजधानी के कनॉट प्लेस का है। यहां स्थित गेमिंग जोन में रविवार दोपहर को एसी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगते ही गेमिंग जोन में मौजूद छह बच्चों को कर्मचारियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दमकल की सात गाड़ियों ने करीब 15 मिनट में आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार एम ब्लाक स्थित इमारत में पहली मंजिल पर करीब सौ वर्ग गज क्षेत्रफल में गेमिंग जोन संचालित होता है। रविवार को छुट्टी होने की वजह से गेमिंग जोन में छह बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान बाहर की तरफ लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली और आग लग गई। वहां मौजूद कर्मचारियों ने सभी बच्चों को बाहर निकाला। करीब 3.21 बजे घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। स्टेशन आफिसर प्रेमलाल ने बताया कि दमकल केंद्र से घटनास्थल की दूरी चंद मिनटों की होने की वजह से फायदा मिला।

गेमिंग जोन में कार्यरत एक कर्मचारी को छत से निकाला

जब आग लगी तो एक कर्मचारी जान बचाने के लिए छत पर चढ़ गया। उसे सीढ़ी की मदद से दमकल की टीम ने नीचे सुरक्षित उतारा। दो घंटे तक कूलिंग की प्रक्रिया चलाई गई और तलाशी अभियान शुरू किया गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

भीड़ होती तो लाक्षागृह बन जाता गेमिंग जोन

दमकल अधिकारी ने बताया कि पूरा गेमिंग जोन ज्वलनशील पदार्थों लकड़ी, कपड़े और प्लास्टिक से बना हुआ है। इसके अलावा लकड़ी का बेसमेंट बना है। लकड़ी की वजह से आग तेजी से फैली और पूरा धुआं भर गया। दमकल की टीम को धुएं की वजह से अंदर घुसने में दिक्कत हो रही थी। दमकल अधिकारी ने बताया कि अगर दमकल स्टेशन नजदीक नहीं रहता और भीड़ रहती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस गेमिंग जोन में अग्निशामक उपकरण भी मौजूद थे, लेकिन ये कितने उपयोगी हैं, यह जांच का विषय है।

गेमिंग जोन को सील किया गया

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरा गेमिंग जोन सील कर दिया गया है। पूरी तरह से आग बुझने के बाद फोरेंसिक और क्राइम टीम मौके का मुआयना करेगी। इसके अलावा बिजली कंपनी और दिल्ली सरकार के बिजली विभाग के विशेषज्ञों से घटनास्थल का मुआयना कराकर जांच रिपोर्ट मंगाई जाएगी। फिर आगे की जांच में जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्रवाई की जाएगी।

माता पिता को बुलाकर बच्चों को सौंपा पुलिस ने गेमिंग जोन से निकाले गये बच्चों को उनके माता-पिता को बुलाकर सौंप दिया गया। इस पूरी घटना से बच्चों के माता-पिता भी दहशत में आ गये थे। हालांकि, सबकुछ सामान्य देखकर राहत की सांस ली।

# 118 स्कूलों की सीबीएसई मान्यता समाप्त, बढ़ी विस्तार की तिथि

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



राजधानी के 118 सरकारी, सहायता और निजी स्कूलों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की मान्यता के विस्तार के लिए आवेदन नहीं किया है। ऐसे में इन स्कूलों की मान्यता समाप्त हो गई है। सीबीएसई ने इसे लेकर दिल्ली सरकार को पत्र लिखा की इन स्कूलों की मान्यता 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो गई है और मान्यता के विस्तार के लिए इन स्कूलों को 19 सितंबर, 2023 तक आवेदन करना था।

लेकिन वे इस अवसर का लाभ उठाने में विफल रहे। निदेशालय ने कहा कि ये स्कूल के प्रधानाचार्यों और परीक्षा प्रभारी की ओर से घोर लापरवाही को दशार्ता है। निदेशालय ने स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सीबीएसई ने मान्यता के विस्तार को लेकर आवेदन की तिथि बढ़ाई है।

जिन स्कूलों को मान्यता का विस्तार लेना है वो 30 जून 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। अगर स्कूल इस तारीख तक संबद्धता के विस्तार के लिए आवेदन नहीं करते हैं, तो संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य और परीक्षा प्रभारी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इसके अलावा निदेशालय ने सभी प्रधानाचार्यों को सीबीएसई संबद्धता की अवधि की जांच करने का निर्देश दिया है। निदेशालय ने कहा कि अगर स्कूल की संबद्धता अवधि 31 मार्च, 2025 तक है, तो वे भी इसमें आवेदन करेंगे। निदेशालय ने ये भी स्पष्ट किया कि नई संबद्धता, संबद्धता के विस्तार और किसी भी प्रकार के मामले में जुमार्ना माफ करने से संबंधित किसी भी फाइल पर परीक्षा शाखा (मुख्यालय) द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त निदेशालय ने सभी जोन के उपशिक्षा निदेशक से अनुरोध किया कि वे इसका अनुपालन सुनिश्चित करें और 25 जून 2024 तक परीक्षा शाखा का उपशिक्षा निदेशक को अनुपालन रिपोर्ट जमा करें। रिपोर्ट में स्पष्ट हो कि नई संबद्धता, संबद्धता के विस्तार आदि का कोई मामला लंबित नहीं है।

## उधार सामान के पैसे मांगने पर दुकानदार को पीटा

नई दिल्ली। किशनगढ़ इलाके में छह जून को उधार के पैसे मांगने पर आरोपियों ने एक दुकानदार को जमकर पीटा। आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची किशनगढ़ थाना पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 34 वर्षीय नवीन कुमार अपने परिवार के साथ किशनगढ़ में रहते हैं। नवीन का घर के पास ही जनरल स्टोर है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनकी दुकान से सुमित व मोहित उधार राशन लेते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने दोनों से पैसे मांगे, लेकिन दोनों ने कोई जवाब नहीं दिया। पीड़ित का आरोप है कि छह जून की सुबह करीब चार बजे वह टहल रहे थे, तभी दोनों आरोपियों ने उन्हें अपने पास बुलाया और कहा कि तुझे ज्यादा पैसे चाहिए। यह कहते हुए दोनों आरोपियों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर पीड़ित की पत्नी बाहर आईं। इस बीच दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

# मजदूरी की परिभाषा का उपयोग बोनस की गणना करने के लिए नहीं किया जा सकता: दिल्ली हाईकोर्ट

- इस प्रकार दोनों शब्दों के स्वतंत्र अर्थ हैं और इन्हें एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली हाईकोर्ट ने औद्योगिक न्यायाधिकरण के वर्ष 2003 में दिए गए निर्णय (कि बोनस की गणना के लिए न्यूनतम मजदूरी को ध्यान में रखा जाए) के खिलाफ दायर रिट याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत मजदूरी की परिभाषा का उपयोग बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत बोनस की गणना करने के लिए नहीं किया जा सकता है। इससे उक्त कानून का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की एकल पीठ ने कहा कि बोनस अधिनियम के तहत मजदूरी में एचआरए, परिवहन, बोनस और अन्य भत्ते शामिल नहीं हैं। लेकिन एमडब्ल्यू अधिनियम के तहत इस शब्द की परिभाषा में ये भत्ते शामिल हैं। इस प्रकार दोनों शब्दों के स्वतंत्र अर्थ हैं और इन्हें एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

न्यायालय ने पाया कि औद्योगिक न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में यह उल्लेख किया है कि याचिकाकर्ता को बोनस की गणना के लिए केवल मूल वेतन के बजाय दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी पर विचार करना चाहिए। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि बोनस भुगतान अधिनियम 1965 में वेतन या मजदूरी की परिभाषा व्यापक है और यह प्रविधान करती है कि वेतन या मजदूरी का अर्थ मूल वेतन और महंगाई भत्ता है और अन्य सभी भत्ते इसमें शामिल नहीं हैं। बोनस की गणना के लिए केवल वेतन या मजदूरी की इस परिभाषा को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

# नैतिक शिक्षण शिविरों का आयोजन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



वर्तमान युग मे बच्चों को सुसंस्कार देना अति आवश्यक है। आज बच्चों को लौकिक शिक्षा तो दी जा रही है परन्तु उनको नैतिक मूल्यों का ज्ञान नही दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से दिगम्बर जैन नैतिक शिक्षा समिति द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन नैतिक शिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समिति के पाठशाला मंत्री अशोक जैन (तरुण मित्र परिषद) ने बताया कि आज श्री दिगम्बर जैन मंदिर सुभाष चौक, लक्ष्मी नगर मे आयोजित 31वें नैतिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष धनपाल सिंह जैन ने बताया कि इन शिविरों मे बच्चों को सुबह उठते ही णमोकार मंत्र का जाप, माता पिता के चरण स्पर्श, देव दर्शन का महत्व, शाकाहारी शुद्ध भोजन, पर्यावरण संरक्षण, जल व बिजली संचयन, राष्ट्र समाज व परिवार के प्रति समर्पण आदि विषयों का ज्ञान कराया जाता है। समारोह मे बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। सभी सहभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को विशेष उपहार व अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष अनिल जैन, उपाध्यक्ष सचिन जैन संयोजक अमित जैन, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार जैन, तरुण मित्र परिषद के सहसचिव आलोक जैन, रविन्द्र कुमार जैन, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## लैंड फॉर जॉब स्कैमः मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में अमित कात्याल की चिकित्सा स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए एक मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया है। कात्याल ने सेहत के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। अदालत ने एम्स निदेशक से तुरंत न्यूनतम तीन अलग-अलग विशेषज्ञता वाले डॉक्टरों की एक टीम गठित करने को कहा। उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का अधिकार, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का एक पहलू होने के नाते, यांत्रिक तरीके से कानून की उचित प्रक्रिया के बिना कम नहीं किया जा सकता। यदि जेल में उपचार प्रदान नहीं किया जा सकता तो उसे अंतरिम जमानत पर रिहा किया जा सकता है। न्यायालय एक विशेषज्ञ की भूमिका नहीं निभा सकता।

# चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




दिल्ली हवाई अड्डा पर सीआईएसएफ के जवानों ने चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाले एक वियतनाम के नागरिक को पकड़ा है। यात्री के कब्जे से 11.970 किलोग्राम वजनी प्रतिबंधित लाल चंदन की लकड़ी बरामद हुई है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपये आंकी गई है। यात्री को वन अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी यात्री से पूछताछ करने के साथ साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया कर रही है।

सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि 8 जून की रात 9 बजे दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर सुरक्षा में तैनात निगरानी और खुफिया कर्मियों ने चेक इन क्षेत्र में एक विदेशी यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा। शक होने पर जवानों ने यात्री को हिरासत में ले लिया। यात्री की पहचान वियतनाम निवासी गुयेन थान तुंग के रूप में हुई।

पूछताछ में पता चला कि यात्री को वियत जेट फ्लाइट से दिल्ली से हनोई जाना था। सीआईएसएफ जवानों ने यात्री के बैग की एक्सरे मशीन पर जांच की। बैग में कुछ संदिग्ध वस्तु देखी गई। इसके बाद जवान उसे कस्टम विभाग के कार्यालय लेकर गए। जहां कस्टम अधिकारियों के सामने यात्री के बैग की तलाशी ली गई।

बैग के अंदर छुपाए गए लट्ठों के दो टुकड़े मिले। जिसकी पहचान के लिए वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें हवाई अड्डा पर बुलाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने लट्ठों के लाल चंदन होने की पुष्टि की। यात्री के बैग से 11.970 किलोग्राम वजनी लाल चंदन की लकड़ी मिली, जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है। आगे की कार्रवाई के लिए यात्री उससे बरामद चंदन की लकड़ी को वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# जल संकट पर एलजी ने आतिशी को मुलाकात के लिए दिया समय

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी मौजूदा जल संकट को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना से सोमवार सुबह 11 बजे मुलाकात करेंगी। राज्य ने इस बारे में जानकारी दी है। आतिशी ने रविवार को एलजी से आपात बैठक करने के लिए समय मांगा था। दिल्ली राजनिवास ने एक्स पोस्ट कर कहा कि उपराज्यपाल कल सुबह 11 बजे आतिशी से मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से हिमाचल और हरियाणा द्वारा छोड़े जा रहे पानी की वास्तविक स्थिति, दिल्ली में पानी की बबार्दी और रिसाव को रोकने के उपाय और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार वजीराबाद जलाशय की सफाई की स्थिति का पता लगाने को कहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली को सीएलसी और डीएसबी उप-नहरों के जरिये मुनक नहर से 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। लेकिन वर्तमान में यह घटकर 840 क्यूसेक रह गया है। इतनी गिरावट दिल्ली की जलापूर्ति को पूरा करने में सक्षम नहीं है। आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट डालकर कहा है कि दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र इसी पानी पर निर्भर हैं। अगर आज कल में पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो एक दो दिन में पूरी दिल्ली में जलापूर्ति को लेकर स्थिति बिगड़ जाएगी। उनका कहना है कि एलजी केंद्र सरकार के प्रतिनिधि है, इसलिए उनसे इस स्थिति को बिगड़ने से रोकने व इसमें सुधार के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जाएगा।

# मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार एक साल भी नहीं चलेगी : आप नेता संजय सिंह

- राजग की एक सरकार 13 दिन चली, एक 13 महीने चली और मौजूदा सरकार छह महीने से लेकर एक साल के अंदर गिर जाएगी।

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी। यहां सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने कहा, यह जो सरकार (मोदी सरकार) बनने जा रही है, इसकी आयु छह महीने से लेकर एक साल की है। इससे ज्यादा यह सरकार नहीं चलेगी। राजग की एक सरकार 13 दिन चली, एक 13 महीने चली और मौजूदा सरकार छह महीने से लेकर एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने दावा किया, इनके घटक दलों की जो अपेक्षाएं इनसे हैं, ये वैसा कुछ करने वाले नहीं हैं। पार्टियों को तोड़ने का इनका रवैया है और उससे ये बाज नहीं आएंगे। ये राजनीतिक दलों को तोड़ेंगे। सिंह ने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जनता दल (यू) को अपना लोकसभा अध्यक्ष बनवाना चाहिए और अगर ऐसा न हुआ तो आपकी पार्टी के कितने सांसद टूटकर इनसे (भाजपा) मिलेंगे, इसका कोई भरोसा नहीं है। नीट की परीक्षा को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए आप नेता ने कहा, नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है, उसकी जांच होनी चाहिए और जो लोग भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा, इस धांधली से 24 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ है। कोटा में एक छात्रा ने और पटना में एक नौजवान ने आत्महत्या कर ली। दिलचस्प है कि 67 बच्चे 720 अंक प्राप्त कर एक साथ टॉप कर रहे हैं। सिंह ने कहा, आम आदमी पार्टी 11 जून को पूरे उत्तर प्रदेश में इसके खिलाफ आंदोलन और प्रदर्शन करेगी।

# जल संकट पर एलजी ने आतिशी को मुलाकात के लिए दिया समय

नई दिल्ली। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी मौजूदा जल संकट को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना से सोमवार सुबह 11 बजे मुलाकात करेंगी। राज्य ने इस बारे में जानकारी दी है। आतिशी ने रविवार को एलजी से आपात बैठक करने के लिए समय मांगा था। दिल्ली राजनिवास ने एक्स पोस्ट कर कहा कि उपराज्यपाल कल सुबह 11 बजे आतिशी से मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से हिमाचल और हरियाणा द्वारा छोड़े जा रहे पानी की वास्तविक स्थिति, दिल्ली में पानी की बबार्दी और रिसाव को रोकने के उपाय और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार वजीराबाद जलाशय की सफाई की स्थिति का पता लगाने को कहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली को सीएलसी और डीएसबी उप-नहरों के जरिये मुनक नहर से 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। लेकिन वर्तमान में यह घटकर 840 क्यूसेक रह गया है। इतनी गिरावट दिल्ली की जलापूर्ति को पूरा करने में सक्षम नहीं है। आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट डालकर कहा है कि दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र इसी पानी पर निर्भर हैं। अगर आज कल में पानी की मात्रा नहीं बढ़ी तो एक दो दिन में पूरी दिल्ली में जलापूर्ति को लेकर स्थिति बिगड़ जाएगी। उनका कहना है कि एलजी केंद्र सरकार के प्रतिनिधि है, इसलिए उनसे इस स्थिति को बिगड़ने से रोकने व इसमें सुधार के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जाएगा।

# ऑनलाइन लाखों कमाने के नाम पर 14 लाख ठगे

नोएडा । साइबर अपराधियों ने घर बैठे ऑनलाइन नौकरी कर लाखों कमाने का झांसा देकर सेक्टर 79 के रहने वाले युवक से 14 लाख 37 हजार रुपये की ठग लिए। जालसाजों ने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को शिकायत में सुमित कुमार सिंह ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर मैसेज आया। इसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग कर लाखों कमाने की बात कही गई थी। व्हाट्सऐप नंबर पर बात करने पर उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद कुछ टास्क दिए गए, जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। इससे उनको कुछ फायदा हुआ। अगले टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा गया। सुमित ने झांसे में आकर कई नामी कंपनियों के शेयर में निवेश किया। शेयर बाजार को लेकर जालसाज ऑनलाइन लेक्चर भी देते थे। वे कंपनी के बारे में और शेयर बाजार से जुड़ी सारी जानकारी देते थे। उन्होंने जिन कंपनियों में निवेश किया था, जालसाजों ने उनके दस्तावेज भी उपलब्ध कराए। संबंधित कंपनियों को लेकर मीडिया में भी काफी अच्छी रिपोर्ट थी। इसकी वजह से वह जालसाजों के बताए अनुसार कुल 14 लाख 37 हजार रुपये का निवेश कर दिया। ऐप में लगातार उनके निवेश की रकम बढ़ते दिख रही थी। वे जब मुनाफे की रकम वापस लेने लगे तो जालसाजों ने ट्रेडिंग अकाउंट को ही बंद कर दिया। वापस से अकाउंट को खोलने के लिए जालसाजों ने उनसे और रुपये निवेश करने के लिए कहा। पीड़ित ने निवेश किए रुपये वापस मांगे तो उनको टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

# पेंटर से मारपीट कर 32 हजार रुपये लूटे

ग्रेटर नोएडा। ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कुलेसरा गांव के पुस्ता पर एक युवक के साथ मारपीट कर 32 हजार रुपये छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरापियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दनकौर के बिलासपुर गांव निवासी खालिद घरों में रंगाई पुताई का काम करता है। वह कुलेसरा गांव में अपने जीजा समसुद्दीन के साथ मिलकर पुताई का काम कर रहा है। पीड़ित का आरोप है कि वह पैसे लेकर कुलेसरा से अपने घर बिलासपुर जा रहा था। जब वह कुलेसरा गांव के पुस्ते पर पहुंचा तो किसी बात को लेकर उसकी तीन युवकों से कहासुनी हो गई। युवकों ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि जेब में रखे 32 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अजय, अनुज और उसके भांजे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने मामला मारपीट से जुड़ा बताया है। एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की बात कही है।

# आदित्य बंसल ने देश में पाई दूसरी रैंक, माता-पिता को दिया सफलता का श्रेय

- मां की इच्छा थी डॉक्टर बनाने की मगर आदित्य बने आईआईटीयन
- घंटों के हिसाब से नहीं, जब मन हो तब करें पढ़ाईः आदित्य

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



कहते हैं कि जीवन में व्यक्ति को वही करना चाहिए जिसमें उसकी रुचि हो। ऐसा ही कुछ जेईई एडवांस्ड 2024 के परिणाम में देश में दूसरी रैंक लाने वाले 17 वर्षीय आदित्य ने किया है। आदित्य की मां ममता की इच्छा थी कि उनका बेटा बड़ा होकर डॉक्टर बने लेकिन आदित्य ने अपने करियर का चयन पहले ही कर लिया था कि उन्हें बड़े होकर आईआईटीयन बनाना है। साथ ही देश का नाम विदेशों में ऊंचा करना है। पीतमपुरा के जेपी ब्लाक में आदित्य अपने माता-पिता और बड़ी बहन के साथ रहते हैं।

पिता पवन कुमार बंसल पेशे से वकील हैं जबकि मां ममता गृहणी हैं। बहन लावण्या आईआईटी दिल्ली में तीसरे वर्ष की छात्रा हैं। आदित्य की पढ़ाई शुरू से ही पीतमपुरा के डीएल डीएवी स्कूल से हुई है, जबकि पंजाबी बाग स्थित फिटजी से उन्होंने कोचिंग ली है।

जेईई मेन 2024 में 185 आई थी आदित्य की ऑल इंडिया रैंक

जेईई मेन 2024 में आदित्य की ऑल इंडिया रैंक 185 आई थी। आदित्य ओलंपियाड परीक्षा देने के लिए फिलहाल मलेशिया गए हैं। उनका कहना है कि जो मैंने मेहनत की है उसका मुझे फल मिला है, आज बहुत अच्छा लग रहा है।

दिन में आठ से दस घंटे पढ़ाई करते थे आदित्य

पढ़ाई में सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों के साथ बड़ी बहन को दूंगा। शिक्षा का मूलमंत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि मैंने पढ़ाई कभी घंटों के हिसाब से नहीं की है जब मन हुआ तभी पढ़ने के लिए बैठ जाता था। हालांकि मैं दिन में आठ से दस घंटे तक पढ़ाई कर लेता था। पंजाबी बाग फिटजी के हेड पार्था हलदर का कहना है कि फिजी के शिक्षकों ने मेहनत से पढ़ाया है जिसका परिणाम है आज आदित्य ने देशभर में दूसरी रैंक हासिल की है।

विज्ञान और गणित में है रुचि

आदित्य ने ऐसे चुना अपना करियर आदित्य बताते हैं कि बचपन से ही मुझे विज्ञान और गणित में काफी रुचि रही है। फिर जब मैं बड़ा हुआ तो कंप्यूटर और विज्ञान पढ़ना अधिक पसंद आता गया। तभी से मैंने सोच लिया था कि फिटजी से कोचिंग लेकर आईआईटीयन ही बनना है। उनका कहना है कि मैं अपने माता-पिता का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझसे कभी यह नहीं कहा कि यह मत पढ़ो या वो मत पढ़ो। मेरा जो मन हुआ करियर में करने के लिए उन्होंने मुझे उसमें ही काफी प्रोत्साहित किया। बेडमिंटन खेलना है पसंद आदित्य का कहना है कि पढ़ाई के अलावा मैं टहलना और व्यायाम जरूर करता हूं। मैं शाम को अपनी मां के साथ पार्क में अक्सर बेडमिंटन खेलने के लिए गया हूं, खेल में मुझे सिर्फ यही पसंद है। खेल की वजह से ही मैं पढ़ाई के तनाव से दूर रहता हूं।

काम को कल पर नहीं टालते हैं आदित्य

बेटे के स्वभाव को लेकर ममता बताती हैं कि आदित्य को जो करना होता है वो कभी वह कल पर नहीं टालता है चाहे उस काम के लिए कितना भी समय लगे। दूसरा आदित्य मोबाइल का इस्तेमाल बहुत कम करता है, वह केवल यूट्यूब पर पढ़ाई से जुड़े वीडियो देखने या कुछ सीखने के लिए ही करता है। बाहर का खाना आदित्य को नहीं पसंद है वह केवल घर का खाना ही पसंद करता है। विदेशों में झंडा लहरा चुके हैं आदित्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ओलंपियाड परीक्षा में भी आदित्य अपनी पहचान बना चुके हैं। मार्च 2023 में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय फिजिक्स ओलंपियाड में आदित्य को गोल्ड मेडल मिला था, जबकि मई 2023 के महीने में हुई एशियाई फिजिक्स ओलंपियाड में सिल्वर मेडल मिला है। मां का कहना है कि वह शुरू से ही पढ़ाई में तेज रहा है। नर्सरी में जब वह था जब से लगातार मेडल लेकर आता रहा है।

# इंजीनियर को तीन घंटे डिजीटल अरेस्ट कर साढ़े नौ लाख ऐंठे

नोएडा। जालसाजों ने एक इंजीनियर को तीन घंटे तक डिजीटल अरेस्ट कर नौ लाख 95 हजार रुपये की ठगी की। आरोपियों ने ईरान भेजे जा रहे पार्सल में ड्रग्स समेत अन्य प्रतिबंधित सामान होने डर दिखाकर वारदात को अंजाम दिया। कुल दस बार में खाते से रकम ट्रांसफर की गई। पीड़ित साइबर क्राइम थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा के बीटा टू में रहने वाले सोम्यकांत एक नामी कंपनी में इंजीनियर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीते शुक्रवार को सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल ईरान भेजे जाने वाले एक पार्सल में हुआ है। पार्सल में ड्रग्स समेत अन्य प्रकार का प्रतिबंधित सामान है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की शिकायत पर उसके शिपमेंट को रोक दिया गया है। इसके बाद कॉल को एनसीबी और मुंबई साइबर सेल के कथित अधिकारियों के पास ट्रांसफर कर दिया गया। जालसाजों ने पुलिसकर्मी बनकर पीड़ित को करीब तीन घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इस दौरान किसी से बात नहीं करने दी। पीड़ित से ठगों ने बैंक और क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी हासिल कर एक निजी बैंक से दस लाख रुपये का इंस्टेंट लोन करा लिया। लोन की रकम से ही पैसे ट्रांसफर किए गए। नौ बार में एक-एक लाख रुपये, जबकि एक बार में 95 हजार रुपये ट्रांसफर हुए। इस दौरान ठगों ने अपनी आइडी भी भेजी, ताकि शिकायतकर्ता का विश्वास हो जाए कि वह एनसीबी और मुंबई साइबर सेल के अधिकारी हैं। जब शिकायतकर्ता ने अपनी ईमेल आइडी चेक की तो उसे पता चला कि उसके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर दस लाख रुपये का लोन कराया गया है। पैसे वापस मांगने पर ठगों ने पीड़ित से संपर्क तोड़ दिया। बाद में जानकारी हुई कि ठगों ने जो आईडी भेजी थी, वह फर्जी थी। फिर मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की गई। नाइजीरियन गिरोह द्वारा ठगी की वारदात करने की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस ने उन खातों की जांच करनी शुरू कर दी है जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर स्कूटी चलाते युवक को पकड़ा

नोएडा। सेक्टर 24 थाना पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इलेक्ट्रिक स्कूटी चला रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में ले लिया और आरोपी के खिलाफ धारा 482 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीमें गिझोड़ रेड लाइट के पास चेकिंग कर रही थीं। इस दौरान एक स्कूटी पर सवार होकर संदिग्ध युवक आता दिखा। रोककर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम रितेश निवासी रायबरेली बताया। स्कूटी की जांच करने पर नंबर फर्जी पाया गया। पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि वह ई - कॉमर्स कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। इसकी वजह से कई बार जल्दी में होने के कारण स्कूटी का चालान हो जाता है। इससे बचने के लिए उन्होंने स्कूटी में फर्जी नंबर प्लेट लगाया हुआ था।

# आतिशी ने हरियाणा के सीएम नायब सैनी को लिखी चिट्ठी

## जलमंत्री आतिशी ने हरियाणा सीएम से मुनक नहर के जरिए दिल्ली को उसके हिस्से का पर्याप्त पानी देने की माँग की

- गर्मियों के समय बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर मुनक नहर से 980 से 1030 क्यूसेक पानी पहुँचता है लेकिन पिछले एक सप्ताह में इसमें भारी कमी आई-जलमंत्री आतिशी
- मुनक नहर से दिल्ली को मिलने वाले पानी की मात्रा 840 क्यूसेक पहुँची, इससे दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बुरी तरह प्रभावित होंगे-जलमंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




हरियाणा द्वारा दिल्ली को मुनक नहर के जरिए लगातार कम मिलते पानी के मुद्दे पर जलमंत्री आतिशी ने रविवार को हरियाणा के सीएम नायब सैनी को पत्र लिखा। उन्होंने हरियाणा सीएम से मुनक नहर के जरिए दिल्ली को उसके हिस्से का पर्याप्त पानी देने की माँग की। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, अगर हरियाणा ने आज दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दिया तो अगले 1-2 दिनों में दिल्ली के हर इलाके में पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

उन्होंने कहकर कि, अपर यमुना रिवर बोर्ड में 2018 के दिल्ली-हरियाणा के बीच हुए समझौते के अनुसार दिल्ली को मुनक नहर से प्रतिदिन 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। गर्मियों के समय बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर मुनक नहर से 980 से 1030 क्यूसेक पानी पहुँचता है लेकिन पिछले एक सप्ताह में इसमें भारी कमी आई है।

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुनक नहर से दिल्ली को मिलने वाले पानी की मात्रा 840 क्यूसेक पहुँची, इससे दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बुरी तरह प्रभावित होंगे ऐसे में दिल्ली के लोगों को जलसंकट का सामना न करना पड़े इसलिए हरियाणा के सीएम मुनक नहर से दिल्ली को उसके हिस्से का 1050 क्यूसेक पानी छोड़ा जाना सुनिश्चित करें।

जलमंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखी चिट्ठी में, हरियाणा द्वारा यमुना नदी में पानी न छोड़े जाने के मुद्दे पर उन्हें बतौर मुख्यमंत्री तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि, इस मुद्दे पर पिछले कई दिनों में लगातार पत्र लिखने के बावजूद न तो कोई उचित कदम उठाया गया और न ही जबाव मिला।

जलमंत्री आतिशी ने चिट्ठी में आगे लिखा कि, दिल्ली अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए यमुना के पानी पर निर्भर है। और पिछले कुछ दिनों से हरियाणा मुनक नहर से दिल्ली को उसके हिस्से का पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं छोड़ रहा है। इस कारण दिल्ली के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि, अपर यमुना रिवर बोर्ड द्वारा मई 2018 को बुलाई गई 53वीं बैठक में समझौते के अनुसार, मुनक नहर के जरिए सीएलसी और डीएसबी नहरों के माध्यम से दिल्ली को लगभग 1050 क्यूसेक आवंटित किया गया था। लेकिन ट्रांसमिशन लॉस के कारण ये दिल्ली पहुँचते-पहुँचते लगभग 1013 क्यूसेक रह जाता है। इसे फ्लो मीटर के जरिए दिल्ली में बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर मापा जाता है। और पिछले सप्ताह ही इन फ्लो मीटरों की जांच अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने की थी।

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, गर्मियों के समय बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर पानी 980 से 1030 क्यूसेक के बीच मिलता है। लेकिन पिछले एक सप्ताह में इसमें भारी कमी आई है और ये 840 क्यूसेक पर आ गया है।

उन्होंने कहा कि, दिल्ली में सात वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जो उत्पादन के लिए यमुना के पानी पर निर्भर हैं। ऐसे में लगातार कम मिलते कच्चे पानी की कमी के कारण ये सातों प्लांट अपनी पूरी क्षमता पर नहीं चल पा रहे है। और जिस प्रकार दिल्ली को मुनक नहर से मिलने वाले पानी की मात्रा 1050 क्यूसेक से घटकर 840 क्यूसेक पर पहुँच गई है, इससे दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर्याप्त पानी का उत्पादन करने में असमर्थ हो जाएँगे।

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि, ह्लअगर आज हरियाणा ने पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ा तो अगले 1-2 दिनों में दिल्ली में बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए मेरा अनुरोध है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मुनक नहर से दिल्ली के लिए 1050 क्यूसेक पानी छोड़ा जाना सुनिश्चित करें।

# शहला राशिद को भी मिला पीएम मोदी के शपथ ग्रहण का न्योता, इस तरह जताई खुशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज तीसरी बार शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जेएनयू छात्र संघ की पूर्व उपाध्यक्ष शहला राशिद को भी आमंत्रित किया गया है. इसको लेकर शहला राशिद ने अपने एक्स हैंडल पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने लिखा है कि आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार देश की सेवा करने की शपथ लेने के अवसर पर इतिहास बनते देखने के लिए आमंत्रित किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात है. यह जीवन में एक बार होने वाली घटना है, जब इतने बड़े लोकतंत्र के नेता को तीसरी बार सेवा करने का जनादेश मिलता है. इस्लाम में अंक ह्व3ह्ल को भी शुभ अंक माना जाता है, इसलिए यह एक अच्छा शगुन है. एक सफल कार्यकाल के लिए दुआ जो भारत को विकसित भारत बनने के और करीब ले जाएगा.

बता दें कि शहला राशिद वर्ष 2015 में जेएनयू छात्र संघ की उपाध्यक्ष चुनी गई थी, तब वह वामपंथी छात्र संगठन आइसा की कार्यकर्ता थीं. शहला राशिद जब जेएनयू छात्रसंघ की उपाध्यक्ष चुनी गई थी उस समय कन्हैया कुमार जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष चुने गए थे. कन्हैया कुमार ने हाल ही में दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ा है, जबकि उस समय के जनरल सेक्रेटरी रहे रामा नागा भी राजनीति में नहीं हैं. साथ ही संयुक्त सचिव रईस सौरव शर्मा और जेएनयू में ही असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं.

वहीं, शहला भी राजनीति से दूर हैं. हालांकि, उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद और केंद्र में दोबारा से मोदी सरकार बनने के बाद वामपंथी विचारधारा को छोड़कर दक्षिणपंथी विचारधारा को अपना लिया है. अब वह जम्मू कश्मीर में शिक्षा के क्षेत्र में एक ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य कर रही हैं. पहले उनकी पहचान मोदी विरोधी के रूप में थी. लेकिन, आज शहला की पहचान मोदी समर्थकों में है और इसी के चलते उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रण मिलने पर एक्स हैंडल पर अपनी खुशी को जाहिर किया है.

# बीआरटी रोड पर पाइपलाइन लीकेज से लाखों लीटर पानी कई दिनों से हो रहा बर्बाद, बांसुरी स्वराज ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





जहां दिल्ली वासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं वही दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही के चलते बीआरटी रोड पर पाइपलाइन लीकेज होने से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है. हर दिन लाखों लीटर पानी इस पाइपलाइन से बर्बाद होकर नाले में जा रहा है. जो पानी दिल्ली वालों को मिलना चाहिए वह लगातार दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही के चलते बर्बाद हो रहा है. जल बोर्ड का ऑफिस यहां से कुछ ही मीटर की दूरी पर है, लेकिन अभी तक दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली है.

दिल्ली में जल संकट को लेकर कई राज्यों से तू-तू मैं-मैं हो रही है जिसके बाद जल संकट के मामले में सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा. ये बेहद अफसोस की बात है कि जिस डिपार्टमेंट को दिल्ली सरकार प्यास बुझाने के जिम्मेदारी दी गई है उस डिपार्टमेंट की लापरवाही के कारण लाखों लीटर पानी जो लोगों के घरों में जाना चाहिए वह गंदे नाले में जा रहा है. वहीं इस पानी की बबार्दी पर नवनिर्वाचित बीजेपी की नई दिल्ली से सांसद ने पर पोस्टर जारी करते हुए कहा कि आज मुझे सूचना मिली कि बीआरटी कॉरिडोर चिराग दिल्ली पंचशील एनक्लेव ग्रेटर कैलाश के पास पानी की पाइपलाइन पिछले 10 दिनों से लीक हो रही है. जिससे लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है. यह जानकर निराशा होती है कि दिल्ली सरकार द्वारा पानी की इस बेतहाशा बबार्दी को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया. मामले का संज्ञान लेते हुए मेरे कार्यालय ने दिल्ली जल बोर्ड अधिकारियों से बात की और पानी की पाइपलाइन के तत्काल समाधान एवं मरम्मत के लिए निर्देश दिए हैं. मेरा कार्यालय डीजेबी के साथ संपर्क में है और यह सुनिश्चित करेगा कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो.

इस पूरे मामले पर बीजेपी की निगम पार्षद शिखा राय ने कहा कि ये कितना दुखद है कि एक तरफ लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं. कई इलाकों में पानी नहीं आ रहा है और दूसरी तरफ यहां पिछले 10 दिनों से पानी लगातार बर्बाद हो रहा है. यह दिल्ली जल बोर्ड की नाकामी है. जो इस तरह के लीकेज को कंट्रोल नहीं किया जा रहा. 10 दिन से यहां पानी बर्बाद हो रहा है जिसकी चिंता ना तो दिल्ली जल बोर्ड को है और ना ही दिल्ली सरकार को .

# बाल विवाह के दोषी को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई

- आरोपी ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ वर्ष 2017 में किया था विवाह

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



तीस हजारी स्थित विशेष पॉक्सो कोर्ट ने बीते शुक्रवार को 49 वर्षीय व्यक्ति विपिन चौधरी को 10 साल की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी को बाल विवाह और बाल यौन उत्पीड़न का दोषी पाया। साथ ही पीड़िता को 10.5 लाख रुपये का मुआवजा देने व 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। अदालत ने इस वर्ष 30 अप्रैल को आरोपी को दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष ने स्थापित किया था कि बच्ची परिस्थितियों का शिकार थी, जिसे उसके नाना ने शादी के लिए मजबूर किया था। क्योंकि पीड़िता के परिवार में नाना के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति नहीं था। पीड़िता के बयान के अनुसार, वह परिवार में एकमात्र बच्ची थी, जिसके माता-पिता नहीं थे और जब वह अपने नाना के घर पर रह रही थी तो उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। उसके पिता ने परिवार छोड़ दिया था, जबकि उसकी माँ मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और उसके साथ नहीं रहती थी। पीड़िता ने बताया कि उसकी दादी की मृत्यु के बाद, उसकी इच्छा के विरुद्ध ग्रामीणों ने उसे आरोपी से शादी करने के लिए मजबूर किया। आरोपी ने 23 फरवरी, 2017 को बिहार में उससे शादी की, जब उसकी उम्र 13 वर्ष से अधिक थी, जो कि अस्थि आयु परीक्षण के कारण स्थापित हुई थी। पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि आरोपी के गांव में उसे उसकी पिछली दो शादियों के बारे में पता चला। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे अपने गांव ले जाने के बाद पहले दो महीनों के दौरान बेरहमी से पीटता था और जबरदस्ती करता था, जिससे उसे गुस्सा आता था। गांव में परेशानी को भांपते हुए आरोपी उसे दिल्ली ले आया, जहां उसने फिर से यौन संबंध बनाने के लिए पीड़िता को प्रताड़ित किया। इसके बाद आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक को चाकू से गोदा

नई दिल्ली । डाबड़ी इलाके में 8 जून को दो नाबालिगों ने थप्पड़ का बदला लेने के लिए एक युवक को चाकू से गोद दिया। वारदात के बाद दोनों नाबालिग मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल के बयान पर हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर दोनों नाबालिगों को महावीर एन्क्लेव से पकड़ लिया। दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल मंगरु अपने परिवार के साथ महावीर एन्क्लेव इलाके में रहता है। पुलिस को दिए बयान में मंगरु ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसके चचेरे भाई का झगड़ा दोनों नाबालिगों के साथ हुआ था। इसके बाद मंगरु ने दोनों नाबालिगों को डांट लगाई और थप्पड़ मारे। इसका बदला लेने के लिए दोनों ने हत्या की साजिश रची। नाबालिगों ने चाकू का इंतजाम किया और फिर 8 जून को महावीर एन्क्लेव में मंगरु को रोक कर हमला कर दिया। दोनों आरोपियों ने पीड़ित पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद फरार हो गए।

# हरियाणा से पानी नहीं छोड़ा गया तो एक-दो दिन में दिल्ली में होगा बड़ा जल संकट : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक बार फिर पत्र लिखकर कहा है कि यदि पड़ोसी राज्य दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ता है तो राष्ट्रीय राजधानी को अगले एक-दो दिन में बड़े जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

आतिशी ने पत्र में लिखा, पिछले कुछ दिनों से हरियाणा मुनक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय राजधाना के लोगों को अनुचित कष्ट उठाना पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि मई 2018 में अपर यमुना रिवर बोर्ड की 53वीं बैठक में हुए समझौते के अनुसार, मुंडक नहर के जरिये दिल्ली को 1,050 क्यूसेक (56.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिया जाना था। रास्ते में पानी के नुकसान को देखते हुए 1,013 क्यूसेक (54.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिल्ली पहुंचना चाहिये।

मंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली के बवाना में, जहां मुंडक नहर का पानी केंद्रशासित प्रदेश में प्रवेश करता है, इसकी मात्रा मापी गई थी। अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह इन फ्लो मीटरों की जांच की थी। गर्मी के समय में भी बवाना में दिल्ली को मिलने वाले पानी की औसत मात्रा 980 से 1,030 क्यूसेक के बीच होती है। लेकिन इस बार इसकी मात्रा 840 क्यूसेक तक घट गई है।

उन्होंने बताया कि इतनी कम मात्रा में पानी मिलने से दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र यहां के लोगों के लिए प्रयाप्त मात्रा में जल शोधन करने में समर्थ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा आज ही पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ता है तो अगले एक-दो दिन में दिल्ली में बड़ा जल संकट होगा। आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से दिल्ली के लिए मुंडक नहर में कम से 1050 क्यूसेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया।

# नीट यूजी रिजल्ट को लेकर नहीं थम रहा विरोध, यूथ कांग्रेस के बाद एबीवीपी और आइसा का प्रदर्शन का ऐलान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नीट यूजी परीक्षा 2024 के चार जून को घोषित किए गए परिणामों को लेकर छात्रों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है. विभिन्न छात्र संगठनों दवारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा है. इसके साथ राजनीतिक दलों के यूथ विंग भी अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं. इसी क्रम में आज इंडियन यूथ कांग्रेस के बैनर तले दोपहर 12:30 बजे से रायसीना रोड पर प्रदर्शन कर परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ियों की जांच की मांग की गई. जबकि सोमवार को वामपंथी छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा ने भी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया हुआ है. इसके अलावा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी आज विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था. लेकिन, अब उसने अपने आज के विरोध प्रदर्शन को स्थगित करते हुए सोमवार को ही विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है. बता दें, नीट यूजी परीक्षा में 6 सेंटरों पर परीक्षा देने वाले 1563 छात्र-छात्राओं को ग्रेस मार्क्स दिए जाने को लेकर के बवाल मचा हुआ है. इसको लेकर के शनिवार दोपहर को केंद्रीय उच्च शिक्षा सचिव के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करके छात्रों के कई सवालों के जवाब देने की कोशिश की गई. लेकिन, इसके बावजूद छात्र संतुष्ट नहीं हुए और वह लगातार इसकी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं.

अन्य विपक्षी पार्टियां भी सरकार पर इस परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की सीबीआई से जांच कराने की मांग कर रही है. शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दिल्ली सरकार की मंत्री ने भी पूछे गए नीट यूजी रिजल्ट पर उतरे सवालों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा था कि अगर सरकार यह कह रही है कि इसमें कोई गड़बड़ी नहीं हुई है तो छात्रों की मांग पर सीबीआई जांच कराने में क्या हर्ज है. इसके अलावा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जूनियर डॉक्टर नेटवर्क ने भी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की थी. साथ ही सात बिंदुओं से संबंधित अपनी आपत्तियां भी जोशी को भेजी थी.

# हरियाणा से पानी नहीं छोड़ा गया तो एक-दो दिन में दिल्ली में होगा बड़ा जल संकट : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक बार फिर पत्र लिखकर कहा है कि यदि पड़ोसी राज्य दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ता है तो राष्ट्रीय राजधानी को ह्लअगले एक-दो दिन में बड़े जल संकट का सामना करना पड़ेगाह्व। आतिशी ने पत्र में लिखा, ह्लपिछले कुछ दिनों से हरियाणा मुनक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय राजधाना के लोगों को अनुचित कष्ट उठाना पड़ रहा है।ह्व पत्र में कहा गया है कि मई 2018 में अपर यमुना रिवर बोर्ड की 53वीं बैठक में हुए समझौते के अनुसार, मुंडक नहर के जरिये दिल्ली को 1,050 क्यूसेक (56.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिया जाना था। रास्ते में पानी के नुकसान को देखते हुए 1,013 क्यूसेक (54.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिल्ली पहुंचना चाहिये।

मंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली के बवाना में, जहां मुंडक नहर का पानी केंद्रशासित प्रदेश में प्रवेश करता है, इसकी मात्रा मापी गई थी। अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह इन फ्लो मीटरों की जांच की थी। गर्मी के समय में भी बवाना में दिल्ली को मिलने वाले पानी की औसत मात्रा 980 से 1,030 क्यूसेक के बीच होती है। लेकिन इस बार इसकी मात्रा 840 क्यूसेक तक घट गई है। उन्होंने बताया कि इतनी कम मात्रा में पानी मिलने से दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र यहां के लोगों के लिए प्रयाप्त मात्रा में जल शोधन करने में समर्थ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा आज ही पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ता है तो अगले एक-दो दिन में दिल्ली में बड़ा जल संकट होगा। आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से दिल्ली के लिए मुंडक नहर में कम से 1050 क्यूसेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया।

# लक्ष्मी नगर इलाके में निमार्णाधीन फ्लैट से युवक के ऊपर गिरी ईंट, मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में निमार्णाधीन फ्लैट से ईंट गिरने के कारण गली से जा रहे 19 साल के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। साथ ही मुकदमा दर्ज कर जांच भी शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मकान मालिक की तलाश कर रही है। मृतक की पहचान अरबाज के रूप में की गई है। वह गाजियाबाद के लोनी इलाके का रहने वाला था और उसके पिता गांव में खेती करते हैं।

पुलिस के मुताबिक, अरबाज लक्ष्मी नगर के जे एक्सटेंशन स्थित जामिया राबिया मदरसे में 12 वर्षों से पढ़ाई कर रहा था। उसके परिवार में तीन भाई और तीन बहने हैं। दरअसल जामिया राबिया मदरसे में मेडिकल कैंप लगने वाला था, जिसकी तैयारी की जा रही थी। मदरसे के संचालक अयूब के साथ अरबाज शनिवार रात तकरीबन 8 बजे स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए दवाई खरीदने मेडिकल की दुकान जा रहे थे।

इसी दौरान अचानक 10-12 ईट अरबाज के ऊपर गिर गई, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मोहम्मद अयूब ने बताया कि वह आगे चल रहे थे इस कारण उनकी जान बच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में नियम कायदे को ताक पर रखकर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। मकान की चौथी मंजिल पर फ्लैट बनाया जा रहा था, जहां से ईंट गिरी थी।

# नरेला फैक्ट्री अग्निकांड में चचेरा भाई गिरफ्तार

नई दिल्ली। नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने फैक्ट्री अग्निकांड हादसे में दो चचेरे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, रविवार को भी फैक्ट्री में रह रहकर आग की लपटें उठ रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दाल फैक्ट्री के मालिक दो चचेरे भाई विनय और अंकित हैं। पुलिस ने दोनों भाइयों को लापरवाही से मौत सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन जमानती धाराएं होने के कारण रिहा करना पड़ा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिन में कई बार दाल फैक्ट्री से धुआं निकलता रहा। इसकी वजह से दमकल की गाड़ियों की ड्यूटी लगाई गई थी। अब आग पर पूरी तरह से काबू पाने के बाद फोरेंसिक और क्राइम टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। इसके लिए इमारत को सील कर दिया गया है।

## नीट यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने नीट यूजी परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए रायसीना रोड पर रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शन कर रहे कई लोगों को हिरासत में लिया। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि इस धांधली ने 24 लाख युवा छात्रों के भविष्य को अंधेरे की तरफ धकेल दिया है। उन्होंने दोबारा से नीट परीक्षा कराने की मांग की है। श्रीनिवास बी वी ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई धांधली इन छात्रों के साथ ही देश की स्वस्थ व्यवस्था और भविष्य के साथ धोखा है। आज देश में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है, जिसमें धांधली नहीं हो रही है। यह सरकार पेपर लीक और धांधली पर कोई बात नहीं करती है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक और परिणाम धांधली पर केंद्र सरकार चुप है। परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए शक के घेरे में है, क्योंकि पेपर लीक होने की बात भी सामने आ रही है। श्रीनिवास बी वी ने कहा कि नीट का रिजल्ट जल्दबाजी में पहले ही जारी कर दिया गया। ये बातें एनटीए पर सवाल खड़ी करती है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है

# आईआईआईटी दिल्ली के 677 छात्रों को मिली नौकरी

- 548 को फुल टाइम पोजीशन और 129 को इंटर्नशिप के अवसर दिए गए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी) ने 2024 के प्लेसमेंट सीजन का सफलतापूर्वक समापन किया है। आईआईआईटी दिल्ली ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता और इंडस्ट्री में अच्छे कनेक्शन की बदौलत छात्रों का सफल प्लेसमेंट करवाया। 2024 के प्लेसमेंट आंकड़ों के मुताबिक, इस साल की प्लेसमेंट ड्राइव में 113 कंपनियां शामिल हुई, जिनमें टॉप टियर रिक्रूटर, मिड सेगमेंट फर्म और कुछ स्टार्टअप भी शामिल थे। आईआईआईटी-दिल्ली प्लेसमेंट सीजन 2024 में कुल 113 कंपनियों ने भाग लिया है। इसमें कुल प्लेसमेंट प्रतिशत 85.98 फीसदी रहा है। इसमें बीटेक में 84 फीसदी, एमटेक में 89 फीसदी छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इस सीजन में छात्रों ने अलग-अलग सेक्टर में कई प्रतिष्ठित रोल हासिल किए। आईआईआईटी-दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. रंजन बोस ने कहा कि इस वर्ष के शानदार प्लेसमेंट रिजल्ट उनके छात्रों को मिलने वाली क्वालिटी एजुकेशन और समग्र विकास का प्रमाण है। चुनौतीपूर्ण आर्थिक हालात के बावजूद उनके स्नातकों ने कई टॉप टियर पोजिशन हासिल की हैं, जो इस बात का सबूत है कि छात्रों में काबिलियत है। इन कंपनियों ने सामूहिक रूप से 677 जॉब ऑफर किए हैं। इनमें 548 फुल टाइम पोजिशन और 129 इंटर्नशिप के अवसर हैं।

सूचना

## विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवसः श्री वैंकटेश्वरा में ब्रेन ट्यूमर जानलेवा पर लाईलाज नही विषय पर संगोष्ठी

# स्वस्थ भारत आयुष्मान भारत के सपने को साकार कर रहा है श्री वैंकटेश्वराः डा. सुधीर गिरि

- शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर रहा है वैंकटेश्वराःडीएम
- मानसिक रोगों के ईलाज के लिए विम्स पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस- डा. राजीव त्यागी

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। श्री वैंकटेश्वरा समूह के विम्स हॉस्पिटल/संस्थान एवं वी.जी.आई. मेरठ के सयुंक्त तत्वाधान में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर ब्रेन ट्यूमर जानलेवा पर लाईलाज नही विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे देश के विख्यात सर्जन प्रोफेसर डा. आई बी.राजू ने ब्रेन ट्यूमर के कारणों पर विस्तार से बताते हुए इसके लक्षणों एवं उपचार पर प्रकाश डाला` इस अवसर पर मेंटल हेल्थ के लिए शानदार कार्य करने पर डा. आई बी.राजू एवं विख्यात मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. रविमोहन शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डा. सी.वी.रमन सभागार में विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, आई.ए.एस. श्री राजेश कुमार त्यागी, वरिष्ठ आई.ए.एस. एवं पूर्व कमिश्नर बलविंदर कुमार, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, विख्यात सर्जन प्रोफेसर डा. आई.बी.राजू, मानसिक रोग विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट डा. रविमोहन शर्मा ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में विख्यात सर्जन प्रोफेसर डा.आई.बी.राजू ने कहा कि अत्यधिक रेडियेशन, इलेक्ट्रो मैग्नेटिक उपकरणों का अंधाधुंध इस्तेमाल एवं पाश्चात्य जीवन-शैली ब्रेन ट्यूमर के मुख्य कारण है` यदि शुरूआती दौर में ही इसका पता चला जाये तो मरीज को आसानी से बचाया जा सकता है। यह जानलेवा बिमारी कैंसरस एवं नॉन कैंसरस दोनों प्रकार का होता है` उन्होंने युवाओं से ह्यअत्यधिक मोबाइल का प्रयोग एव देर रात तक मोबाइल पर काम नहीं करने की नसीहत भी दी। इस शानदार आयोजन के अवसर पर चिकित्सकों की टीम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आई. बी. राजू, डीन अकादमिक डा.संजीव भट्ट, डा. ईकराम ईलाही, डा. मानिक त्यागी, डा. शाहिद मीर, डा. प्राची त्यागी, कुलसचिव प्रो. डा. पीयूष पाण्डेय, डा. दिव्या गिरधर, डा. शिवम अग्रवाल, डा. रोहन त्यागी, डा. रवि मोहन, डा. मोनिका देशवाल, डा. शाहिद मीर, डा. प्राची त्यागी, डा. मोनिका, डा. कोमल, डा. जी. मनीषा, डा. अनुकृति, डा. स्नेहलता, डा. विवेक सचान, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. अनिल कुमार जायसवाल, श्री एस. एस. बघेल, अरुण गोस्वामी, मारुफ चौधरी, विशाल शर्मा, सौमिक बनर्जी, रिंकी शर्मा, संजीव राय एवं जनसंपर्क विभाग से श्री राम गुप्ता मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### घर पर पानी गिराने से मना करने पर पांच लोगों ने गृहस्वामी के साथ की मारपीट

जमुई [ झाझा ] मिटटी के घर के पास पानी गिराने से घर गिरने की आशंका पर गृहस्वामी के द्वारा पानी गिराने वालों को पानी गिराने से मना करने पर गृहस्वामी के साथ मारपीट कर घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया। मामला सिमुलतला थानाक्षेत्र के सोलखोडीह गांव का है। घायल की पहचान सुकर हांसदा के रूप में हुई जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल का इलाज किया गया। मेरे मिटटी के मिटटी के घर पर चेतन किस्कु पानी गिरा रहा था जिससे मेरा मिटटी का घर गिर जाता। इसी बात को लेकर जब चेतन किस्कु से शिकायत किया तो वे और उसकी पत्नी मुनि हांसदा, मंझला टुडु सहित पांच लोगों ने मेरे साथ मारपीट करने लगा और मेरे सिर पर लाठी से प्रहार कर मुझे घायल कर दिया। घायल अवस्था में मै सिमुलतला थाना में घटना की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने इलाज करवाने के लिए अस्पताल भेज दिया।

# नए आदेश, स्कूलों का निरीक्षण अब प्रत्येक दिन के बदले सप्ताह में एक दिन आएंगे पदाधिकारी

## आज से सुबह 6:30 से 12:10 तक संचालित किए जाएंगे सरकारी स्कूल

● बीच में शिक्षकों को 20 मिनट तक स्नेक्स ब्रेक भी मिलेगा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के ताबड़तोड़ आदेशों से आहात शिक्षकों को नए एसीएस के चार्ज संभालते ही राहत भरा आदेश जारी हुआ है। पूर्व एसीएस के हटते ही स्कूलों के टाइम टेबल में बदलाव के साथ कई चीजों सोमवार से स्कूलों में बदल जाएगी। नए अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने स्कूल के संचालन के पुराने समय सुबह 6 बजे से दोपहर 1:30 बजे में बदलाव करते हुए अब सुबह 6:30 से दोपहर 12:10 बजे तक कर दिया है। इसमें भी वर्ग संचालन का समय 11:30 बजे तक ही रहेगा। शिक्षकों की परेशानी का सबसे बड़ा कारण बना रोज कई बार स्कूलों के निरीक्षण की गतिविधियों पर रोक लगा दी है। अब सप्ताह में एक बार स्कूलों का वास्तविक निरीक्षण शिक्षा विभाग के पदाधिकारी करेंगे।इसके लिए आरडीडीई को स्कूलों के निरीक्षण के लिए रोस्टर चार्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। इतना ही नहीं पहले निरीक्षण के डर से वर्ग कक्ष में कैद रहने वाले शिक्षकों को 20 मिनट का स्नैक्स ब्रेक भी मिलेगा। नए आदेश के मुताबिक सोमवार से स्कूलों का संचालन सुबह 6:30 से शुरू होगा। 6:45 बजे तक प्रार्थना होगी। इसके बाद प्रत्येक घंटी 35 मिनट की होगी। पहले घंटी 6:45 से 7:20 बजे तक जबकि सातवीं घंटी 10:15 बजे से 10:50 तक चलेगी। 10:50 बजे से 11:30 बजे तक कक्षा 3 से 8 तक के पढ़ाई में कमजोर छात्रों के लिए मिशन दक्ष की कक्षाएं चलेंगी। प्रारंभिक स्कूलों में मिड डे मील की



व्यवस्था 11:30 बजे से 12:10 बजे के बीच कराया जाएगा।जबकि इसी दौरान माध्यमिक स्कूलों के छात्रों की विशेष कक्षा के अलावा खेलकूद की गतिविधियां संचालित की जाएगी।

पदाधिकारीयों को निरीक्षण के प्रति होना पड़ेगा जवाबदेह, समाधान भी करेंगे अब तक स्कूलों के निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों की बलि चढ़ाई जा रही थी।लेकिन नई व्यवस्था के तहत पदाधिकारीयों को निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनाया जाएगा। अब केवल निरीक्षण करने वाले पदाधिकारी न केवल स्कूलों की वास्तविकता समस्याओं को देखेंगे। बल्कि समस्या के निदान का भी उन्हीं को उपाय करना पड़ेगा। स्कूलों का निरीक्षण करने वाले पदाधिकारी अपने काम के प्रति कितने जवाबदेह है इसकी निगरानी राज स्तर के पदाधिकारी करेंगे। अपर मुख्य सचिव के आदेश के बाद अब 3 महीना के लिए पदाधिकारीयों को जिला आवंटित कर दिया है। यह पदाधिकारी जिलों के स्कूल का भौतिक निरीक्षण करके स्थानीय पदाधिकारी के निरीक्षण के बाद किए गए कार्यों को भी देखेंगे। इसमें यदि किसी प्रकार की कोताही मिलेगी तो निरीक्षी पदाधिकारी पर कार्रवाई होगी। स्कूलों में छुट्टी अब 12:10 होगी,इसी दौरान सभी कार्यों को पूरा किया जाएगाः डीईओं डीईओ राजेश कुमार ने कहा कि स्कूलों के संचालन के समय में बदलाव किया गया है। सोमवार से स्कूलों सुबह 6 बजे की बजाय 6:30 बजे होगी।स्कूलों में छुट्टी अब 12:10 बजे होगी।इसी दौरान सभी कार्यों को पूरा किया जाएगा।

## सोलर लाइट से जगमग होंगे वैशाली के गांव

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर । ग्रामीण इलाके की सड़क और गलियां रात में रौशन रहे, इसके लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना चलाई जा रही है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की योजना का ही हिस्सा है। मुख्यमंत्री सात निश्चय पार्ट 2 के तहत वैशाली जिले के हर गांव को इस योजना के तहत सोलर लाइट से जगमग किया जाएगा। इससे न सिर्फ रात में गांव की गली-चौराहे रौशन होंगे, बल्कि बिजली की भी बचत होगी। गांव के लोगों को रात में रौशन गलियों और राह पर आने-जाने में सुविधा होगी। इससे गांव की तस्वीर बदलेगी। समृद्धि और खुशहाली आएगी। सोलर लाइट लगाने की जिम्मेदारी जो भी कंपनी को दी जा रही है, उसी को अगले 5 वर्ष तक इन लाइटों का रखरखाव भी करना है। जिला पंचायती राज कार्यालय, वैशाली से प्राप्त आंकड़े के अनुसार वैशाली जिला में वितीय वर्ष 2023 - 24 तक सभी 16 प्रखंडों में 278 पंचायत के 2224 वार्ड में 22240 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 6084 सोलर लाइट अधिष्ठापित किया जा चुके हैं। जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने चयनित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे अपने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए बाकी बचे सोलर स्ट्रीट लाइट एक महीने के भीतर अधिष्ठापित करना सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण जनता को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। इस कार्य के लिए तीन एजेंसियों यथा मेसर्स श्री राम सागर कंस्ट्रक्शन, मेसर्स सन एनर्जी सॉल्यूशन तथा मेसर्स फोटोनिक्स वॉटर टेक प्राइवेट लिमिटेड को सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन का दायित्व दिया गया है। प्राप्त आंकड़े के अनुसार महुआ प्रखंड के 92 वार्ड में 920, पातेपुर प्रखंड के 104 वार्ड में 1200, राजपाकर प्रखंड 52 वार्ड में 520 , जंदाहा प्रखंड के 57 वार्ड में 605, देसरी प्रखंड के 32 वार्ड में 320, भगवानपुर प्रखंड के 40 वार्ड में 399, वैशाली प्रखंड के 4 वार्ड में 40, लालगंज प्रखंड के 52 वार्ड में 517, चेहरांकला प्रखंड के 44 वार्ड में 439, गोरौल प्रखंड के 48 वार्ड में 474, हाजीपुर प्रखंड के चार वार्ड में 40, विदुपुर प्रखंड के 29 वार्ड में 320, राघोपुर प्रखंड के 12 वार्ड में 120, महनार प्रखंड के 9 वार्ड में 90 तथा सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के 8 वार्ड में 80 सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापित किया जा चुके हैं।

# पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : निलेश

## अपनी लगातार मुहिम में मंच दे रहा, पर्यावरण के सुरक्षा और संरक्षण का संदेश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। आधुनिकता कितनी भी बढ़ जाए पर प्रकृति को हमेशा सहेजना चाहिए अन्यथा विनाश निश्चित है उदाहरण के तौर पर वर्तमान में बढ़ते तापमान के रूप में देख सकते है। उक्त बातें मौके पर उपस्थित पुलिस अवर निरीक्षक ( सार्जेंट ) निलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए बताया। उनके द्वारा आगे बताया गया की जिस प्रकार तापमान हरेक साल बढ़ रही उससे निजात पाने के लिए एड्ढसीड्ढ, कूलर के सहारे नहीं हो सकता है। बढ़ते तापमान और असंतुलित वातावरण को सुरक्षित पौधा ही रख सकती है इसलिए अभी से लोग जागरूक होकर अधिक से अधिक पौधा रोपण कर उसे संरक्षित करने का प्रयास करें। इसके पूर्व बढ़ते तापमान में बीच साईकिल यात्रियों का एक दर्जन समूह अपने रविवारीय यात्रा के 440 वें क्रम में गिद्धौर प्रखंड के कोल्हुआ ग्राम तक साईकिल यात्रा कर पहुंची। जहां ग्रामीण को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होने का संदेश देते हुए अपने आस पास पेड़ पौधे लगाने की अपील की गई इस अवसर पर सुरक्षित स्थान पर एक दर्जन पौधे लगाए गए एवं उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी गांव के ही युवाओं को दी गई। मौके पर उपस्थित समाजसेवी महाराणा प्रताप ने बताया की पेड़ लगाना एवं उसकी संरक्षण करना अपनी आदत बनाए तभी हमलोग आने वाले प्रकृति आपदा से निपट सकते है। अपने दुकान मकान घर आंगन जहां भी जगह मिले किसी ना किसी तरह का पेड़ पौधा जरूर लगाए इससे लोग स्वस्थ भी रहेंगे और सुरक्षित जीवन भी जिएंगे। सदस्य टिंकू पासवान ने बताया की एक वर्ष एक पौधा एक जीवन को लोगो द्वारा अनुसरण किया जाना चाहिए। इसके लिए कुछ दिन बाद आने वाले मानसून में एक पौधा ही लगाने का ही जिम्मेदारी लें तो वो कुछ वर्ष में ही हर क्षेत्र हरा भरा बन कर उभरेगा जिससे कई तरह का लाभ मिल सकता है। इस अवसर पर गोलू कुमार, मनीष कुमार, महाराणा प्रताप, राकेश कुमार, सचिराज पद्माकर, मनीष कुमार सिंह, मणिकांत मिश्रा, शैलेश भारद्वाज, निलेश कुमार सिंह, शुभम कुमार, रितिक राज, ऋषभ कुमार, रौनक कुमार, मनीष कुमार, सागर कुमार, विकास कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# उमस की वजह से अस्पताल में बढ़े उल्टी- दस्त के मरीज



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः-उमस भरी गर्मी एवं बढ़ते तापमान की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में उल्टी एवं दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र के मरीज को पर्ची देने वाले एक चिकित्सा कर्मी ने बताया कि चार-पांच दिन से अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में उल्टी एवं दस्त की शिकायत वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं। बुखार के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।ऐसे सभी मरीजों को चिकित्सा के द्वारा धूप में नहीं निकलने की सलाह देते हुए उचित दवाइयां दी जा रही है। इधर एक सप्ताह से फिर से तापमान में वृद्धि देखी जा रही है। बाजार पहुंचने वाले लोगों की संख्या में काफी कमी देखी जा रही थी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आजिमा निशांत ने बताया कि तापमान और उमस की वजह से चक्कर आना,उल्टी एवं दस्त की समस्या वाली मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।ऐसे मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी है।

# पैसा लेने के उपरांत पुलिस द्वारा गाड़ी छोड़ने का वीडियो वायरल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- यूं तो गिद्धौर की पहली महिला थाना अध्यक्षा के रूप में योगदान दे रही रीता कुमारी का प्रारंभिक प्रशासनिक सत्र काफी सख्त रहा है। लेकिन समय के साथ कानूनी क्रियाकलापों ने उनके वर्दी पर बदनामी का दाग लगा दिया है। एक के बाद एक घटनाओं से उनके कार्यकाल को विवादों में खड़ा कर दिया है ।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसकी शुरूआत चोरी की घटना से हुई। जहां गिद्धौर बाजार स्थित डीके डिजिटल स्टूडियो में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों के गिरेबान तक पुलिस नहीं पहुंच पाई। वहीं गिद्धौर के अलग हिस्सों में मंदिर के दान पेटी, खेत से मोटर, घर से सामान की चोरी हो जाने जैसे मामले ने गिद्धौर थाना अध्यक्षा रीता कुमारी के कार्यकाल को तार-तार कर दिया है। हालांकि चोरी और तस्करी जैसे मामले में पुलिस के हाथ कुछ अभियुक्त आए। लेकिन खनन के खिलाड़ी से लेकर शराब के सिकंदर तक पुलिस के हाथ आज भी खाली है। गिद्धौर में चोरी की घटना अभी थमी ही थी कि चंद्रशेखर नगर में आए हुए एक दामाद के साथ मारपीट किए जाने के प्रसंग ने भी गिद्धौर पुलिस को सुर्खियों में ला दिया है। इस घटना के कुछ दिन बाद ही थाना अध्यक्षा रीता कुमारी स्वयं घरेलू विवाद में उलझ गई। इसमें अपने पति के साथ मारपीट का मामला एसपी कार्यालय के दहलीज तक पहुंचा। अपने बच्चों को लेकर पति-पत्नी के बीच का यह प्रकरण जमुई जिले भर में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं जमुई में बिहार पुलिस के तमाम पदाधिकारी अपने छवि को लेकर लाख दावे कर ले लेकिन दावे और हकीकत में फर्क साबित हो रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण गिद्धौर थाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है ।जहां पर अवैध बालू खनन में लगे ट्रैक्टर से मोटे रकम की उगाही की जा रही है ।जिसका वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल गिद्धौर थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन को लेकर जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसको लेकर गिद्धौर पुलिस लगातार चर्चा में बनी हुई है। कभी दिनदहाड़े बालू ट्रैक्टर चलने का वीडियो, तो कभी सूचना देने वाले के साथ गाली गलौज करने व अन्य केस में फंसा देने का ऑडियो, तो कहीं बालू माफिया से पैसे लेकर गाड़ी छोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसको लेकर जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जो की बिहार पुलिस के वर्दी को दागदार कर रहा है। लोग तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं। यह वीडियो में बताया जाता है कि उलाय नदी के महुली घाट का है जहां पर खैरा थाना क्षेत्र के बानपुर पंचायत के पूर्व मुखिया के भतीजे की गाड़ी है। जो की गिद्धौर थाना के द्वारा पकड़ा गया और मोटी रकम लेकर छोड़ दिया। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है ।बता दें कि पिछले साल जिले के गरही थाना में कार्यरत दरोगा प्रभात रंजन पर बालू माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया था जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बावजूद भी जमुई जिले की पुलिस पदाधिकारी इतनी बड़ी घटना से सीख नहीं ले पाए हैं। जोकि दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि प्रातः किरणा अखबार नहीं करती है।

# देशी कट्टा व नौ गोली के साथ युवक गिरफ्तार





प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- गिद्धौर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के बनझुलिया गांव में छापेमारी कर एक बारह बोर का देसी कट्टा और नौं जिंदा कारतुस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसका कांड संख्या 62/24 धारा-341/323/504 भा०द०वि०एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज है। वहीं अनुसंधान के क्रम में रात्रि बनझुलिया गांव उक्त कांड के प्राथमिकी अभियुक्त राजीव कुमार विश्वकर्मा पिता छोटेलाल विश्वकर्मा घर पर मौजुद पाया।जिसे पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई की। गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि इस मामले में थाना क्षेत्र के बंनझुलिया गांव के राजीव विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित अपने कमरे के बगल में उत्तर पुरब कोने से उजले रंग के प्लास्टिक के बोरे में छिपा कर रखा गया एक बारह बोर का देशी कट्टा एवं नौ जिंदा कारतुस बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ कांड संख्या 62/24 धारा-341/323/504 भा०द०वि०एवं 27 आर्म्स एक्ट से संबंधित केस पहले से दर्ज है ।शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी उक्त आरोपित हथियार गोली के साथ घूम रहा है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने बनझुलिया गांव में छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान उक्त आरोपित की तालाशी लिए जाने पर घर में छुपा कर रखा गया हथियार व गोली मिला। पुलिस पूछताछ कर रही है ।वही छापेमारी में थानाध्यक्ष रीता कुमारी,अनुज कुमार,हरेन्द्र सिंह सिपाही अनीश कुमार,शिवजी कुमार,पवन कुमार मौजूद थे।

# गिद्धौर में 43 डिग्री जा पहुंचा पारा

## भीषण गर्मी के कारण सड़कें रही सूनसान

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। दिन प्रतिदिन पड़ रहे भीषण गर्मी के कारण चिलचिलाती धूप और गर्म हवा ने हर किसी की बैचेनी बढ़ा दी है ।अचानक एका एक तापमान में हुई बढ़ोतरी से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया ।रविवार को अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री तक पहुंच गया। तपती धूप ने आम आदमी को दैनिक कार्यों के निष्पादन में परेशानी बढ़ा दी है। गर्म हवा व कड़ाके की धूप के कारण क्षेत्र के लोगों को दैनिक कार्य में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में हो रही तब्दीली से इलाके के लोग सर्दी खांसी वायरल फिवर मिजिल्स आदि के शिकार हो रहे हैं ।बीते कुछ पहले मौसम में आए बदलाव और बूंदाबांदी से लोगों को थोड़ी गर्मी से राहत तो मिली थी, मगर पिछले बिते एक सप्ताह से मौसम की तल्खी से इलाके के लोग परेशान हैं। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवा से लोग परेशान हो उठते हैं। हालात यह है कि दोपहर में मुख्य सड़क व बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। सुबह 07 से 09 बजे के आसपास के समय होते ही घर से बाहर निकलते ही लोग पसीने से लथपथ हो जाते हैं ।सूरज की कॉस्मिक किरणों से पैदा हो रही गर्मी के कारण लोग देर शाम तक अपने घरों में दुबके रहते हैं। वहीं बाहर निकलने वाले लोग डीहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। इधर बढ़ती गर्मी को देखते हुए दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि गर्मी से बचने के लिए सिर पर गमछा रखें। पानी का सेवन अधिक से अधिक करें। खाली पेट न रहें समय समय पर ग्लूकोज एलोक्ट्रोल पाउडर के मिश्रण को लेने की भी सलाह चिकित्सकों ने लोगों को दी है, यह शरीर को डीहाइड्रेशन की समस्या से इस गर्मी में राहत पहुंचाने का काम करेगी बताते चलें कि गर्मी से होने वाली परेशानी से संयमित रखकर व स्वास्थ्य निदेर्शों का पालन कर के ही इससे बचाव किया जा सकता है।

# भारतीय मजदूर संघ ने निकाली रैली

## मजदूरों के हित को लेकर हुआ अधिवेशन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रविवार को भारतीय मजदूर संघ की ओर से पुरानी बाजार स्थित निजी धर्मशाला में जिला अधिवेशन किया गया। इसको लेकर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा रेलवे कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय से रैली निकाली गई जो रेलवे आवास, बसस्टैंड होते हुए धर्मशाला पहुंचा जहां अधिवेशन की शुरूआत कि गई। मौके पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारी मनीष कुमार, बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वनाथ प्रसादव यादव, बिहार प्रदेश बीड़ी महामंत्री परमेश्वर यादव सहित अन्य कई लोग शामिल हुए। अधिवेशन में पुरानी कमेटी भंगकर नई कमेटी का गइन किया गया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारी ने कहा कि बीएमएस नई कमेटी को सुचारू रूप से चलाते हुए मजबूती की स्थिति में लाया जाएगा। कार्यसमिति सदस्य ने कहा कि पंजीकृत मजदूरों का स्वास्थ्य लाभ, पोशाक राशि बंद को पुनः चालू करवाने के लिए सरकार से मांग कि जाएगी। और पंजीकृत मजदूरों के खाते में 5500 रूपए देने की मांग कि जाएगी। इसके अलावे जिला प्रभारी ने कहा कि मजदूरों के मजदूरी में जो कमीशन खोरी होती



है उसे बंद करवाया जाएगा ।परमेश्वर यादव ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ अंर्तगत जितनें भी यूनियन है उनसभी लोगों को एकजुट होना है। इसके अलावे मजदूरों के हित में क्या करना चाहिए उनपर विचार किया जाएगा जैसे कि बीड़ी मजदूरों की मजदूरी बढ़ाना, मजदूरों को मजदूरी बढ़ाना, मजदूरों को योजनाओं का लाभ दिलाना, बीड़ी श्रमिकों का परिचय पत्र बनाना, बीड़ी मजदूरों के लिए अस्पताल में सभी सुविधा उपलब्ध करवाये जाने सहित अन्य मांग है। संघ के पदाधिकारी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा मजदूरों को साथ लेकर चलने का काम करता है। मजदूर अगर किसी कठिन परिस्थिति में है तो उन मजदूरों की कठिन परिस्थितियों को दूर करने पर अपना सहयोग प्रदान करती है। मौके पर अन्य कई लोग मौजूद थे।

# आशाकर्मी के द्वारा सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल में प्रसुता महिला को भर्ती करवाने का मामला आया सामने

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रेफरल अस्पताल झाझा में कार्यरत आशाकर्मी के कमीशन के लालच में निजी अस्पताल में प्रसुता को भर्ती करवाने का मामला इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में काफी चरम पर बढ़ते जा रहा है। आशाकर्मी अस्पताल में प्रसुता के परिजनों को अपनी बातों मे बहला फुसलाकर निजी अस्पताल में भर्ती करवा देते है। ठीक ऐसा ही एक मामला सामने आया है। दरअसल प्रखंड क्षेत्र के बथनावरण के रहने वाली प्रसुता महिला सकीना प्रवीण को अस्पताल में सिमुलतला क्षेत्र के आशाकर्मी हलीमा ने शनिवार को गुरूवार को 9 बजे भर्ती करवाया और फिर अस्पताल में संध्या बेला में किसी को बताए उसे शहर के निजी अस्पताल में कमीशन के लिए चक्कर लगवाया जिसके बाद फिर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। कमीशन के चक्कर में आशाकर्मी प्रसुता महिला के जिंदगी



से घंटो देर तक खेलती रही और उसके बाद निजी अस्पताल में महिला का डिलीवरी हो जाने के बाद उसे फिर सरकारी एंबुलेंस से घर पहुंचाने के लिए अस्पताल के एंबुलेंस चालक से संपर्क किया लेकिन एंबुलेंस चालक ने अस्पताल में प्रसुता का डिलीवरी होने पर ही घर छोड़ने की बात कि जिसके बाद आशाकर्मी पहले उसे ई रिक्शा से घंटो देर तक चक्कर लगवाया और उसके बाद रेलवे स्टेशन के पास से उसे ऑटो में बिठाकर साथ चली गई। आशाकर्मी ने दिया बड़े बड़े नेताओ का साथ होने का ब्यान- वही अस्पताल में पहुंची आशाकर्मी से जब निजी अस्पताल में प्रसुता महिला को ले जाने की बात पूछा गया तो आशाकर्मी आग बबूला होते हुए पत्रकारों को धमकी देने लगी कि मेरे पास बड़े बड़े नेताओं है। इसलिए मुझे कुछ नही हो सकता है। उसके बाद प्रसुता को अस्पताल से निजी अस्पताल ले जाने की बात करने पर आशाकर्मी ने पहले कहा कि मैनें उसे नही लाया और बाद में यह कहती है वह मेरा रिश्तेदार था और सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जिसके बाद उसे निजी अस्पताल ले गया। इस दौरान आशाकर्मी ने बताया कि मै कुछ नही हूं और जब अस्पताल में क्या करने की बात पूछा गया तो कहा कि मै आशाकर्मी हूं। क्या कहते है मरीज के परिजन-मरीज के परिजनों से फोन पर जानकारी लेने पर उन्होनें कहा कि अस्पताल में आशाकर्मी ने भर्ती करवाया जहां एएनएम ने बताया कि इसकी स्थिति ठीक नही है और उसे बाहर ले जाइए जिसके बाद निजी अस्पताल ले गया। क्या कहते है स्वास्थ्य पदाधिकारी-मामले को सिविल सर्जन से पूछे जाने पर उन्होनें कहा कि मै अभी मीटिंग में हुं। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अरूण कुमार, अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार ने कहा कि इस मामलें में जांच की जाएगी।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- जमुई जिला प्रशासन के निर्देश पर बालू माफियों पर नकेल कसने को लेकर लगातार कारवाई की जा रही है। उसी क्रम मे चन्द्रदीप पुलिस इन दिनों बालू माफियाओं पर पूरी तरह नकेल कसते दिख रही है ।इसी कड़ी में चंद्रदीप पुलिस ने शनिवार को रात्रि गस्ती दल ने नवादा सिकंदरा मुख्य मार्ग बेला गाँव के समीप से एक अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया



जप्त, वाहन चालक पुलिस को देख कर फरार हो गया, थानाध्यक्ष राजेन्द्र साह ने बतायाचंद्रदीप थाना क्षेत्र के नवादा सिकंदरा मुख्य मार्ग बेला गाँव के समीप रोड के किनारे से रात्रि गस्ती दल ने एक अवैध बालू से लदा महेंद्रा ट्रेक्टर को चंद्रदीप पुलिस द्वारा जप्त कर चंद्रदीप थाना लाया गया। वही उन्हों ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की कुछ जगहों पर बालू के अवैध कारोबार किया जा रहा है,इसी दौरान चंद्रदीप पुलिस के द्वारा छापेमारी की गई, पुलिस वाहन देखते ही ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया, जिसे पुलिस ने बिना रजिस्ट्रेशन के महिंद्रा ट्रैक्टर जप्त कर चंद्रदीप थाना ले आया।थानाध्यक्ष राजेन्द्र साह ने बताया कि चंद्रदीप पुलिस दारू और बालू के खिलाफ सख्त है, जो भी इस कार्य मे संलिप्त पाये जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा लागतार छापेमारी की जा रही इस बाबत बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी हाल में अवैध कारोबार करने वालों को पनपने नहीं दिया जाएगा। साथ ही इस धंधे में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी

## खटाल की दीवार को तोड़ कर चोरों ने हजारों की संपत्ति चुराई, थाने में दिया लिखित आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज,चंद्रदीप थाना क्षेत्र के आढा गांव में एक खटाल से बीते रात्रि अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़ कर मुर्गी सहित खटाल में रखा हजारों की सामान चोरी कर लिया। लोगो ने बताया आजकल आढा गांव में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया की न लोगों का दहशत, न प्रशासन की खौफ ,लगातार आए दिन किसी न किसी के घर या दुकान में चोरों ने चोरी के घटना का अंजाम दे दें रहे हैं । वहीं आढा गांव के पीड़ित मोड्ड आमिर पिता मोहम्मद मुख्तार ने बताया की बीते शनिवार की रात्रि में मेरे आढा हरिजन टोला स्थित खटाल की दीवार तोड़ कर अज्ञात चोरों ने हजारों की समान चुरा लिया।

## अनियंत्रित बोलेरो पिकअप के ठोकर से पुत्र की मौत, पिता घायल

महुआ ।थाना क्षेत्र के महुआ देसरी रोड के केनरा बैंक के पास एक तेज रफ्तार की अनियंत्रित पिकअप वैन ने साईकिल सवार पिता पुत्र को रौंद दिया जिससे पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र निवासी चौसीमा लक्ष्मणपुर गांव के रंधीर सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रुप में की गई वही इस घटना में घायल मृतक की पिता रंधीर सिंह को ईलाज के लिए महुआ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना रविवार के सुबह की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार पिता पुत्र अपने घर चौसिमा से साइकिल से दवाई लेने महुआ बाजार आ रहे थे कि ज्योहि महुआ पुरानी बाजार के केनरा बैंक के नजदीक पहुचे ही थे कि पीछे से तेज गति से आ रही अनितंत्रित पिकअप बोलेरो ने साईकिल में जोरदार ठोकर मार दिया जिससे अमित कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं घायल पिता को लोगों ने इलाज के लिए महुआ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भिड़ जमा हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

बेतिया ।मझौलिया थाना क्षेत्रके विभिन्न पंचायत से पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया । उक्त जानकारी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के माधोपुर वार्ड नम्बर 1 निवासी चंद्रिका शर्मा के पुत्र संतोष शर्मा उर्फ श्याम नारायण शर्मा को जेल भेजा गया। वही राजाभार वार्ड नम्बर 3 निवासी मुकुट महतो के पुत्र संजय कुमारको थाना कांड संख्या 374/ 2024 के तहत गिरफ्तार कर भेजा गया है । थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक अभियुक्त बेड के नीचे छिपने का प्रयास कर रहा था ।इनमें संतोष शर्मा के विरुद्ध थाना कांड संख्या 986/2023 के तहत प्राथमिक की दर्ज किया गया था तथा संजय कुमार के विरुद्ध भी थाना कांड संख्या 374 /2024 दर्ज है.

### फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के विष्णुपूरा गांव के हैदर अली के पुत्र सैद बाबू उर्फ साहिद हुसैन को इसुआपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त घरेलू मारपीट मामले में वर्षो से फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमल राम,अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार,एसआई उमेश प्रसाद के साथ पुलिस बल के जवान जवान थे।

### इसुआपुर में 11 दिवसीय खरीफ धान बीज महोत्सव आज से

इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित हिंदुस्तान बीज भंडार इसुआपुर के प्रांगण में सोमवार से 11 दिवसीय खरीफ धान बीज महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन जिला परियोजना निदेशक शमशेर आलम करेंगे। 20 जून तक चलने वाले इस महोत्सव में देश-विदेश की नामी गिरामी कंपनियां अपना स्टॉल लगाएंगी। महोत्सव में केंद्र और राज्य प्रायोजित विभिन्न कृषि योजनाओं में सरकारी अनुदान के तहत सिंचाई पंप एवं कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाने की भी जानकारी दी जाएगी। वहीं स्टॉल के माध्यम से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज मार्केट से सस्ते दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### ट्रैन से कटकर एक युवक की मौत

एकमा। पूर्वोतर रेलवे के छपरा सिवान रेल खंड के एकमा स्टेशन के पश्चिमी ढाला के हंसराजपुर गांव समीप एक 25 वर्षीय युवक की मौत ट्रेन से कट जाने से हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकीं थी । जहां रविवार के दिन शव की पहचान कर लिया गया जहां मृतक दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव निवासी भरत राम का 25 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। अब तक घटना का कारण का पता नहीं चला है ।

### बाजार से बाइक की चोरी

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के सैदपुर से चोरों ने एक व्यक्ति की बाइक चुरा ली ।जानकारी के अनुसार पोझी के हरेश्वर सिंह बाइक से सब्जी खरीदने सैदपुर बाजार गए थे ।वे अपनी बाइक पप्पू साह के कपड़ा दुकान पर खड़ी कर सब्जी खरीदने बाजार में चले गए ।थोड़ी देर बाद जब सब्जी खरीद कर लौटे तो उनकी बाइक गायब थी ।इस संबंध में उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है ।पुलिस छानबीन कर रही है।

### छोटे एवं मझोले किसानों को केन्द्र में रख कृषि मै अनुसंधान की आवश्यकता

मुजफ्फरपुर ।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में ह्यजलवायु परिवर्तन के परिदृश्य में पारंपरिक ज्ञान तथा आधुनिक दृष्टिकोण से भारतीय कृषि ह्य विषय पर चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज सम्पन्न ह । इस दो दिवसीय कार्यशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय झांसी, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड तथा अन्य विश्वविद्यालयों से आये वैज्ञानिकों ने अपने अपने शोध पत्र और विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में तीन तकनीकी सत्र आयोजित किये गये। कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण देते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि दो दिन तक चले इस गहन विमर्श में देश के कई विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपने -अपने विचार व्यक्त किए हैं। ये सभी विचार और शोध नवोन्मेषी हैं और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कृषि को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को छोटे और मंझोले किसानों को ध्यान में रखकर अनुसंधान करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए झांसी केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ एस के चतुर्वेदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में कृषि की रूपरेखा बदलने वाला है ।भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश दत्तात्रेय कुलकर्णी ने कहा कि विश्वविद्यालय में ड्रोन ट्रेनिंग पर काफी अच्छा कार्य हो रहा है।

# श्री चित्रगुप्त समिति के कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न ,कई मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श, लिए गए निर्णय

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय ।श्री चित्रगुप्त समिति की कार्यसमिति की बैठक शहर के दहियांवा स्थित आर सी एम सेंटर के सभागार में समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें विगत बैठक( 17 मार्च 2024) में लिए गए निर्णय पर विचारोपरांत संपुष्ट किया गया। बैठक में इस बात पर घोर आश्चर्य व्यक्त किया गया कि कई उपसमितियों के गठनोपरांत संयोजक पद की जिम्मेवारी दी जाती है मगर वे कार्य नहीं करते। समिति के संविधान की समीक्षा करने हेतु एक उपसमिति का गठन विगत जनवरी माह में हुआ था मगर उसके संयोजक ने एक भी बैठक नहीं बुलाई जबकि इसके लिए मौखिक एवं लिखित रूप से बैठक बुलाने का आग्रह किया गया था। इसी तरह अन्य उपसमितियों के संयोजकों की कमोवेश स्थिति है ।समिति के सदस्य डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव ने जब महासचिव से जानना चाहा कि बैठक का एजेंडा को सदस्यों को क्यों नहीं दी जाती है साथ ही किसी बैठक की कार्यवृत भी क्यों नहीं दी जाती? इस पर महासचिव भड़क गए और अपना इस्तीफा देने की बात तक कह डाली ।सदस्यों के मान मनौव्वल के बाद मामला शान्त हुआ। अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि समिति के पास गरीब एवं कमजोर बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आप सभी आगे आये निशुल्क अध्ययन अध्यापन के लिए मेरा आवासीय परिसर है जहां चित्रांश गरीब बच्चों की शिक्षा दी जा सकती है ।समिति की गति को बढ़ाने एवं विभिन्न सामजिक कार्यो को धरातल पर उतारने के लिए संकल्पित होकर सभी को आगे आना होगा।

उधर,कई सदस्यों ने कार्य समिति से जुड़े सदस्यों की अनुपस्थिति पर चिंता प्रकट की गई ।सभी सदस्यों को पर्याप्त सूचना मिले ,इसका प्रयास होना चाहिए ।बैठक में कई सदस्यों ने राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों के साथ साथ संगठनिक पहलुओं को भी रेखांकित किया ।अतिथि चित्रांश एवं प्रसिद्ध कवि दक्ष निरंजन शंभु ने कहा कि जिन राजनीतिक प्रतिनिधि को सम्मानित करते है तो उनसे अपेक्षा की बात अवश्य करे क्योंकि हम सभी भी अपने समाज से बंधे है जिन्हें जबाब देना होता है ।वे आपसे मीटिंग कराकर अपना लाभः ले लेते है मवर बदले में कुछ समाज को देते नही है,इस कारण समिति को चिंतन मनन करना चाहिये तब कोई निर्णय पर पहुंचना चाहिए ।वहीं नवनीत कुमार ने हेल्थ शिविर लगाने की बात कही जबकि प्रभाकर रंजन ने प्रति माह 100/सहयोग राशि देने की गति पर बल दिया जबकि भुपेश नंदन ने समिति से जुड़े कई मुद्दों को उठाया ।प्रो.अजीत कुमार सिन्हा ने समिति के ऐतिहासिक पक्ष को रखते हुए बैठक की सूचना एजेंडा के साथ देने की बात कही। ।अधिवक्ता अभिषेक रंजन, राकेश नारायण सिन्हा, रवीश कुमार उर्फ रवि, सुनील कुमार वर्मा,प्रवीण कुमार श्रीवास्तव,अरबिंद कुमार वर्मा,मानोज कुमार श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति में महासचिव ने कहा कि गरीब परिवारों से जुड़ी बच्चियों के साथ चित्रांश परिवारों के बेटियों की शादी विवाह कराने की परंपरा समिति द्वारा पूर्व से की जाती रही है वैसे,इसकी जिम्मेवारी हिमांशु जी को दी गई है। अंत मेंअध्यक्ष नागेन्द्र कुमार वर्मा ने घोषणा की कि समिति की आम सभा जुलाई माह में होगी ।साथ ही,सभी ने नवनिर्वाचित दोनों भाजपा सांसदों राजीव प्रताप रूडी( सारण )एवं जनार्दन सिंह सिग्रीवाल( महाराजगंज ) के साथ साथ पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद की जीत पर बधाई दी गई तथा प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

प्रारम्भ में समिति के महासचिव विमल कुमार वर्मा ने श्री चित्रगुप्त वंदना प्रस्तुत की वहीं कार्यालय मंत्री अरबिंद कुमार वर्मा ने विगत बैठक के कार्यवृत को पढ़कर सुनाया ।जबकि नवनीत कुमार ने बैठक में सभी चित्रांश बंधुओ के प्रति आभार जताया।

## श्री 1008 स्वामी इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज के श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह आयोजन के लिए विचार विमर्श हेतु बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।स्थानीय राजेंद्र सरोवर स्थित शिव मंदिर परिसर में छपरा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों सनातन धर्मावलंबियों की एक बैठक प्रातः 8:00 बजे रामानुज समिति के अध्यक्ष अरुण मिश्रा की अध्यक्षता में हुई । छपरा शहर के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक विजय कुमार सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता,विश्व हिंदू परिषद जिला धर्म प्रसार प्रमुख अरुण पुरोहित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, यज्ञाचार्य सम्राट आचार्य रंगनाथ तिवारी ,पूर्व मुखिया परशुराम राय, विनोद कुमार सिंह डायरेक्टर सारण आईटीआई ,शिक्षिका जयंती राय , भाजपा युवा मोर्चा ममता मिश्रा, समाजसेवी अरविंद कुमार उर्फ फून्ना जी, विभूति नारायण शर्मा ,भानु प्रताप सिंह, सांवलिया गिरी ,शशि प्रभा, पुनीत रंजन, राजेश डाबर, सतीश अग्रवाल ,चंद्र मोहन प्रसाद ,पप्पू सिंह राजेश कुमार सिंह ,अनिल कुमार ज्योति शंकर मिश्रा अजय कुमार सिंह, रोहन भारती बजरंग दल,सत्य प्रकाश मिश्रा, संजीव चौधरी रोटी बैंक, मनीष कुमार ,मनोज कुमार अग्रवाल ,अजय सिंह ,कमलेश कुमार मिश्रा ,जितेंद्र बहादुर सभी ने अपने सुझाव एवं विचार दिए।अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त यज्ञ पीठाधीश्वर युग प्रवर्तक क्रांतिकारी धर्म सम्राट विद्या वाचस्पति पति श्री श्री 1008 स्वामी इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने पर सबों ने सहमति व्यक्त की। कथा स्थल का चुनाव मारुति मानस मंदिर एवं राजेंद्र स्टेडियम पर सहमति बनी। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समय 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच में रखने का सुझाव दिया। अभी अयोध्या धाम में गुरु जी की कथा चल रही है वहां पर आयोजक समिति का प्रतिनिधिमंडल अरुण पुरोहित के साथ अयोध्या जाकर गुरुदेव से अनुमति प्रदान करने के बाद आगे की कार्य योजना बनाई जाएगी ।

## बुनियादी विद्यालय बनसोही से तीन कम्प्यूटर चोरी



प्रात :किरण संवाददाता

मशरक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुनियादी विद्यालय बनसोही के कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़कर तीन कंप्यूटर चोरी कर ली गयी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह द्वारा घटना को लेकर थाना पुलिस को सूचित किया गया ।इस संदर्भ में रात्रि प्रहरी ने बताया कि शनिवार की शाम 6 बजे ड्यूटी पर पहुंचे तो देखे की कंप्यूटर रूम का ताला टूटा हुआ था। जिसकी जानकारी मैंने अपने विजार्ड टेक कम्पनी डिपार्टमेंट को दिया। उसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य और थाने के ग्रामीण चौकीदार को सूचित किया। विद्यालय के रसोईया ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक महोदय की सूचना पर जब मैं विद्यालय पहुंचा तो देखा कि कंप्यूटर रूम का ताला टूटा हुआ है। इस संदर्भ में मैं प्रधानाचार्य को सूचित किया । उसके बाद दुसरा ताला लगाकर रुम को बन्द किया। आपको बताते चले कि विधालय में दस सेट कंप्यूटर में से तीन सेट कंप्यूटर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है ।जानकारी हो कि इससे पहले विगत बुधवार को कंप्यूटर रूम की खिड़की तोड़कर तीन मोनिटर,माउस, कीपैड चोरी हुई थी। जिसका लिखित शिकायत प्रधानाचार्य के द्वारा मशरक थाना को किया गया था।

## नामांकन सहित किसी भी कार्य में विद्यार्थियों को नहीं होगी परेशानी:कुलपति



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि नामांकन सहित किसी भी कार्य में छात्र-छात्राओं को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को जो भी समस्या सामने आएगी उसका तत्क्षण समाधान किया जाएगा। जो भी कमियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा। लगभग एक सप्ताह के अवकाश के बाद विश्वविद्यालय आने के साथ ही कुलपति ने रविवार को विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कुलपति के संज्ञान में जैसे ही यह बात आई कि सीबीसीएस के तहत 4 वर्षीय अन्तरस्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थियों को कुछ परेशानी हो रही है, उन्होंने अवकाश के दिन रविवार को विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। बैठक में कुलपति ने स्पष्ट तौर पर कहा कि छात्र-छात्राओं का हित उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्हें कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। चाहे इसके लिए सभी को 24 घण्टे काम क्यों न करना पड़े। कुलपति ने कहा कि कल सोमवार को विश्वविद्यालय के अधिषद कक्ष में सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों तथा विश्वविद्यालय नामांकन समिति की संयुक्त बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में नामांकन में आ रही समस्या सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी और सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो नामांकन के लिए आवेदन करने की तिथि विस्तारित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीबीएससी के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए विगत 29 मई से ऑनलाइन आवेदन हो रहा है जिसकी अंतिम तिथि 12 जून निर्धारित की गई है।

## स्वर्गीय राम सखिया देवी की पुण्य स्मृति पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर दी श्रद्धांजलि

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। गरीब एवं जरूरतमंदों के हितार्थ अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करने वाले व राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मंटू कुमार यादव की दादी मां स्वर्गीय राम सखिया देवी की यादें अब भी स्मृति पटल पर ताजा हैं इसी क्रम में फेस ऑफ फ्यूचर द्वारा मशरख प्रखंड के हरपुर जान गांव में स्वर्गीय राम सखिया देवी के पुण्यतिथि पर अनोखे अंदाज में याद किया गया और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई परिवार वालों ने उन्हें इस रूप में श्रद्धांजलि देने की एक अनोखी व्यवस्था की और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया,निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच हुई और दवाई भी दी गई इस स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों ने इसे एक सराहनीय काम बताया,पुण्यतिथि पर माला चढ़ाने की औपचारिकता से अलग गरीबों की सेवा करने के इस व्यवस्था के लोग काफी सराहना कर रहे हैं

शिविर में 458 मरीजों के विभिन्न रोगों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श एवं दवाईयां वितरित की गई। संस्था के अध्यक्ष मंटू कुमार यादव ने बताया कि संस्था द्वारा हमेशा समाज की उन्नति का कार्य किया जा रहा है। गरीबों की मदद के अलावा समाज के सभी तबके के लोगों को हर क्षेत्र में मदद की जाती है। शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा अन्य सामाजिक कार्यों में संस्था की अग्रणी भूमिका रहती है। जिससे लोगों का पूरा सहयोग भी मिल रहा है। संस्था समाज के दबे- कुचले, पिछड़े लोगों के साथ-साथ गरीब और असहाय की मदद के लिए उनके सुख-दुख में हमेशा आगे रहता है।

मौके पर संस्था के सचिव रणजीत कुमार, जिलाध्यक्ष मकेसर पंडित , जिला संयोजक ओमप्रकाश आजाद, स्वास्थ्य शिविर के संयोजक जितेंद्र कुमार सहित हजारों लोग उपस्थित थे । संध्या में भजन व कीर्तन का आयोजन बिहार के लोकप्रिय गायक शेखर सुमन , मनोज बिहारी व लखनलाल द्वारा किया गया।

## खरीफ महाअभियान 2024 के तहत प्रखंड स्तरीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। प्रखंड बगहा एक स्थित ई किसान भवन परिसर में रविवार को खरीफ महाअभियान 2024 के तहत प्रखंड स्तरीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल कृषि पदाधिकारी,बगहा अभय कुमार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी विरेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रमुख चंद्रावती देवी,जदयू नेता राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह व प्रमुख प्रतिनिधि पारस बैठा ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान जैविक खेती, आत्मा योजना,मधुमक्खी पालन, उधानिक फसल को बढ़ावा, पीएम किसान योजना व विभाग द्वारा संचालित धान,मक्का,मूंग, मरूआ, कौनि अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से लागत कम और उपज अधिक होती है ।किसानों को चाहिए कि सरकार द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का शत प्रतिशत लाभ उठाएं। समय के अनुसार आधुनिक तरीके से खेती कर अधिक पैदावार बढ़ाएं और अपनी आमदनी बढ़ाएं साथ ही खरीफ फसल में होने वाली तकनीकी परेशानियों व खरीफ फसल में लगने वाले कीट व्याधि व रोगों से बचाव के बारें में विस्तार से जानकारी दिए ।उन्होंने मोटा अनाज के उत्पादन पर बल देते हुए कहा कि अच्छी सेहत के लिए मोटा अनाज खाना चाहिए। उन्होंने किसानों को मोटा अनाज के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया साथ ही किसानों से कहा कि केमिकल फटीलाईजर का उपयोग खेतों में कम करें। प्रखंड कृषि पदाधिकारी विरेंद्र कुमार शर्मा ने कृषि विभाग की सभी योजनाओं के जानकारी विस्तार से दिए साथ ही उन्होंने मोटे अनाज की खेती , पीएम किसान का भौतिक सत्यापन, ई केवाईसी एवं एनपीसीआई जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया और किसानों को मोटे अनाज की खेती करने पर जोर दिया और बीएओ ने किसान भाइयों से अपील किया की समय पर कृषि यंत्रीकरण व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवदेन करें और योजनाओं का लाभ लें। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सत्यम कुमार ने बताया कि खरीफ महाअभियान में किसानों को मोटे अनाज की खेती को क्लस्टर में करने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही आत्मा योजनाओं में एफआईजी/ एफएसजी के विभिन्न सुविधाओं के बारे में बताया गया।

## वाटर कूलर से ठंडा पानी पी कर राहगीरों को मिलेगी भीषण गर्मी से राहत : डॉ. पांडेय



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत लायंस अन्नपूर्णा के सौजन्य से लगभग पचास हजार रुपया के लागत से बने शुद्ध शीतल पेय जल हेतु वाटर कूलर का इंस्टालेशन भगवान बाजार थाना रोड में एक मंदिर परिसर के प्रांगण में किया गया। इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डा एस के पांडे के द्वारा फीता काट कर किया गया ।उन्होंने कहा कि लायंस क्लब द्वारा संचालित अन्नपूर्णा भोजन सेवा से जो फंड इकट्ठा हुआ था, उसी से इस प्रोजेक्ट को किया गया। इसका लाभ आम आदमी से लेकर राहगीर तथा उस रास्ते से गुजरने वाले रिक्शा चालक, टेम्पू चालक, ठेला चालक एवं विधार्थी आदि ले सकते हैं। उद्घाटन के बाद राहगीरों ने ठंडी पानी पी कर समाज सेवा हेतु लायंस क्लब द्वारा किए गए इस कार्य की प्रशंसा की। उक्त अवसर पर लायंस अध्यक्ष रणधीर जायसवाल, सचिव मनीष सिन्हा, कोषाध्यक्ष वासुदेव गुप्ता, जेड सी लायन प्रमोद मिश्रा, लायन अमर कुमार, लायन बृजेंद्र किशोर, लायन आनंद अग्रहरी, लायन नवीन कुमार, लायन सत्यनाराण प्रसाद, लायन डा मकेश्वर चौधरी, सुधीर कुमार, संदीप कुमार, विजय सोनी, मनोज वर्णवाल, पिंटू कुमार, सुभाष कुमार, मणिशंकर मिश्रा, नारायण पांडे, मनोज यादव, शैलेंद्र कुमार, बी एन गुप्ता, लियो विकास कुमार, लियो आदिल आदि सदस्य मौजूद रहे। जानकारी पी आर ओ लायन साकेत श्रीवास्तव ने दी।

## बनियापुर मे कार ने दो लोगो मारी टकर,तीन जख्मी

प्रात :किरण संवाददाता

बनियापुर । बनियापुर के चेतन छपरा काली स्थान के समीप एक कार ने एक साइकिल सवार एक पैदल यात्री को धक्का मार पलट गयी तथा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी,जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए है,घायलो को स्थानीय लोगो द्वारा आनन फानन मे अस्पताल मे इलाज के लिए भेजा गया। घटना के संबंध मे बताया गया है कि एन एच 331 पर चेतन छपरा काली स्थान के समीप एक कार ने दो लोगो को धक्का मारने के बाद पलट गयी जिसमे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी जिसमे सवार एक व्यक्ति बुरी तरह जख्मी हो गए,वही साइकिल सवार व एक पैदल यात्री भी जख्मी हो गये है ।बताया गया है की जनता बजार की कार है वही चेतन छपरा के विजय साह प्रेम आनंद जयप्रकाश मिश्र सभी चेतन छपरा तथा रवि कुशवाहा जनता बजार निवासी घटना मे गंभीररूप से जख्मी हो गये है वही एक अन्य जख्मी जनता बजार के बताए गए है ।जिन सभी का इलाज रेफरल अस्पताल मे कराया जावरहा है।

## श्रद्धांजलि एवं संकल्प सभा का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पं चम्पारण जिला कार्यालय के सभागार में पार्टी के राष्ट्रीय नेता अतुल कुमार अंजान एवं प्रोफेसर ब्रज कुमार पाण्डेय की स्मृति में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया, इस सभा में अतुल कुमार अंजान के तस्वीर पर फूलमाला अर्पित कर दो मिनट का शोक व्यक्त किया गया, श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भारत भूषण दूबे, राजद के प्रभु यादव सी पी आई एम के जिला सचिव चांदसी प्रसाद यादव शंकर कुमार राव, सांस्कृतिक मोर्चा के अनिल बाबा पाठक, शिक्षक नेता नवीन राय, भारत जोडो अभियान के रामेश्वर प्रसाद, आलमगीर हुसैन, प्रगतिशील लेखक संघ के एन डी तिवारी, ए आई एस एफ नेत्री लक्की, किसान नेता राधामोहन यादव, अशोक मिश्र, तंजीम ए इंसाफ के अब्दुल सतार, खेत मजदूर नेता सुबोध मुखिया, भाकपा नेता बब्लू दूबे , कृष्ण नन्दन सिंह, तारकेश्वर सहनी, हरिशंकर साह, हरेन्द्र द्विवेदी, गायत्री देवी, आरती, मदन शर्मा, खलिकुज्जमा, लछुमन राम, ध्रुव नाथ तिवारी, संजय सिंह, गिरजा शंकर ठाकुर, गंगा वर्मा, आदि ने अपने वक्तव्य में अतुल कुमार अंजान एवं प्रोफेसर ब्रज कुमार पाण्डेय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके अधुरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया, कामरेड अतुल अंजान के मृत्यु से देश के कम्युनिस्ट एवं किसान आंदोलन को गहरा धक्का लगा है श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा की अध्यक्षता भाकपा जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति ने किया

## एन ई यूनियन के ग्रुप डी के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। रविवार को स्टेशन डायरेक्टर छपरा के विरोध में एन० ई० रेलवे मजदूर यूनियन के बैनर तले छपरा के सभी डी विभागों के कर्मचारीत्रों ने जम कर विरोध प्रर्दशन किया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता अगरनाथ सिंह ने किया। प्रदर्शन का मुख्य कारण 08 जून को 15102 के, स्कौटींग स्टाप बिनोद कुमार का कपलीग काटने के वक्त बाया पैर कट गया जिसकी सुचना मिलते ही एन०ई० रेलवे मजदुर यूनियन के मंडल मंत्री एम बी सिह रेलवे के उच्च अधिकारियों से बात की । कर्मचारी का रेलवे अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद कर्मचारी को रेलवे अस्पताल गोरखपुर रेफर कराया गया। कर्मचारी और यूनियन के सहयोग से गाड़ी न०- 15107 से गोरखपुर भेजा गया रेलवे अस्पताल गोरखपुर के एल गुप्ता ने खुद जा का कर्मचारी का हाल चाल जाना यूनियन और प्रशासनिक सहयोग से कर्मचारी को एम्बुलेन्स से लखनउ भेज कर इलाज कराया जा रहा है लेकिन स्टेशन डायरेक्टर छपरा ने एक अखबार को अपन ब्यान दिया कि कर्मचारी ट्रेन से कूद गया है। इस गलत ब्यान का एन०ई रेलवे गजदूर यूनियन धोर निन्दा करती है और प्रशासन से यह मांग करती है कि स्टेशन डायरेक्टर कार्यवाई की जाए ।उक्त बातों कि जानकारी एन ई यूनियन मैकेनिकल के कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने दी।

## भाजपा का 240 सीट किसी प्रत्याशी का नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी का है जन समर्थन

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिले 240 संसदीय सीट किसी प्रत्याशी का वोट नहीं बल्कि यह जनमत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। 240 सांसदों में मात्र पांच प्रतिशत ही ऐसे सांसद जीत कर आए हैं जिनका श्री मोदी के साथ-साथ अपना भी जनमत है जो हमेशा जनता से जुड़े रहे हैं । बाकी सांसदों को अपनी जीत पर इतराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे अपने समर्थन से नहीं मोदी जी के नाम और किए गए कार्यों के आधार पर जीते हैं। इस परिस्थिति में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को मंथन करने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में पिछले 5 सालों में कोई भी खोज खबर नहीं लिया कि उनके सांसद जनता के बीच हैं कि नहीं और उन्होंने कौन-कौन सा कार्य किया। अधिकांश भाजपा सांसद सत्ता का उपयोग करते हुए भोग विलास में जुटे रहे और जनता से उनका कोई संपर्क नहीं रहा।

## मोरारी बापू की राम कथा का 9 दिवसीय कार्यक्रम रविवार को हुआ संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया ।एक जून से वाल्मीकि की तपोभूमि वाल्मीकिनगर स्थित नारायणी गंडक नदी के तट पर चल रहे 9 दिवसीय राम कथा का आयोजन रविवार को सुसंपन्न हो गया। बतादें की राम कथा वाचक संत मोरारी बापू का राम कथा का आयोजन एक जून से किया जा रहा था जिसका रविवार के दिन जय श्रीराम के जयघोष के साथ संपन्न हो गया। बतादें 9 दिवसीय राम कथा के आयोजन के दरमियान राम कथा समिति द्वारा श्रोता श्रद्धालुओं के लिए तीन समय के प्रसाद भोजन का व्यवस्था किया गया था। राम कथा को सुनने के लिए देश के कोने कोने से श्रद्धालु आए हुए थे साथ ही नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोताओं ने इस आयोजन का धार्मिक लाभ उठाया। बतातें चलें कि कथा संपन्न होते ही बापू की एक झलक पाने के लिए भक्त व्याकुल दिखे। प्रत्येक दिन की भांति कथा की शुरूआत सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष चैतन्य को नमन करने के बाद हुई ।इस दौरान बापू ने वाल्मीकिनगर में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की भव्य मूर्ति स्थापित करने और वाल्मीकि शोध संस्थान निर्माण करने का सुझाव दिया। बापू ने कहा कि राम कथा लोगों की कथा है ।अत्यंत सुख से दुख की उत्पत्ति होती है ।सुख और दुख आते रहना चाहिए,क्योंकि इससे दोष और गुण दिखता है ।सत्यवादी वही है जो हमेशा सत्य बोले ।चाहे सामने कोई भी हो,शून्य और पूर्ण दोनो एक ही हैं,प्रेम को बांटना चाहिए ।सब को प्रेम करो,चाहे वह शत्रु ही क्यों न हो ।प्रेम परमात्मा को भी मुक्त करता है ।अंतःकरण को शुद्ध रख कर परमात्मा को पाया जा सकता है ।कर्म करते रहो फल की चिंता मत करो ।वर्षा ऋतु में सबसे प्रिय व्यक्ति की याद आता है। नौ दिनों के कथा वाचन के क्रम में अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया पंडाल के अंदर और पंडाल के बाहर भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं ने खड़े होकर मुरारी बापू के मुख से कथा का श्रवण किया।

## विश्वंभरपुर में आयोजित योग शिविर का हुआ समापन

प्रात :किरण संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के विश्वंभरपुर स्थित राम जानकी मठ परिसर में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हो गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों महिला तथा पुरुषों ने भाग लिया ।इस दौरान पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के बिहार तथा झारखंड प्रभारी योग गुरु अजीत कुमार के द्वारा निरोगी जीवन के लिए योग की महत्ता पर विशेष चर्चा की गई ।इसके साथ ही सभी ग्रामीणों को अनुलोम विलोम,कपालभांति समेत कई योगासनों को करने की विधि तथा होने वाले फायदा को बताया गया ।यह योग शिविर शुक्रवार से रविवार तक संचालित हुआ। वहीं इस शिविर के समापन के उपरांत डेरनी बाजार के समीप स्थित शिवपति मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया गया ।जिसमें एलोपैथी, योग, नेचुरोपैथी,पचकर्मा,मर्मदाब आदि विधियों से इलाज की जाएगी ।योग शिविर में मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक सह बिहार स्टेट बार काउंसिल के वाइस प्रेसिडेंट धर्मनाथ प्रसाद यादव,महंत गुड्डू दास, डा0 रानी कुमारी, डा0 के एन सिंह,प्रो0 चंद्रशेखर भारद्वाज,सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,सवानंद यादव,गिरिजा प्रसाद राय,लक्ष्मण सिंह समेत दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुर के एसयूआई कार्यकर्ताओं नें नीट परीक्षा रद्द करने का किया मांग



भोजपुर। एनएसयूआई छात्र नेता बताया कि छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली गंभीर मुद्दा है छात्र अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण समय लगाकर अपने माता-पिता के खून पसीने की कमाई लाखों रुपए पैसे लगाकर पढ़ने में खर्च करते हैं ताकि उनका बच्चा डॉक्टर बन सके के उनका सपना पूरा कर सकें। आज भी लाखों की संख्या में आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी आने को विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए परीक्षा की तैयारी दिलो जान से करते हैं।इसीलिए नीट परीक्षा में पेपर लीक और रिजल्ट में धांधली के विरोध में और एसयूआई प्रदेश अध्यक्ष चुन्नू सिंह के निर्देशानुसार आज आरा में छात्र छात्रों को न्याय दिलाने के लिए एनएसयूआई के कार्यकताओं नें नेट और सरकार के विरुद्ध में अपनी आवाज को बुलंद किया और दोषियों पर कार्रवाई का मांग किया और नीट की परीक्षा रद्द करते हुए जांच करने का मागं किया।

### बढ़ते तापमान को देखते हुए 15 जून तक स्कूल बंद रखने की मांग

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले में जेठ के तपती दोपहरी में आम जीवन त्रस्त हो गया है ।42 से 48 डिग्री तापमान में लोगों का जीना मुहाल हो गया है ऐसी स्थिति में बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल का खोला जाना बच्चों के लिए जानलेवा साबित होने की संभावना है। जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने औरंगाबाद जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा है कि 15 तारीख तक प्रचंड गर्मी के आलोक में बच्चों के स्कूल जाने पर रोक लगाई जाए इससे संबंधित प्रेषित पत्र में उन्होंने जिला पदाधिकारी को आगाह किया है कि मौसम विभाग के प्राप्त सूचना में 15 जून तक प्रचंड गर्मी बने रहने की बात कही जा रही है ऐसी स्थिति में 15 जून तक स्कूल जाने से बच्चों को प्रतिबंधित किया जाए एवं उनके जान माल की रक्षा की जाए। जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रखी जा सके।

### रौनियार वैश्य भवन द्वारा डॉ को किया गया सम्मानित

गया। गया के लोगों को बिमारी के बारे पुरी जानकारी देने आए मेग्नेटिक एनालाइजर श्याम कुमार एवं राजीव साहा को रौनियार वैश्य भवन के महामंत्री जे पी गुप्ता और कोषाध्यक्ष अमिताभ कुमार,राजु कुमार गुप्ता ने माला पहनाकर इतने अच्छे कामों के लिए सम्मानित किया और कहा की अगली बार बढी संख्या में समाज के लोगों द्वारा शिविर करवाया जाएगा।

### नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने सारण टीम रवाना

दिघवारा। नगर सिल्लीगुड़ी में 11 जून से 16 जून तक आयोजित होने वाले जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए सारण टीम रविवार को दिघवारा स्टेशन से रवाना हुई।इस टीम में आयुष ,कुणाल, गोलू, मुस्कान, सौंदर्य,पल्लवी शामिल हैं ।सारण टीम के मुख्य सचिव रोशन सिंह,सचिव अशोकसिंह,टीम कोच हिमांशुदुबे,अमन सिंह,सुशांत सिंह,अंशु सिंह ,सोनू कुमार ने टीम को दिघवारा स्टेशन से रवाना किया और बेहतर परिणाम की शुभकामना दी।

### दोस्त ने दिया धोखा,दोस्त की पत्नी को लेकर हुआ फरार

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के सुतिहार चौक से पति का दोस्त ही एक महिला को शादी की नीयत से लेकर फरार हो गया ।इस संबंध में महिला के पति सुतिहार बिंद टोला के छोटेलाल प्रसाद ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है ।दर्ज एफआईआर में उसने कहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दक्षिण डीह नैनी के सूरज महतो से शहर में रहने के दौरान दोस्ती हो गई ।इसके बाद वह इसके घर आने जाने लगा ।उसकी पत्नी अपने चौदह माह के बच्चे को लेकर मैके जा रही थी ।वह खुद ऑटो से अपनी पत्नी को सुतिहार चौक तक छोड़ गया।

### बकरीद पर र रोड पर पशुओं की नहीं होगी खरीद-बिक्री

पटना सिटी। सुल्तानगंज थाना परिसर में 17 जून को होने वाले बकरीद के लिए शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया ।इसमें निर्णय लिया गया कि दरगाह शाह अरजानी के मजार पर चादरपोशी के लिए जुलूस निकालने वाले को थाना से आदेश लेना आवश्यक है। दरगाह परिसर में मेला का आयोजन होता है। इसमें एक दिन पुरुषों का और दूसरे दिन महिलाओं की भीड़ उमती है। बकरीद में पशुओं को रोड पर भीड़ लगाकर बेचने पर सख्त मनाही है। बकरीद के अवसर पर शनिचरा ईदगाह के साथ जामा मस्जिद दरगाह, नौघरवा मस्जिद, खानमिर्जा मस्जिद और जमाएत ए इस्लामी मस्जिद नमाज अदा की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव में प्रशंसनीय कार्य करने पर एसएसपी के हाथों सम्मानित हुई गेहलौर थाना अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष,भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में प्रशंसनीय कार्य करने वाले नगर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर अपर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, एसएचओ,थाना अध्यक्षों, सर्किल इंस्पेक्टर,ओपी अध्यक्ष को एसएसपी आशीष भारती ने एसएसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसएसपी ने कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी के मेहनत और परिश्रम के कारण जिले में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ है। नतीजा है कि पहली बार गया जिले में चुनाव के दौरान कोई हिंसक घटनाएं



नहीं हुई। दो चरणों में हुए चुनाव में मतदाताओं ने भयमुक्त होकर मतदान किया। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने में पुलिस की प्रशंसनीय भूमिका रही है। एसएसपी ने सीआरपीएफ एवं एसएसबी के अफसरों को भी प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया। सम्मान समारोह में गेहलौर थाना अध्यक्ष रेखा कुमारी को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनके कार्यों को सराहा इसके पूर्व क्राइम मीटिंग में एसएससी में पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी कांड दर्ज हुए हैं उन कांडों की चार्ट शीट दाखिल कर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी करें ।साथ ही लंबित कांडों का भी निष्पादन करें। वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान शुरू करने का निर्देश दिया।

## घर घर गायत्री यज्ञ के निमित सैकड़ो लोगों ने यज्ञ में हिस्सा लिया

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के दुर्गा मैदान के प्रांगण में घर घर गायत्री यज्ञ के निमित श्रीराम प्रज्ञा मंडल जम्होर के सान्निध्य में सात कुण्डीय गायत्री यज्ञ दो पाली में कराया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने यज्ञ के कार्यक्रम हिस्सा लिया एवं भक्तिमय वातावरण में पूजा अर्चना की। हवन में हिस्सा लेते हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि जब से हम लोग इस कार्यक्रम में शिरकत किए हैं तभी से आत्मिक, मानसिक शांति का वातावरण छा गया है। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम अनवरत चलेगी और प्रत्येक रविवार को लोगों की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है ।लोग इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं। यज्ञ के सफल आयोजन कराने में कार्यकर्ता सत्यम कुमार, रंजीत मालाकार,राहुल कुमार, आनंदी कुमार,संतोष कुमार, सुरभि कुमारी,विद्या कुमारी,खुशी कुमारी,अनिता कुमारी,ममता देवी,कौशल कुमार,अग्रवाल दीपक की सराहनीय भूमिका रही ।प्रत्येक रविवार को इस तरह के आयोजन से पूरा गांव का वातावरण परिष्कृत हो गया है।

# खून के अभाव में न जाए किसी की जान, करिए रक्तदान : सल्लू खान

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। समाजसेवी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान अब तक कर चुके हैं। जिले में दिन प्रतिदिन गंभीर रूप से हीमोग्लोबिन नहीं रहने के कारण सैकड़ो मैरिज सदर अस्पताल से बाहर लौट रहे हैं और सड़क दुर्घटना में हो रहे हैं मरीजों को परिजन ना रहने के कारण ब्लड उपलब्ध नहीं होने पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर में ब्लड बैंक में रक्त की हो गई थी। शिविर में शहर के उत्साहित युवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि ब्लड बैंक में रक्त की कमी हो गई थी. लेकिन समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। औरंगाबाद में की युवा की एक अच्छी पहल है. जिसके लिए मैं सारे संस्थापक लोगों को दिल से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं शनिवार की शाम कई गंभीर



मरीज को ब्लड देना था जिस पर अस्पताल में इलाज करने आए परिजन को ब्लड की जरूरत पड़ी तो वह अस्पताल में लोगों से अपील के बाद सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डा. आशुतोष कुमार सिंह ने सह समाजसेवी मो शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को फोन कर मोबाइल से बात कर याद किया और अस्पताल बुलाया समाज सेवी सल्लू खान लूज से गर्मी की शिकार कुवैत है और वह लू लगने से और तेज बुखार रहने के बाद वह घर पर आराम कर रहे थे। इसी बीच तेज बुखार रहने के वजूद भी वह सदर अस्पताल चले गए जहां अस्पताल जाकर कुछ युवाओं को सदर अस्पताल बुलाया और रक्तदान अस्पताल के ब्लड बैंक में कराया। जिसमें एक बार फोन करने के बाद अस्पताल पहुंचने वाले युवाओं का काफी रक्तदान करने के लिए अपना बात कही जिसके बाद दुआओं का रक्तदान लिया गया। शहर के ही सौरभ कुमार कुणाल कुमार अमित कुमार युवाओं ने कुछ अपने गांव के साथ सदर अस्पताल रक्तदान के लिए पहुंचे और रक्तदान किया जिस जरूरतमंदों को ब्लड की आवश्यकता थी उसे परिजन को रक्तदान की बालक की व्यवस्था भी कराई गई सौरभ कुणाल अमित ने कहा कि ब्लड देने से ब्लड शरीर के अंदर बनता है लोगों को रक्तदान करने में आगे आना होगा लोगों की जान बचाना हम सभी का कर्तव्य है रकड़न करने से रक्तदान बनता है। वहीं सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डॉक्टर आशुतोष कुमार ने कहा कि औरंगाबाद जिले में सवार्डी के 39 बार रक्तदान डाटा मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने अब तक किया है जो की इस रनिया कार्य के लिए वह हमेशा खड़े रहते हैं ऐसे लोगों को तहे दिल से आभार व्यक्त किया कहा कि आगे भी लोगों को जागरूक करने से रक्तदान के लिए जरूरी है ताकि आए हुए बेसहारा सहाय मरीज अस्पताल से वापस नहीं लौटे और रक्तदान नहीं मिले तो उनकी जान नहीं जा सके अस्पताल में रक्तदान करने वाले को उपाधीक्षक ने काम उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें भी बधाई दी। डा. अमृत कुमार, रवि कुमार मिश्रा, शत्रुधन कुमार पटेल, सैयद बंटी, एक्सीलरेशन, हरेंद्र कुमार सिंह सहित लोगों ने भी रक्तदानता को जागरूक करने को लेकर कहा कि सभी को एग्जिट होकर रक्तदान करना होगा तभी जाकर लोगों की जान बच्च सकी। कहा कि हम सभी को रक्तदान के मामले में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ना है और लोगों को जिस तरीके से मरीज को रक्तदान उपलब्ध कराना है और लोगों का जान बचाना है जान बचाना एक महा काम है और रक्तदान भी महादान है रक्तदान महादान से बड़ा कोई भी कुछ नहीं है।

## मैग्नेटिक एनालाइजर लोगों ने कराई जांच

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया के रौनियार वैश्य भवन में मैंग्नेटीक एनलाइजर द्वारा सौ से भी ज्यादा लोगों ने गम्भीर बिमारी के बारे में लोगों ने अपने बारे में जाना है पटना से आए मैगनेटिक एनालाइजर डा श्याम कुमार एवं राजीव साह सुबह नौ बजे से ही लोगो और रौनीयार समाज का मशीन द्वारा पुरे शरीर के अंदर के सभी कमी वैसी के बारे पुरी जानकारी दी गई है। सबसे पहले महिला विकास मच के अध्यक्ष अर्पणा शर्मा को सम्मानित किया गया फिर उन्होंने इसकी तारीफ की है ।इसमें रौनीयार वैश्य भवन के अध्यक्ष जगत



किशोर गुप्ता, महामंत्री जेपी कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमिताभ कुमार, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारणी राजु कुमार गुप्ता,राजु गुप्ता,अर्जुन कुमार गुप्ता,महिला समिति अध्यक्ष निलम गुप्ता, महामंत्री रिकी गुप्ता,सिमा गुप्ता,माधुरी गुप्ता,शिखा,विणा, मुस्कान,विमिला गुप्ता,पुषपा गुप्ता,पम्मी ,आशा काफी संख्या में लोगों ने इस शिविर से लाभ प्राप्त किया है।

## सुरताल में विलीन होने की अवस्था संगीत का चरमोत्कर्ष हैं : किरण कुमारी

आरा। शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एण्ड म्यूजिक के स्थापना दिवस के अवसर पर महाजन टोली स्थित आश्रम परिसर में संगीत सरिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगीत में अद्भुत सम्मोहन शक्ति हैं जो हमें एक दूसरी दुनिया में ले जाता हैं। सुधबुध खोकर सुरताल में विलीन होने की अवस्था संगीत का चरमोत्कर्ष हैं। इस अवसर पर गौरी व सगुन ने ठुमरी पर कथक की भाव भंगिमाओं को प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। वहीं राशि, राका व चित्रा ने पंडित बिरजू



महाराज की रचना "एक बार वंशी ना बाजी घनश्याम सो' पर भाव अभिनय प्रस्तुत किया। वहीं स्नेहा पाण्डे ने तीनताल में शुद्ध कथक प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम में श्री महेश यादव ने राग संगीत में "अब ना सताओ मोहे" व छोटा ख्याल व ठुमरी प्रस्तुत कर समां बांधा। वहीं श्रेया पाण्डे ने राग बागेश्री में विलंबित एक ताल की "बंदिश जाओ ना परदेश निठुर पिया मोरे" तीन ताल की बंदिश चैन ना पावें जियरा मोरे बलमा व दादरा प्रस्तुत का दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरु बक्शी विकास ने गजल "फिर उसने गुलाबों से मेरा नाम लिखा हैं" व "जिंदगी में बस यही एक खता कर गये, जाने क्या सोचकर हम वफा कर गये" प्रस्तुत किया। तबले पर राणा प्रताप सिन्हा व हारमोनियम पर अजीत पाण्डेय ने संगत से रंग भरा। मंच संचालन कथक नर्तक अमित कुमार व धन्यवाद ज्ञापन तबला वादक सूरज कान्त पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर तबला वादक बिंदा जी, संजय कुमार, रौशन किशोर, नीतीश पाण्डेय समेत कई संगीत रसिक उपस्थित थें।

## धूमधाम से मनाया गया जिंदाशा बाबा महोत्सव, कलाकारों ने बांधा शमा

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड के इमादपुर गांव में विशाल जिदाशा बाबा महोत्सव की धूम मची हुई है इस दौरान 21मन का बनाया हुआ प्रसाद से उनकी पूजा की गई ऐसा माना जाता है कि सच्चे मन से जो भी भक्त उनसे मुराद मांगते हैं वह जरूर पूरी होती है पौराणिक कथा के अनुसार हजारों वर्ष पहले जब इस गांव से भरी दुपहरी में एक फकीर जिंदा शाह बाबा जा रहे थे तभी उनको प्यास लगी थी और उन्होंने गांव के लोगों से पानी मांगा लेकिन किसी ने पानी नहीं दिया उसी रास्ते जा रहे एक व्यक्ति ने पानी के बदले उनका दूध पिला दिया जिसके बाद उनकी आत्मा तृप्त हो गई और उन्होंने वही समाधि ले लिया और पानी नहीं



पिलाने वाले लोगों को श्राप देकर वह विलीन हो गए इसके बाद से उस जाति के लोग उसे गांव के अलावा आसपास के गांव में नहीं रह पाते हैं।

गलती से अगर वह इस गांव में आ भी गए तो उनके साथ कोई अनहोनी जरूर हो जाती है वहीं इनकी महत्ता काफी दूर-दूर तक फैली हुई है इसी जिंदाशा बाबा की समाधि पर हर वर्ष मेला लगता है और बड़े विधि विधान के साथ उनकी पूजा की जाती है वह भी खुले आसमान के नीचे उनकी समाधि है जिसकी पूजा गांव के अलावे आसपास के लोग भी बड़े धूमधाम से करते हैं दूध गुड़ रोटी और मेवा बादाम से मिश्रित कर बनाए गए मलीदा से इनका भोग लगाया जाता है सबसे पहले 24 घंटे का हरि नाम संकीर्तन होता है तत्पर साथ जिंदाशा बाबा की पूजा करने के बाद एक विशाल जिंदासा बाबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें की भोजपुरी के एक से बढ़कर एक बेहतरीन कलाकारों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी उपस्थित कलाकारों में भोजपुरी की स्वर कोकिला सोनी पांडे डिंपल भूमि प्रियंका सिंह इंदु सोनाली सुमित कई कलाकार मौजूद थे कार्यक्रम का विधिवत संचालन एंकर विक्की तिवारी एवं अंतर्राष्ट्रीय उद्घोषक रवि रंजन राय ने किया इस कार्यक्रम में भोजपुरी इंडस्ट्री के कई चर्चित कलाकारों ने अपने गानों के माध्यम से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया इस कार्यक्रम के संयोजक सुधीर कुमार पांडे ने बताया कि हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और बड़े ही धूमधाम से बाबा की पूजा की जाती है और इस सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें की मुंबई से लेकर भोजपुरी के बड़े-बड़े कलाकार इसमें सम्मिलित होते हैं उपस्थित लोगों में सुधीर पांडेय गुड्डू पांडेय मुन्ना पांडेय अमरीश पांडेय बीरेंद्र सोनी, राजेश सिंह, रंजीत पांडेय, राहुल पांडेय, धीरज कुमार,राजकुमार, वकील पांडेय, गोरख पांडेय,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खेल प्रतियोगिता से होता है सामाजिक समरसता कायम

प्रात : किरण संवाददाता

एंकरः भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड अंतर्गत कारीसाथ गांव में बलराज बाबा के स्मृति में घोडदौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सबसे पहले विधिवत रूप से बलराज बाबा की पूजा अर्चना की गई उसके बाद खेल मैदान पर घोड़दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन में यूपी बिहार के दर्जनों घुडसवारों ने भाग लिया इस दौरान भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और लोगों ने घर दौड़ का खूब आनंद उठाया इस दौरान घुड़सवारों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं और लोगों ने खूब तालियां बजाई सुल्तान से लेकर राजा और चेतक जैसे घोड़े इसमें शामिल हुए एवं दर्जन घोड़े के बीच भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत रूपबांध गांव का घोड़ा सुल्तान ने बाजी मारी और शील्ड पर कब्जा



जमाया, वही इस संदर्भ में कारीसाथ के मेजर राणा प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता सामाजिक समरसता के साथ-साथ कलात्मकता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच है ,अंतरराज्यीय और जिले के घुडसवारों ने प्रतियोगिता के दौरान अपने कला-कौशल को जिस ढंग से अभिव्यक्त किया वह अपने आप में बेमिसाल है, ऐसी प्रतियोगिताओं में किसी की भी विजय व पराजय नहीं होती, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था का प्रादुर्भाव होता है, जो समाज में एकता, अखंडता एवं आपसी भाईचारे का माहौल सृजित करता है। उन्होंने इसके लिए समिति सदस्यों को साधुवाद भी दिया।

## भक्तिपूर्वक भगवान का तप एवं ज्ञान कल्याणक मना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में रविवार को प्रातः समय में जिनभिषेक, शांतिधारा के उपरांत पंचायती मंदिर स्थित नव निर्मित वेदी की शुद्धि के लिए चंद्रप्रभु मंदिर से जलभरी करके घटयात्रा निकाली गई जिसमें सभी इंद्र-इंद्राणी व पात्र घटयात्रा में शामिल रहे। वेदी शुद्धि



कर वहीं याग मंडल विधान हुआ। भगवान के तप कल्याणक के अवसर पर भगवान (महामुनि) के आहारचर्या में प्रथम आहार इच्छु रस का हुआ। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने महामुनि को आहार दिए। तदोपरांत मुनिश्री के मंगल सनिध्य में जिनबिंब स्थापना पंचायती मंदिर में किया गया। दोपहर समय में ज्ञान कल्याणक पूरे विधिपूर्वक संपन्न हुआ जिसमें भगवान का केवलज्ञान संवशरण की रचना कर दिव्य देशना हुआ। उक्त अवसर पर कई भक्तों ने अपनी शंका का समाधान प्राप्त किया। संध्या समय में सम्यक समाधान, संगीमय आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है इस महोत्सव में शामिल होने के लिए भक्तगण विभिन्न स्थानों से आरा पहुंचे है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भगवान का मोक्ष कल्याणक बहुत ही भक्तिपूर्वक मनाया जायेगा।

### इको पार्क से चहलकदमी करते हुए हॉस्पिटल पहुंचा भालू, मची भगदड़

बेतिया ।वीटीआर क्षेत्र से सटे रिहायशी इलाके के साथ साथ पर्यटन स्थलों पर भालू के चहलकदमी को लगातार देखा जा रहा है। बतादें की शनिवार के दिन ऊपरी शिविर 3 नम्बर पहाड़ स्थित टूरिस्ट डेस्टिनेशन इको पार्क और अतिथि भवन के सामने जंगली भालू को देख पर्यटकों में हलचल मच गई किसी ने भालू का वीडियो बना के शोसल मीडिया में वायरल कर दिया। बतादें की ऊपरी शिविर से भालू चहलकदमी करते हुए निचले शिविर ई टाइप कॉलोनी स्थित हॉस्पिटल पहुंच गया। हॉस्पिटल में तैनात सेक्युरिटी गार्ड राहुल कुमार ने बताया कि मैं और मेरा साथी ड्यूटी पर थे तभी हॉस्पिटल के चारदीवारी के टूटे हिस्से से भालू को घुसते देखा । हो हल्ला मचाने के बाद भालू जंगल के तरफ भाग गया। बतातें चले कि हॉस्पिटल का दीवार जंगल की तरफ का टूटा हुआ है जहां से जंगली जानवरों का आना जाना लगा रहता है। जिस कारण हॉस्पिटल में इलाज के लिए आए मरीज अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं।

## विधिक प्राधिकार से लोगों को न्यायिक प्रक्रिया में मिलेगी राहत

शेरघाटी। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया मदन किशोर कौशिक के आदेशानुसार तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा शेरघाटी अध्यक्ष सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार के नेतृत्व में डोभी प्रखंड सभागार में मध्यस्थता विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन की



अध्यक्षता डोभी प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी अमितेश कुमार ने की। कार्यक्रम में जानकारी देते हुये पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमें सभी पक्ष अपनी इच्छा से सद्भावनापूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं। मध्यस्थता की प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रहती है।

मध्यस्थता से विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान हो जाता है तथा जटिल न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत मिलती है। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियो को मध्यस्थता हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए अनुमंडलीय विधिक सेवा कर्मचारी मनीष प्रकाश ने बताया कि मध्यस्थता से दोनों पक्षों का समय बचता है, दोनों पक्षों को धन की हानि होने से छुटकारा मिलता है तथा दोनों पक्षकरों की जीत होती है। निश्शुल्क विधिक सहायता योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को विधिक सहायता के बारे में बताया। साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई में राजीनामा योग्य प्रकरणों में भी समझौता कार्यवाही के लिए जानकारी दी।

## यूथ हॉस्टल भोजपुर इकाई का निर्विरोध चुनाव संपन्न, मिली जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन किया : डॉ अर्चना सिंह

आरा। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया भोजपुर इकाई का त्रिवार्षिक चुनाव स्थानीय संभावना आवासीय उच्च विद्यालय मझौंवां के जुबली सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्र सर्जन डॉ एस के रूंगटा ने किया। कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में स्टेट इकाई से डॉक्टर नम्रता आनन्द एवं डा० सुधीर मधुकर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ डा अर्चना सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। डॉक्टर सिंह ने तीन वर्षों के कई महत्व पूर्ण उपलब्धियां को रखा जिसमें कोविड काल से लेकर, जनहित में नगद सहयोग और निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन, पौधारोपण , ब्लड डोनेशन जैसे अनेकों काम के साथ साथ राजगीर फेमिली कैम्प में महामहीम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर



के कार्यक्रम का संचालन डा० अर्चना ने किया और जिला इकाई के ओर से महत्वपूर्ण पेंटिंग और मोमेंटो देकर जिले का मान सम्मान बढ़ाया।

सचिव विष्णु शंकर ने 3 साल के कार्यो का लेखा-जोखा सचिव प्रतिवेदन में प्रस्तुत किया।

जिला इकाई की ओर से सभी अतिथियों को बुके मोमेंट और उपहार देकर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉक्टर एस०के ०रुंगटा पूर्व के तीन सालों का सफलतापूर्वक संचालन के लिए चेयरमैन डॉ०अर्चना सिंह, और उनके सहयोगी और आजीवन सदस्य और विद्यालय के निदेशक डॉ०कुमार द्विजेंद्र और टीम के सभी सदस्यों को सहयोग के लिए बधाई और शुभकामना दी । इन्होंने बताया कि सबके सहयोग से सारा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और नई टीम भी सही ढंग से,और नई ऊर्जा के साथ काम करेगी और अपने लक्ष्य को हासिल करेगी।

आज के चुनाव पदाधिकारी श्री सुनील नैय्यर श्री प्रकाश अग्रवाल जी थे। स्क्रुटनी कमिटी में श्री अजय कृष्णा अग्रवाल एवं डॉ दिनेश प्रसाद सिंन्हा थे। चुनाव प्रक्रिया की जांच करते हुए सभी कागजात को स्टेट कमिटी को प्रस्तुत किया,संतुष्टि के बाद नई टीम के गठन की घोषणा मंच से की गई। सभी पद के लिए एक-एक ही उम्मीदवार थे इसलिए निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचित नये पदाधिकारी में अध्यक्ष डॉ एस० के ०रुंगटा, उपाध्यक्ष - सरदार गुरु चरण सिंह, श्री दिनेश कुमार , चेयरमैन -श्री अनिल कुमार , कोषाध्यक्ष -कृष्ण माधव अग्रवाल ,तथा सचिव अनुराग कुमार बनाए गए। चेयरमैन अनिल कुमार ने अपने कई सुझाव के साथ मुख्य संरक्षक में श्री विजय कुमार सिंह ,अजय कृष्ण अग्रवाल एवं सुनील नैयर एवं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री के रूप में श्री प्रकाश अग्रवाल का नाम सर्वसमिति से रखा गया। धन्यवाद ज्ञापन सचिन अनुराग सिंह ने किया। मंच संचालन प्रवीण कुमार ने किया। इस अवसर पर ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता जो कि कुछ दिन पूर्व पाटलिपुत्र यूनिट में करवाई थी। भोजपुर इकाई के अमित कुमार को सर्टिफिकेट और मैडल देकर प्ररस्कृत किया गया। इस अवसर पर सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## टीओबी बाल मन टैलेंट हंट प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के परिणाम की हुई घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर 20 जनवरी 2024 से 05 फरवरी 2024 तक आयोजित टीओबी बाल मन पत्रिका के प्रधान संपादक सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर के शिक्षक धीरज कुमार के द्वारा आयोजित टीओबी बाल मन टैलेंट हंट प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के परिणाम की घोषणा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "पर्यावरण संरक्षण में विद्यालय की भूमिका" विषय पर आयोजित एक्सक्लूसिव लेट्स टॉक में शामिल होने वाले मुख्य अतिथि अमरेंद्र पाण्डेय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कैमूर एवं विकाश कुमार डीएन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा की गई है। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिले के कुल 58 प्रतिभागियों ने टीचर्स ऑफ बिहार




के फेसबुक ग्रुप टीचर्स ऑफ बिहार "द चेंज मेकर्स" पर अपनी प्रस्तुति से संबंधित वीडियो को साझा किया। जिसमें से 26 प्रतिभागियों का विडियो मानक के अनुरूप पाया गया। इन 26 चयनित विडियों में से चयन समिति में शामिल किशनगंज जिले के प्राथमिक विद्यालय सुहागी की शिक्षिका निधि चौधरी एवं कैमूर जिले के नया प्राथमिक विद्यालय तरहनी, कुदरा शिक्षक सिकेंद्र कुमार सुमन के द्वारा वर्गवार 3 श्रेणी के 8 विजेता प्रतिभागियों का चयन किया गया है ।विजेता प्रतिभागियों में पारंपरिक लोक गीत के लिए वर्ग 1 से 5 में प्राथमिक विद्यालय बड़की बलियारी विक्रम पटना के छात्र रजनीश कुमार को प्रथम स्थान, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा, नुआव, कैमूर की छात्रा प्रियंका कुमारी को दूसरा स्थान और मध्य विद्यालय रांटी, राजनगर, मधुबनी की छात्रा काजल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वर्ग 6 से 8 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला गोपी, गायघाट, मुजफ्फरपुर की छात्रा सुहानी कुमारी को प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय लतीपुर, बिहपुर, भागलपुर की छात्रा रिया कुमारी को दूसरा स्थान और उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सलथुआ, कुदरा, कैमूर के छात्र पुरुषोत्तम कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वर्ग 11 से 12 में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नोनिया टोला, चकला, नरपतगंज, अररिया की छात्रा रुचि सिंह को प्रथम स्थान और उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सलथुआ, कुदरा, कैमूर की छात्रा गोल्डी कुमारी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून, 2024






# जॉन अब्राहम जॉन की 'वेदा' 15 अगस्त को होगी रिलीज

जॉन अब्राहम अपनी आगामी फिल्म 'वेदा' को लेकर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार हैं। 'बाटला हाउस' और 'सत्मेव जयते' जैसी हिट फिल्में देने के बाद अभिनेता एक बार फिर 15 अगस्त को ही अपनी नई फिल्म रिलीज करने वाले हैं। निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित 'वेदा' एक एक्शन से भरपूर फिल्म हैं, जो कि सच्ची घटनाओं से प्रेरित होकर बनाई गई है। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है। टीजर के रिलीज होने के बाद से ही प्रशंसक इंतजार में हैं कि फिल्म कब सिनेमाघरों में आएगी और वह इसका लुत्फ उठा पाएंगे।

### चौंका देने वाली कहानी है 'वेदा'

जॉन अब्राहम की इस फिल्म में दिल दहला देने वाले स्टंट और जबरदस्त एक्शन होंगे। दावा किया जा रहा है कि फिल्म की कहानी चौंका देने वाली होगी। फिल्म में जॉन के अलावा शरवरी, अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित और असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' का निर्माण जी स्टूडियोज, उमेश कुमार बंसल, मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी, जॉन अब्राहम द्वारा किया गया है और मीनाक्षी दास इसकी सह-निर्माता हैं।

### 12 जुलाई को होने वाली थी रिलीज

इससे पहले जब वेदा का टीजर रिलीज किया गया था तब इसके सिनेमाघरों में दस्तक देने की तारीख 12 जुलाई तय की गई थी, लेकिन अब इसके रिलीज की तारीख बदल दी गई है। फिल्म स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दर्शकों के बीच लाई जाएगी।

### 'पुष्पा 2' से होगी सीधी टक्कर

जॉन अब्राहम की 'वेदा' की सीधी टक्कर दक्षिण के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' से होगी। 'पुष्पाः द राइज' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही थी। वहीं, लोग बड़ी ही बेसब्री के साथ इसके दूसरे भाग का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में जॉन अब्राहम के सामने कड़ी चुनौती होगी।




कार्तिक आर्यन आज के दौर के उन एक्टर्स में से हैं, जो लगातार अपने किरदारों के साथ प्रयोग करते जा रहे हैं। बीते दिनों में वह एक ओर फ्रेडी के ग्रे रोल में दिखे, तो दूसरी तरफ मुद्दे वाली सत्य प्रेम की कथा में नजर आए। अब कार्तिक आर्यन फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने देश के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया है। इस फिल्म को कबीर खान ने डायरेक्ट किया है। कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन के अलावा अपने स्टारडम और स्ट्रगल और बॉलीवुड की गुटबाजी के बारे में भी बात की। उनसे एक खास बातचीत।




# मैं गुटबाजी से नहीं अपने काम से जाना जाना चाहता हूं

**आउटसाइडर होने के नाते आपको इंडस्ट्री में लॉबी, गुटबाजी और फेवरेटिज्म का सामना भी करना पड़ा है,आपने उसे कैसे हैंडल किया?**

मेरा हमेशा से कभी हार न मानने वाला रवैया रहा है। मेरे रास्ते में जितनी भी मुश्किलें आईं, मैंने उन्हें अपने काम से पार किया। मैं अगर किसी फिल्म में काम करूं, तो उसके पहले दिन से आखिरी दिन तक उससे जुड़ा रहता हूं, वो सारे मेकर्स को नजर आता है। मैं बोल कर नहीं काम करके दिखाता हूं। फेवरेटिज्म से दूर रहता हूं। मैं अपने काम से जाना जाना चाहता हूं, ना कि किसी गुट या ग्रुप से।

**आपने चंदू चैंपियन बनने के लिए 18 किलो वजन कम किया, इस प्रक्रिया में आपके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण क्या था?**

मैं हमेशा से बहुत फूडी रहा हूं। अपनी जिंदगी में ये कभी नहीं सोचा कि मैं डायट करूंगा, खाने के बाद मैं मीठा नहीं खाऊंगा। मुझे डायट शब्द से सख्त नफरत है। मगर जब चंदू चैंपियन के लिए मुझे अपनी पसंद का खाना पूरी तरह से छोड़ देना पड़ा। दो साल तक वो करना मेरे लिए सबसे ज्यादा मुश्किल था। जिमिंग का अंदाज भी बदला। मैंने सब कुछ बेसिक से शुरू किया और खान -पान में सारे अल्टरनेट फूड खाने शुरू किए। मैं कोल्ड कॉफी, चाय, मीठी चीजें, चिप्स आदि खाता था, तो मुझे सब छोड़ना पड़ा। अपनी फूड हैबिट को बदल कर बॉक्सिंग, स्विमिंग आदि सीखना भी टास्क था। शुरू में मीठा छोड़ने पर डिप्रेशन भी आया, मगर बाद में जब मैं एक्सरसाइज करते हुए अपनी कैलरीज काउंट करने लगा, तो मैंने सबकुछ छोड़ दिया। बहुत विल पावर लगा मुझे इसमें।

**अपनी फिल्म के थिएट्रिकल रिलीज को लेकर क्या उम्मीदें हैं, क्योंकि पिछले कुछ अरसे से सैम बहादुर, मिशन रानीगंज, मैदान जैसी बायोपिक्स नहीं चल रही?**

कई बार कई फिल्मों का समझ में नहीं आता। असल में कई फैक्टर्स होते हैं, जैसे पब्लिक का मूड क्या है? लेकिन मैं ये जरूर कहूंगा कि कमर्शल एस्थेटिक के साथ अगर एक अच्छी फिल्म बनाई जाए, तो वो चलती है। फिल्म नहीं चलती, तो इसका मतलब यही है कि वह दर्शकों के साथ कनेक्ट नहीं कर पाई। बायोपिक बहुत ही मुश्किल विषय होता है। बहुत अरसे बाद किसी बायोपिक के ट्रेलर को इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, तो मैं तो आशा ही कर सकता हूं कि जितने लोगों ने ट्रेलर पर रिस्पॉन्स दिया, वो थिएटर में आ जाएं।

**पहले के एक्टर्स करियर के शुरआती दौर में हलकी-फुलकी मनोरंजक फिल्में करते और सीनियर हो जाने के बाद मुद्दे वाली या बायोपिक फिल्मों का रुख करते, मगर आज के दौर में आप जैसे हीरोज शुरू में ही सीरियस सिनेमा की ओर मुड़े हैं?**

मैं करियर को इस ढंग से नहीं सोचता। मैं ज्यादातर स्क्रिप्ट के आधार पर अपनी फिल्मों का चुनाव करता हूं। जो स्क्रिप्ट मुझे अच्छी लगती है, उसमें मैं जॉनर की परवाह किए बगैर आगे बढ़ता हूं। वैसे भी अच्छी स्क्रिप्ट्स कम ही आती हैं। सत्यप्रेम की कथा और चंदू चैंपियन ऐसी स्क्रिप्ट्स हैं, जिन्हें मैं करना चाहता हूं। मेरे काम करने का तरीका अलग है। कई बार लोग कॉन्सेप्ट वाली फिल्में ही करते रह जाते हैं या एक जोन पकड़कर आगे बढ़ते हैं, मगर मेरे पास अच्छी स्क्रिप्ट आ जाती है और वो जोन अपने आप ब्रेक हो जाता है। मैंने भूलभुलैया 2, फ्रेडी, धमाका, सत्यप्रेम की कथा जैसी फिल्में कीं और अब मैं चंदू चैंपियन कर रहा हूं।

# रकुल ने इंडियन 2 से अपने किरदार का किया खुलासा



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म इंडियन 2 को लेकर बेहद उत्साहित हैं। एस. शंकर द्वारा निर्देशित इंडियन 2 में कमल हासन अहम किरदार में हैं। रकुल ने हाल ही में फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री ने बताया कि वह फिल्म में एक जिद्दी लड़की का किरदार निभा रही हैं और वह अपने किरदार से पूरी तरह से मेल खाती हैं। उन्होंने कहा, मैं एक जिद्दी, आत्मविश्वासी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए। असल जीवन में इस किरदार से मैं पूरी तरह मिलती हूं। रकुल ने कहा, यह निश्चित रूप से मेरे करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है।



# छोटे नवाब के साथ पर्दे पर फरमाएंगी इश्क!

श्रीलीला साउथ की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। अब वे मुख्य नायिका के तौर पर भी अभिनय का जादू चला रही हैं। श्रीलीला ने लगातार कई प्रोजेक्ट्स के साथ टॉलीवुड में अपना दबदबा बना लिया। कई फिल्मों में वे मुख्य भूमिका निभाते हुए साउथ के कई सुपरस्टार्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। वहीं, इस बीच अब उनकी सफलता के आसमान पर एक और सितारा चमकने वाला है। साउथ सिनेमा के अलावा श्रीलीला अब जल्द ही हिंदी सिनेमा में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीलीला जल्द ही हिंदी सिनेमा में डेब्यू करेंगी। खबर है कि श्रीलीला सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ फिल्म दिलेर में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन कुणाल देशमुख करेंगे। कहा जा रहा है कि दिलेर के निर्माता तेलुगु सनसनी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, उनकी इस परियोजना पर आधिकारिक बयान का अभी भी इंतजार है, लेकिन इंडस्ट्री पहले से ही यह अनुमान लगा रही है कि यह डेब्यू बॉलीवुड में अगले बड़े स्टार की लॉन्चिंग हो सकती है।





# इंडस्ट्री में 20 साल से टिकी हैं मोना बोलीं- इस प्यार के लिए आभार

टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। वे आने वाले दिनों में कॉमेडी-हॉरर फिल्म मुंजा में अहम भूमिका निभाती नजर आने वाली हैं। मोना पहली बार किसी हॉरर फिल्म में नजर आने वाली हैं। अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री अपने लंबे करियर के बारे में भी खुलकर बातें करती नजर आईं।

### 20 साल बाद भी इंडस्ट्री में हूं

मोना सिंह ने टीवी के मशहूर शो जस्सी जैसी कोई नहीं से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस शो की वजह से वे रातों-रात स्टार बन गईं। मोना को आज भी उनके फैंस जस्सी के नाम से ही जानते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मोना बोलीं, मैं इसी बात से काफी खुश हूं कि बीस साल बाद भी मुझे काम मिल रहा है और मैं इंडस्ट्री में बनी हुई हूं। इस बात के लिए मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं।

### अतीत को बदला नहीं जा सकता

मोना सिंह अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं हमेशा से वर्तमान में जीती आई हूं। मैं बीती बातों को सोचकर उदास नहीं होती हूं। इंडस्ट्री ने मुझे कितना कुछ दिया है। साल 2023 मेरे लिए काफी खास रहा है। इस साल मैं कई शानदार शो का हिस्सा रही। मेरा हर किरदार मेरे पिछले किरदार से अलग और चैलेंजिंग रहा है। सच कहूं तो मुझे काफी मजा आ रहा है। मैं अपने करियर के इस फेज को काफी एंजॉय कर रही हूं।

### मुंजा को लेकर उत्साहित

मोना सिंह आदित्य सरपोतदार द्वारा फिल्म मुंजा को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार पुणे और कोंकण क्षेत्र पर आधारित फिल्म में काम कर रही हूं। इस फिल्म के दौरान मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है। मुझे अलग-अलग विषयों पर काम करना काफी पसंद है। इस फिल्म की शूटिंग हमने कोंकण क्षेत्र के कुछ बहुत ही खूबसूरत और प्राचीन स्थानों पर किया है। यह एक लाजवाब फिल्म है।



# लड़ाई हो तो भी थोड़ा स्पेस मिलना चाहिए

रणबीर कपूर को आखिरी बार फिल्म एनिमल में देखा गया था। बॉक्स ऑफिस पर ये ब्लॉकबस्टर फिल्म रही थी। इस फिल्म के प्रमोशन्स के दौरान रणबीर ने बताया था कि उनकी भी पत्नी आलिया भट्ट के साथ लड़ाई होती है। बहस भी होती है। आलिया तब तक रणबीर को कहीं नहीं जाने देती हैं, जब तक वो अपना प्वॉइंट प्रूव न कर लें। वहीं, रणबीर का मानना होता है कि वो दोनों ही कुछ समय के लिए स्पेस ले लें, जिससे बाद में शांत दिमाग से चीजों को सॉल्व किया जा सके। करीना संग बातचीत में रणबीर ने कहा था- अगर लड़ाई होती है तो मैं चाहता हूं कि मुझे थोड़ा स्पेस मिले। वहीं, आलिया खुद को उस समय वकील समझने लगती हैं। उन्हें अगर लगता है कि कोई उन्हें बेवजह गलत बता रहा है तो वो खुद का बिना प्वॉइंट प्रूव किए उस इंसान को वहां से जाने नहीं देतीं। जैसे की मैं। वो अपना प्वॉइंट क्लियर करती हैं। मेरे अंदर बिल्कुल भी ईगो नहीं। सेल्फ रिस्पेक्ट भी नहीं। मैं सॉरी बोलने में यकीन रखता हूं। फिर मैं गलत हूं या सही. पर मुझे स्पेस देने का कॉन्सेप्ट पसंद है। कई बारी चीजें गरमा-गर्मी में कह दी जाती हैं। जब भी कपल के बीच लड़ाई हो रही होती है तो कुछ चीजें हम लोग एक-दूसरे को ऐसी कह देते हैं जो नहीं कहनी चाहिए और आपका वो मतलब भी नहीं होता है जो आप कह देते हैं। ऐसे में वो 3-4 शब्द किसी इंसान के साथ रह जाते हैं जो उसको याद आते हैं तो हर्ट करते हैं। ऐसे में कपल को बैठकर आराम से बात करनी चाहिए और गलतफहमी दूर करनी चाहिए।

बता दें कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की लव स्टोरी की शुरुआत ब्रह्मास्त्र के सेट पर हुई थी। जब दोनों की पहली मुलाकात हुई। साल 2022 में दोनों ने इंटीमेट वेडिंग की, जिसमें घर के लोग और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। इसी साल दोनों ने नवंबर 2022 में बेटी राहा कपूर का स्वागत किया था। राहा डेढ़ साल की हो गई हैं और इनकी क्यूटनेस पर हर कोई फिदा नजर आता है। स्पेशली इनकी आंखों के रंग को देखकर हर कोई इन पर प्यार लुटाता दिखता है।

# बिग बॉस ओटीटी 3 में धमाल मचाएंगे भव्य गांधी

तारक मेहता का उल्टा चश्मा के टप्पू अका भव्य गांधी शो छोड़ने के बाद छोटे पर्दे से गायब हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भव्य गांधी जल्द ही छोटे पर्दे पर अपनी वापसी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, भव्य गांधी बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि भव्य को बिग बॉस ओटीटी 3 के निर्माताओं द्वारा संपर्क किया गया है। बिग बॉस ओटीटी के अगले सीजन को अनिल कपूर होस्ट करेंगे। भव्य गांधी को कॉमेडी शो तारक मेहता... से टप्पू के किरदार से खूब पहचान मिली।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून, 2024



ईपीएफओ : बगैर किसी प्रीमियम के मिलेगा 7 लाख रुपये तक के इंश्योरेंस का लाभ, ये है स्कीमः इंदौर, एजेंसी। वर्तमान दौर को देखते हुए इंश्योरेंस की जरूरत काफी बढ़ गई है। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अब हर कोई स्वास्थ्य, दुर्घटना और वाहन सहित अन्य बीमा करवाने लगा है। वहीं यदि आप नौकरी पेशा व्यक्ति है और आपका पीएफ कटता है तो यह खबर आपको यह खबर जरूर पढ़नी चाहिए।




ब्रिटेन में निवेश करने में भारत से महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली शीर्ष परः लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य– महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### तिरुपुर कपड़ा उद्योग का संकट, नहीं लौट रहे वोट देने गए मजदूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने कपड़ा उद्योग के लिए फेमस तमिलनाडु का तिरुपुर इन दिनों संकटों से जूझ रहा है। यह संकट पैदा हुआ है हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के कारण। खबरों की मानें तो तिरुपुर कपड़ा उद्योग अभी श्रमिकों की कमी की समस्या का सामना कर रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपुर के कपड़ा उद्योग में काम करने वाले ज्यादातर कामगार हालिया चुनावों में वोट डालने के लिए अपन गांव गए। उसके बाद समस्या ये आई है कि वोट डालने अपने गांव गए मजदूर अब वापस नहीं लौट रहे हैं। इससे उद्योग जगत की परेशानियां बढ़ गई हैं। सबसे खराब बात ये है कि श्रमिकों की कमी का संकट ऐसे समय सामने आया है, जब डिमांड में सुधार के संकेत दिख रहे थे।

तिरुपुर कपड़ा उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि अमेरिका में डिमांड में सुधार हो रहा है और उसके चलते निर्यात के अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। हालांकि अब श्रमिकों की कमी से दिक्कतें आ सकती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपुर के कपड़ा उद्योग में काम करने वाले ज्यादातर मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के हैं। छोटे-बड़े कपड़ा मिलों में एक लाख से डेढ़ लाख लोग काम करते हैं। वे मजबूर लोकसभा चुनाव के दौरान वोट देने के लिए गए लेकिन अब लौटकर नहीं आना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी स्थानीय सरकारें विकास कार्य तेज करेंगी, जिससे उन्हें काम के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी।

### चालू वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत गिर सकती है वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री: इक्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल के उच्च आधार और मांग में गिरावट से प्रभावित घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग की थोक बिक्री चालू वित्त वर्ष में चार से सात प्रतिशत तक घटने की आशंका है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि उच्च आधार प्रभाव और पहले कुछ महीनों में बुनियादी ढांचा गतिविधियों पर लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के प्रभावों को देखते हुए मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों (ट्रकों) की बिक्री में सालाना आधार पर चार से सात प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

इक्रा ने कहा कि हल्के वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री में वित्त वर्ष 2024-25 में पांच से आठ प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। उच्च आधार प्रभाव, ई-कॉमर्स गतिविधियों में सुस्ती और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों से बिक्री में गिरावट से ऐसा होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग की तेजी चालू वित्त वर्ष में थम जाने की आशंका जताते हुए कहा कि इसकी थोक बिक्री में चार से सात प्रतिशत की गिरावट आएगी। इक्रा ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में थोक बिक्री में एक प्रतिशत और खुदरा बिक्री में तीन प्रतिशत की धीमी वृद्धि रही थी।

इक्रा रेटिंग्स की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख किंजल शाह ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 में मात्रा के साथ टन भार के मामले में भी बहुत तेज वृद्धि देखी गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू वाणिज्यिक वाहन मात्रा वृद्धि की रफ्तार सुस्त हो गई थी और आम चुनावों के कारण कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में क्षणिक नरमी के बीच चालू वित्त वर्ष में गिरावट का अनुमान है।

### इस हफ्ते बाजार में दिख सकती है स्थिरता

# नई सरकार, महंगाई समेत 6 फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई , एजेंसी।** इस हफ्ते, बाजार में थोड़ी स्थिरता देखने को मिल सकती है, क्योंकि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के बाद केंद्र सरकार को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता आ जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सरकार बनाई है।

पिछले हफ्ते, सरकार को लेकर अस्पष्टता के कारण बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा था। एग्जिट पोल में बीजेपी को भारी बहुमत (300 से ज्यादा सीट) मिलने के अनुमान के बाद सेंसेक्स 2,507 पॉइंट चढ़कर 76,468 के स्तर पर बंद हुआ था।

हालांकि, चुनाव नतीजों वाले दिन बीजेपी की सीटें कम होने से सेंसेक्स 4389 अंक (5.74 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ। अगले दिन 5 जून को सेंसेक्स 2,303 अंक, 6 जून को 692 अंक और 7 जून को 1,618 अंक की बढ़ते के साथ बंद हुआ था।



**रिटेल महंगाई घट सकती है, थोक महंगाई बढ़ सकती है:** 12 जून को मई महीने की महंगाई के आंकड़े जारी हो सकते हैं। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि यह अप्रैल के 4.83 प्रतिशत से घटकर 4.80 प्रतिशत पर आ जाएगी। अप्रैल में, महंगाई में गिरावट फ्यूल और लाइट की कीमतों में गिरावट से आई थी। हालांकि, खाद्य महंगाई ऊपर की ओर बनी हुई है। अप्रैल में खाद्य महंगाई दर 8.52 प्रतिशत से बढ़कर 8.78 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। ग्रामीण महंगाई दर 5.45 प्रतिशत से घटकर 5.43 प्रतिशत आ गई और शहरी महंगाई दर 4.14 प्रतिशत से घटकर 4.11 प्रतिशत पर आ गई थी।

उधर, 14 जून को थोक महंगाई दर भी जारी की जाएगी। यह अप्रैल के 1.26 प्रतिशत से मई में तेजी से बढ़कर 4 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण फ्यूल की महंगाई हो सकती है, जिसके अप्रैल में 1.38 प्रतिशत से बढ़कर मई में 7प्रतिशत होने का अनुमान है।

**आईआईपी ग्रोथ घटकर 3.9 प्रतिशत पर आ सकती है:** 12 जून को ही आईआईपी के आंकड़े भी जारी होने की उम्मीद है। अप्रैल के 4.9 प्रतिशत से मई में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन घटकर 3.9 प्रतिशत होने की उम्मीद है। मैन्युफैक्चरिंग का इंडेक्स में 78 प्रतिशत का योगदान है। मई में मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ घटकर 4.9 प्रतिशत पर आ सकती है, जो अप्रैल में 5.2 थी।

**पैसेंजर व्हीकल सेल्स का डेटा जारी होगा:** 13 जून को बाजार की नजर पैसेंजर व्हीकल सेल्स पर भी रहेगी। SIAM के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में कुल यात्री वाहन की बिक्री एक साल पहले की तुलना में 1.2 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल 2024 में 287,746 हो गई थी। ये पिछले महीने में 8.9 प्रतिशत की ग्रोथ से कम थी।

तब बाजार पर नजर रखने वालों ने मांग में कमी से जोड़ा था। उनका कहना था कि पॉलिसी मेकिंग में निरंतरता और उम्मीद से बेहतर मॉनसून से तस्वीर बेहतर होगी। इसलिए, वे इस बात पर नजर रखेंगे कि क्या उनकी उम्मीदें पूरी हुईं।

**अमेरिका ब्याज दरें और यूके जीडपी जारी करेगा:** फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की मीटिंग 11 से 12 जून के बीच होगी और यूएस फेड 13 जून को अपने नीतिगत रुख की घोषणा करेगा। मोटे तौर पर, बाजार को उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक अपनी दरें 5.25-5.50 प्रतिशत पर रखेगा। सप्ताह की शुरुआत में, 10 जून को, जापान अपने आर्थिक विकास के आंकड़े और इको वॉचर्स सर्वे जारी करेगा।

## पीटीसी इंडिया का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजली कारोबार समाधान प्रदाता पीटीसी इंडिया का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 30 प्रतिशत घटकर 91.11 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 91.11 करोड़ रुपए रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 129.34 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल मात्रा 10 प्रतिशत बढ़कर 18.02 अरब यूनिट तक पहुंच गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 16.39 अरब यूनिट थी। वित्त वर्ष 2023-24 में उसका एकीकृत लाभ बढ़कर 533.16 करोड़ रुपए हो गया जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 507.15 करोड़ रुपए था। पीटीसी इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजीव के मिश्रा ने बताया कि निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.80 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश देने की सिफारिश की है।

## चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति 5 दिन में 35.71 प्रतिशत बढ़ी

### भारत ने मई में 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने मई में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोना खरीदार रहा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, बीते माह भारत ने करीब 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा। सिर्फ स्विटजरलैंड और चीन ने भारत से ज्यादा गोल्ड खरीदा।

बीते 5 वित्त वर्षों में भारत ने अपने गोल्ड रिजर्व में करीब 204 टन सोने की बढ़ोतरी की। मार्च 2019 में देश का गोल्ड रिजर्व 618.2 टन था, जो 31 मार्च 2024 को 33 प्रतिशत बढ़कर 822.1 टन हो गया। हालांकि, इस दौरान सोने की कीमतों में करीब 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

चंद्रबाबू परिवार की संपत्ति 5 दिन में 858 करोड़ बढ़ी : 35.71 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले हेरिटेज फूड्स के शेयर 55त्र चढ़े; आंध्र-केंद्र में जीत से बढ़ा भरोसा

चंद्रबाबू नायडू परिवार की संपत्ति पिछले 5 दिनों में ही 858 करोड़ रुपए बढ़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हेरिटेज फूड्स के शेयरों में इस दौरान 55त्र का उछाल आने से ऐसा हुआ है। हेरिटेज फूड्स के प्रमोटर पार्टी प्रमुख चंद्र बाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश हैं। चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।



हेरिटेज ग्रुप की स्थापना 1992 में चंद्रबाबू नायडू ने की थी। यह कंपनी डेयरी, रिटेल और एग्री सेगमेंट में काम करती है। हाल ही में हुए आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू का शानदार प्रदर्शन रहा है। इससे उनकी कंपनी पर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। को-फाउंडर सचिन बंसल ने एथर एनर्जी से एग्जिट किया : सचिन ने अपनी बाकी बची हुई 7.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हीरो और जेरोधा के निखिल कामथ को बेची फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी एथर एनर्जी में अपनी बाकी बची 7.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। अब उनकी एथर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में कोई हिस्सेदारी नहीं बची है।

## टाटा मोटर्स ने ऑल्ट्रोज़ रेसर लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव निर्माता, टाटा मोटर्स ने आज कंपनी की प्रीमियम हैचबैक के स्पोर्टी अवतार - ऑल्ट्रोज़ रेसर को लॉन्च किया है। 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन की पेशकश के साथ ऑल्ट्रोज़ में प्रदर्शन का पहलू कई पायदान ऊपर जा चुका है। रेस कार से प्रेरित एक्सटीरियर और इंटीरियर लुक के साथ 5500 आरपीएम पर 120 पीएस की पावर और 1750 से 4000 आरपीएम पर 170 एनएम का टॉर्क, ऑल्ट्रोज़ का यह स्पोर्टी अवतार हर ड्राइव को ज्यादा उत्साह से भर देता है। फीचर्स से भरपूर, रेसर 360 डिग्री कैमरा, 26.03 सेमी इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, वेंटिलेटेड सीटों और 6 एयरबैग (रेसर में मानक) के साथ ऑल्ट्रोज़ का टॉप ऑफ लाइन वर्जन होगा। यह 6 स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स पेश करने वाली एकमात्र हैचबैक है जो शहर के ट्रैफ़िक और राजमार्गों पर पेपी ड्राइवेबिलिटी सुनिश्चित करती है। एक हैचबैक में बेहतर तकनीक, फीचर्स और श्रेणी में अग्रणी सुरक्षा के साथ, ऑल्ट्रोज़ रेसर तीन वैरिएंट में तीन रंगों (प्योर ग्रे, एटॉमिक ऑरेंज और एवेन्यू व्हाइट) के विकल्प के साथ उपलब्ध होगी। इसके अलावा, ऑल्ट्रोज़ लाइन अप को मजबूत करते हुए, टाटा मोटर्स ने ऑल्ट्रोज़ रेंज में दो नए वैरिएंटको भी लॉन्च किया है और एक वैरिएंट को अपग्रेड किया है। ये दो नए अतिरिक्त वैरिएंट पेट्रोल मैनुअल, पेट्रोल डीसीए, डीजल और सीएनजी पावरट्रेन्स के विकल्पों में उपलब्ध होंगे।




टाटा ऑल्ट्रोज़ रेसर के लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा, ऑल्ट्रोज़ लाइन अप को मजबूत करते हुए, हम ऑल्ट्रोज़ रेसर को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं - एक ऐसी कार जिसे हर रोज ड्राइव में रोमांच पैदा करने के मकसद से डिजाइन किया गया है। इसका उच्च पावर आउटपुट, सेगमेंट की अग्रणी विशेषताओं और टेक्नोलॉजी फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ मिलकर इसे एक बेहतरीन कार बनाता है। रेसर उन नई पीढ़ी के ग्राहकों के लिए वांछनीय है जो कनेक्टेड हैं, फैशन के मामले में आगे हैं और ऐसी कार चलाना चाहते हैं जो उन्हें सबसे अलग दिखाए। इसके प्रदर्शन से प्रेरित डीएनए और रेस कार से प्रेरित लुक के साथ, हमें विश्वास है कि यह एक ऐसा बेहतरीन साथी होगा जो आपको #RacePastTheRoutine बनाएगा।

## जीएसडीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए कच्चे माल, तैयार माल का ब्यौरा देने वाला फार्म जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है। जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा। उन्होंने कहा कि इस फॉर्म का उद्देश्य पान मसाला और तम्बाकू उत्पादों की विनिर्माण प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है।



# कोका-डोला इंडिया ने बेंच पे बात के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

### सच्चे संबंधों की भावना को फिर से जगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोका-कोला इंडिया ने बेंच पे बात को लॉन्च किया। इस कैंपेन का उद्देश्य लोगों के बीच सच्चे संबंधों और बातचीत की भावना को फिर से जगाना है। यह कैंपेन चक्रीय अर्थव्यवस्था और पूरे भारत में समुदायों में सार्थक बातचीत को बढ़ावा देने के माध्यम से वर्ल्ड विदाउट वेस्ट (कचरामुक्त विश्व) बनाने के प्रति कोका-कोला इंडिया की प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। अपने फाउंडेशन, आनंदना के माध्यम से कोका-कोला ने यूनाइटेड वे मुंबई के सहयोग से भारत के 10 शहरों में 380 स्थायी बेंचों कोलगाया है। इन पुनर्कल्पित बेंचों को रिसाइकल्ड प्लास्टिक कचरे से बनाया गया है, जिसे आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के दौरान इकट्ठा किया गया था।इसका उद्देश्य एक समय पर एक बातचीत के साथ एकदम नया ताजगीपूर्णलाना है। हर एक बेंच को लगभग 50 किलोग्राम रिसाइकल्ड प्लास्टिक कचरे से बनाया गया है। इन इको-फ्रेंडली बेंचों को भारत के 10 शहरों में स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक पार्कों, और नगर निगम के कार्यालयों में स्थापित किया गया है। ये शहर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, धर्मशाला और लखनऊ हैं।इस कैंपेन के विषय में कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया (आईएनएसडब्लूए) के सीनियर डायरेक्टर-सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी, राजेश अयापिल्ला ने कहा कि, कोका-कोला इंडिया में हमलोग वर्ल्ड विदाउट वेस्ट नामक अपनी वैश्विक रणनीति को लेकर प्रतिबद्धबने हुए हैं। यह रणनीति पैकेजिंग की चक्रीय अर्थव्यवस्था के माध्यम से एक व्यवस्थित बदलाव को प्रेरित करती है। हमारा बेंच पे बात कैंपेन पर्यावरण की रक्षा को लेकर हमारे सपर्पण का प्रमाण है, क्योंकि हम कचरे को उद्देश्यपूर्ण सामुदायिक संपदाओं में परिवर्तित करते हैं। ये स्थायी बेंच पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के हमारे प्रयासों को दर्शाती हैं। इस कैंपेन फिल्म की संकल्पना हवस पीपल इंडिया - हवस इंडिया की टैलेंट कम्युनिकेशन और एम्प्लायर ब्रांडिंग एजेंसी ने की है। इसमें अभिनव एआई-जनरेटेड विजुअल्स का मिश्रण दिखाया गया है जोकि अपने सन्देश के सार को खूबसूरती से कैद करता है। फिल्म को इस प्रकार सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है कि दर्शक स्थायी बेंचों की कहानी में वार्तालाप शुरू करने वालों के रूप में खो जाते हैं। इसमें दिल को छू जाने वाली एवं रंगबिरंगी इमेजरी का प्रयोग किया गया है जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ जाते हैं। कैंपेन के विषय में हवस इंडिया की टैलेंट कम्युनिकेशन और एम्प्लायर ब्रांडिंग एजेंसी, हवस पीपल इंडिया के एमडी, अरिंदम सेनगुप्ता ने कहा कि, हमें इस महत्वपूर्ण बेंच पे बातकैंपेन पर कोका-कोला इंडिया के साथ सहयोग करने गर्व हो रहा है। यह सस्टेनेबिलिटी को लेकर जागरूकता और समर्पण जगाता है। एक साथ मिलकर हम कचरे को इको-फ्रेंडली वस्तुओं में बदल रहे हैं, जो सार्थक पर्यावरणीय अगुआई के निर्माण के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता पर जोर देता है। यह सहयोग बदलाव को प्रेरित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ज्यादा उज्ज्वल और ज्यादा संवहनीय भविष्य को बढ़ावा देता है, और इसमें दिखाया गया है कि हमने कैसे इस दृष्टिकोण को साकार करके एक वास्तविक फर्क पैदा किया है।




## बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने सेबी के पास ड्राफ्ट-पेपर्स जमा किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कल की बड़ी खबर बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से जुड़ी रही। बजाज फाइनेंस की सब्सिडियरी कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जल्द ही इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 7,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने मई में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोना खरीदार रहा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, बीते माह भारत ने करीब 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा। सिर्फ स्विटजरलैंड और चीन ने भारत से ज्यादा गोल्ड खरीदा। बजाज फाइनेंस की सब्सिडियरी कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जल्द ही इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस यानी पेपर्स फाइल किए हैं। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 7,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इस बात की जानकारी बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। कंपनी के डीआरएचपी के अनुसार, बजाज हाउसिंग फाइनेंस के प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 10 जून, 2024



## रोहित शर्मा ने पाकिस्तानी फैन को लगाया गले!



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप के तहत महा मुकाबला न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आज रात 8 बजे खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक पाकिस्तानी फैंन को फैंसिंग के बीच में से गले लगाते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में मैदान में खड़े रोहित मैदान की बाहर आते हुए फैंस से मिलने पहुंचते हैं जो फैंसिंग के पीछे खड़े उनका इंतजार कर रहे होते हैं। इस दौरान एक पाकिस्तानी फैन फैंसिंग से ही रोहित को गले लगाने के लिए कहता है जिसके बाद रोहित उनकी इच्छा भी पूरी करते हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और सवा लाख से ज्यादा लोगों ने इसे देखा है।

## आईपीएल से हटने का फैसला सही साबित हुआ, इंग्लैंड को हराने के बाद बोले एडम जम्पा




**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जंपा ने कहा कि आईपीएल 2024 से हटने का उनका फैसला सही रहा क्योंकि इससे उन्हें टी20 विश्व कप की तैयारी करने में मदद मिली और साथ ही उन्होंने अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताया। जम्पा ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर 36 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जम्पा ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित तौर पर विश्व कप को ध्यान में रखते हुए आईपीएल से हटने का मेरा फैसला सही रहा। मैं काफी थका हुआ महसूस कर रहा था तथा मैं पूरी तरह से फिट भी नहीं था। इसके अलावा मैं पारिवारिक व्यक्ति भी हूं और कई बार इन्हें काम से अधिक प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, 'मैं थोड़ा धीमी शुरुआत करने वाला व्यक्ति हूं और मुझे थोड़ा अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मैं अब पूरी तरह से फिट हूं और मैंने काफी गेंदबाजी की जैसा कि इस तरह के टूर्नामेंट से पहले मैं हमेशा करता रहा हूं। अब सब कुछ मेरे साथ अच्छा हो रहा है।

## अर्जेंटीना कोपा अमेरिका का दावेदार है :मेसी

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका कप के लिए अर्जेंटीना को प्रबल दावेदार बताया है। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन अपने खिताब बचाओ अभियान की शुरुआत 20 जून को कनाडा के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ग्रुप चरण में उसे चिली और पेरू से खेलना होगा। मेसी ने अर्जेंटीना न्यूज सर्विस इन्फोबे से कहा, मुझे लगता है कि अर्जेंटीना हमेशा दावेदार रहा है। सफलता की मौजूदा अवधि से पहले भी अर्जेंटीना ब्राजील की तरह दावेदार था। यह कोपा अमेरिका भी अपवाद नहीं होगा। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने कहा, मुझे लगता है कि सभी दक्षिण अमेरिकी टीमें इस समय काफी ताकतवर हैं। उरुग्वे, कोलंबिया, इक्वाडोर सभी बहुत अच्छी हैं। हर मैच एक कड़ा मुकाबला होगा और यह एक मुश्किल टूर्नामेंट होगा।

# आज बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा।

दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण




में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा। नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी। अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी।

रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है। उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे। बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे। बांग्लादेश को अगर दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में अपनी पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जो बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय होगा।

### टीम इस प्रकार हैं

**दक्षिण अफ्रीका** – एडेन मार्करराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**बांग्लादेश** – नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। यात्रा करने वाले रिजर्व- अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

**समय** – भारतीय समयानुसार रात 8 बजे।

## पूजा तोमर ने रचा इतिहास, यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय बनी

**केंटकी (एजेंसी)।** पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, 'यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं। मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं।

'साइक्लोन' के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं। अंशुल जुबली और भरत कंडारे ने यूएफसी




में विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुधाना गांव में जन्मी पूजा पांच बार की राष्ट्रीय वुशु चैंपियन हैं और कराटे और ताइक्वांडो में भी भाग लेती रही है। पूजा ने कहा, 'मुझे जीत की पूरी उम्मीद थी और मैंने काफी आक्रमण किया लेकिन मैं अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन नहीं कर पाई। दूसरे राउंड में मैं दबाव महसूस कर रही थी। मुझे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है।

## ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन, इंग्लैंड को 36 रन से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप में अपने चिर प्रतिद्वंदी इंग्लैंड को 36 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाए जो वर्तमान विश्व कप में किसी टीम का अभी तक सर्वोच्च स्कोर है। इंग्लैंड की टीम इसके जवाब में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

इंग्लैंड को अभी पहली जीत का इंतजार है। उसे अब ओमान और नामीबिया का सामना करना है जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के कारण उसे अंक बांटने पड़े थे। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद डेविड वार्नर (16 गेंद पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 39 रन) और ट्रेविस हेड (18 गेंद पर 34 रन, दो चौके, तीन छक्के) ने पहले 5 ओवर में 70 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरूआत दिलाई। इन दोनों के चार रन के अंदर पवेलियन लौट जाने के बाद कप्तान मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल ने जिम्मेदारी संभाली।

मार्श ने 25 गेंद पर 35 रन बनाए जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं।




मैक्सवेल ने 25 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने 17 गेंद पर 30 और पैट कमिंस ने 10 गेंद पर नाबाद 17 रन बनाकर उपयोगी योगदान दिया। टिम डेविड ने 11 रन की पारी खेली। स्टोइनिस ने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए। इंग्लैंड की तरफ से क्रिस जॉर्डन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 44 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

इसके बाद फिल साल्ट और कप्तान जोस बटलर ने पावर प्ले में 54 रन जोड़े और फिर मिशेल स्टार्क के अगले ओवर में 19 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। एडम जंपा (28 रन देकर दो विकेट) ने साल्ट को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी दिलाई। साल्ट ने 23 गेंद पर 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल हैं। जंपा ने इसके बाद बटलर को बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच कराया जिन्होंने 28 दिन पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए।

इंग्लैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 92 रन था लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने कसी गेंदबाजी की और उसका क्षेत्ररक्षण भी शानदार रहा। इंग्लैंड के बाद के बल्लेबाजों में मोईन अली (25), हैरी ब्रूक (नाबाद 20) और लियम लिविंगस्टोन (15) अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जंपा के अलावा कमिंस ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। स्टार्क महंगे साबित हुए। उन्होंने तीन ओवर में 37 रन लुटाए।

## इगा स्वियातेक ने लगातार तीसरी बार जीता फ्रेंच ओपन

**पेरिस (एजेंसी)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट



में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को आसानी से 6-2, 6-1 से पराजित किया। स्वियातेक पहले सेट में एक समय 1-2 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। इससे वह दूसरे सेट में 5-0 से आगे हो गई।

पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने इसके बाद अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने इस तरह से फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की 23 वर्षीय स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। हेनिन ने 2005 से 2007 तक यह कारनामा किया था। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी।

## दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाने के बाद मिलर ने दिया बड़ा बयान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 12 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप मैच में उलटफेर से बचाने वाले डेविड मिलर ने टीम की जीत के बाद बड़ा बयान दिया है। मिलर ने कहा कि भले ही हम जीत दर्ज करने में सफल रहे लेकिन नीदरलैंड ने शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 12 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

### मिलर ने दिलाई जीत

खराब शुरुआत के बाद दक्षिण अफ्रीका को अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर ने संभाला और 51 गेंद में 59 रन की अहम पारी खेल कर दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से जीत दिलाई। मिलर ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई जिससे टीम ने सात गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। मिलर ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए।

## संजीवनी ने पोर्टलैंड में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में हासिल किया पहला स्थान

**पोर्टलैंड (अमेरिका) (एजेंसी)।** एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता धाविका संजीवनी जाधव ने पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ 32 मिनट 22.77 सेकंड में पूरी करके पहला स्थान हासिल किया।

इस 27 वर्षीय धाविका ने इससे पहले भी पोर्टलैंड में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रही थी। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय सीमा 32 मिनट 55.91 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8 मिनट 21.85 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 8 मिनट 11.20




का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक जीता था लेकिन यहां वह इस प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए। महिला वर्ग में पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण (5000 मीटर) और रजत (3000 मीटर स्टीपलचेज) जीतने वाली पारुल चौधरी स्टीपलचेज में तीसरे स्थान पर रही।

उन्होंने नौ मिनट 31.38 सेकंड का समय निकाला, जो पिछले साल बुडापेस्ट में बनाए गए उनके नौ मिनट 15.31 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से लगभग 16 सेकंड अधिक था। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय प्रीति 10 मिनट 12.88 सेकंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही। कोलराडो में अभ्यास कर रहे भारत के कई एथलीट पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग ले रहे हैं।

# युगांडा ने टी-20 वर्ल्डकप के लोवेस्ट स्कोर की बराबरी की

## 39 रन पर ऑलआउट, वेस्टइंडीज ने 134 से हराया

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 18वें मैच में वेस्टइंडीज ने एकतरफा मुकाबले में युंगाडा को 134 से हरा दिया। गेंदबाज अकील होसेन की शानदार गेंदबाजी के सामने युगांडा के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और संयुक्त रूप से सबसे छोटे टीम टोटल 39 रन पर ऑलआउट हो गए। युगांडा के रियाजत अली शाह ने वेस्टइंडीज के टॉप स्कोरर जॉनसन चार्ल्स का कैच छोड़ा। वहीं, ?????? युंगाडा की इनिंग की दूसरी ही बॉल पर रोजर मुकासा डक गए।

**रियाजत ने छोड़ा चार्ल्स का कैच** – वेस्टइंडीज की इनिंग्स के चौथे ओवर की चौथी गेंद कुवेता ने जॉनसन चार्ल्स को लेग साइड के बाहर फेंकी। चार्ल्स जल्दी पीछे हट गए और उन्होंने मिड ऑफ की दिशा में शॉट मारा। हालांकि, शॉट में ज्यादा ताकत न होने के कारण गेंद पहले ही फ्लाइट नहीं कर पाई। मिडऑफ पर लगे फील्डर रियाजत अली गेंद की ओर दौड़े और कैच करने की कोशिश की। लेकिन, गेंद उनके हाथों के बीच में से निकल गई। चार्ल्स उस समय अपने 22 रन के स्कोर पर थे। कैच छूटने के बाद उन्होंने 44 रन की पारी खेली।

**ओबुया ने छलांग लगाकर किया कप्तान पॉवेल को आउट** – युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने 16वें ओवर की तीसरी गेंद शॉर्ट फेंकी। वेस्टइंडीज के कप्तान पॉवेल ने एक्ट्रा कवर पर शॉट खेला। हालांकि, बल्ले पर सही से न आने के कारण गेंद ज्यादा ऊंची नहीं गई। फील्डर रॉबिंसन ओबुया ने छलांग लगाई और कैच लपक लिया। रोवमैन पॉवेल 23 रन बनाकर आउट हुए।

**कुवेता ने रदरफोर्ड को किया क्लीन बोल्ड** – युगांडा के गेंदबाज कुवेता ने 18वें ओवर की तीसरी गेंद शरफेन रदरफोर्ड को यॉर्कर की। रदरफोर्ड सटीक




यॉर्कर को पढ़ नहीं पाए और शॉट खेलने में देरी कर दी। गेंद बल्ले के नीचे से निकलती हुई स्टंप्स में जा घुसी। रदरफोर्ड 22 पर आउट हुए।

### मैच में बने रिकॉर्ड्स...

**युंगाडा ने टी-20 वर्ल्ड कप का सबसे छोटा टोटल बनाया** – टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में युंगाडा ने संयुक्त रूप से सबसे छोटा टोटल बनाया है। टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ महज 39 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले 2014 में नीदरलैंड की टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 39 रन बनाए थे। वहीं, 2021 में नीदरलैंड श्रीलंका के खिलाफ ही 44 पर ऑलआउट हो गई थी।

**टी-20 वर्ल्ड कप में 5 विकेट लेने वाले पहले विंडीज खिलाड़ी बने अकील** – टी-20 वर्ल्ड कप में युगांडा के खिलाफ वेस्टइंडीज के अकील होसेन ने 4 ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट लिए। वह वर्ल्ड कप में 5 विकेट लेने वाले पहले कैरिबियन खिलाड़ी बने। वहीं, ओवरऑल टी-20 इंटरनेशनल में अकील टीम के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बने। उनसे पहले ओबेद मेकॉय ने 2022 में भारत के खिलाफ 6 विकेट लिए थे।

**वेस्टइंडीज की टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत** – वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से हराया यह उनकी टी-20 वर्ल्ड कप में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। वहीं, टी-20 इतिहास में यह दूसरी सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले श्रीलंका ने केन्या के खिलाफ 2007 वर्ल्ड कप में 172 रन से मैच जीता था।

**युगांडा की ओर से सबसे ज्यादा डक होने वाले खिलाड़ी बने मुकासा** – सलामी बल्लेबाजी करने आए युगांडा के सलामी बल्लेबाज रोजर मुकासा को इनिंग की दूसरी ही बॉल पर अकील होसेन ने एलबीडब्ल्यू किया। इसके साथ ही वह युगांडा की ओर से सबसे ज्यादा 8 बार डक पर आउट होने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत सेवाश्रम के साधु कार्तिक महाराज को केंद्रीय सुरक्षा मिली



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद जिले में बेंदांगा इकाई से जुड़े साधु कार्तिक महाराज को अब केंद्र सरकार ने केंद्रीय सुरक्षा कवर दिया है। कार्तिक महाराज पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया था। सीएम ममता बनर्जी ने पिछले महीने एक चुनावी रैली में कार्तिक महाराज पर भाजपा की ओर से काम कर मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए प्रभावित करने का आरोप लगाया था। सूत्रों के अनुसार, कार्तिक महाराज की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के चार जवानों को तैनात किया गया है। कार्तिक महाराज पर हमले की आशंका के बाद उन्हें केंद्रीय सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला लिया गया। पिछले महीने कार्तिक महाराज ने अपने आश्रम पर संभावित हमले के खिलाफ सुरक्षा की मांग करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने जनसभा को संबोधित करने के दौरान मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को लेकर उन्हें कानूनी नोटिस भी भेजा था। अदालत में याचिका दायर करने के बाद कार्तिक महाराज ने मीडियाकर्मियों के सामने दावा किया था, उन्हें एक फोन कॉल आया था। फोन करने वाले ने बेलडांगा स्थित भारत सेवाश्रम संघ इकाई को ध्वस्त करने की धमकी दी थी।

### मराठा आरक्षण नहीं दिया तो जरांगे ने शुरू किया आमरण अनशन, बढ़ेंगी शिंदे सरकार की मुश्किलें?



**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने आज अपना आमरण अनशन शुरू कर दिया। इसको लेकर उन्होंने इस साल अप्रैल में ही संकेत दिया था। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने उन्हें अनिश्चितकालीन अनशन की अनुमति नहीं दी है। पाटिल ने कहा कि अगर इस बार मराठा आरक्षण नहीं दिया गया तो वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जो इस साल के अंत में अक्टूबर में होने की उम्मीद है। मनोज जरांगे ने मराठा समुदाय के लोगों के सभी रक्त संबंधियों को कुनबी के रूप में मान्यता देने संबंधी मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग को लेकर शनिवार को अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। जरांगे ने कुनबी को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने की भी मांग की और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें स्वीकार नहीं की गईं तो वह आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र की सभी 288 सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। जरांगे ने महाराष्ट्र के जालना जिले की अंबड़ तहसील में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में सुबह करीब 10.30 बजे आंदोलन शुरू किया, जबकि जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार किया था। वह मराठों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग कर रहे हैं। कुनबी एक कृषि समूह है जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। जरांगे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मराठा आरक्षण के मुद्दे पर ध्यान देने का आग्रह किया। मैदान में उतारूंगा। मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस पर मराठा आरक्षण प्रक्रिया में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए जरांगे ने कहा कि फडणवीस ने मराठा समुदाय के खिलाफ साजिश रची।

# महाराणा प्रताप ने संघर्ष की प्रेरणा दी, बोले राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराणा का जीवन, उनका संघर्ष व उनके संकल्प ने पूरे देश को स्वाधीनता और स्वाभिमान के लिए संघर्ष की प्रेरणा दी है।महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप समारोह समिति की ओर से आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राठौड़ ने कहा कि आज का यह अवसर विशिष्ट है। आज हम भारतीय शौर्य और वीरता के पर्याय रहे एक महान नायक को याद कर रहे हैं। महाराणा ने हमारे लोक संस्कार में गौरव के जो बीज डाले, वह आज पूरे देश के लोकमानस में सामाजिक-सांस्कृतिक बोध और संस्कार के रूप में दिखाई देते हैं। ऐसे महान वीरों के प्रति कृतज्ञता का भाव सही मायनों में हमारी ऊर्जा का स्रोत है।

**विजयी होने की महान प्रेरणा मिलती है:** राठौड़ ने कहा कि ऐसे महावीरों से हमें देश और समाज के लिए संघर्ष करने और विजयी होने की महान प्रेरणा मिलती है। हमें आगे बढ़ने का साहस मिलता है। हमें विपरीत स्थितियों में अपने मूल्य और आदर्श की रक्षा करने की शक्ति मिलती है। हम हर परिस्थिति में निर्भीक बने रहते हैं। राठौड़ ने कहा कि महाराणा की प्रेरक स्मृति और उनकी अदम्य वीरता के वर्णन के साथ जब हम इतिहास की तरफ लौटते हैं तो हम इस बात को समझ पाते हैं कि हमारे नायकों की यशस्विता, उनकी स्मृति कैसे शताब्दियों बाद भी जीवित है।राठौड़ ने कहा कि सैकड़ों वर्षों से महाराणा प्रताप अगर हमारे लिए लगातार श्रद्धेय बने हुए हैं, उनकी वीरता और साहस के प्रति हम सम्मान का भाव रखते हैं तो यह कोई साधारण बात नहीं है।

**युवा पीढ़ी को बता रहे असली इतिहास : बनवासा :** कार्यक्रम संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने बताया कि 13 वर्षों से महाराणा प्रताप जयंती पर इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का उद्देश्य युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के सिद्धांतों से परिचित कराना है। असली इतिहास बताना है, क्योंकि आजादी के बाद पाठ्यपुस्तकों में महाराणा प्रताप को नहीं, बल्कि अकबर को महान बताया जा रहा है। हमें इस पाठ्यक्रम को भी बदलना है। समारोह को श्री क्षत्रिय युवक संघ के केंद्रीय कार्यकारी गजेंद्र सिंह आऊ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी संजीव



भार्गव, टोंक के पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने भी संबोधित किया। राष्ट्रवादी कवि उमेश उत्साई ने काव्य पाठ किया।

**महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर 484 किलो चूरमे के लड्डू का भोग लगाया:** राजस्थान में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विशेष आयोजन किए गए। उदयपुर में रविवार सुबह 7.30 बजे महाराणा प्रताप गौरव केंद्र स्थित 57 फीट की प्रतिमा का फायर ब्रिगेड से जलाभिषेक किया गया। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल ने उदयपुर में प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और इसके लिए 100 करोड़ रुपयों की लागत से एक टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया में पहुंचाना चाहते हैं। प्रदेश में जो भी पर्यटक आए, वह अपने साथ महाराणा प्रताप की शौर्य की गाथा साथ लेकर जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावंड-हल्दीघाटी-गोगुंदा-कुंभलगढ़-दिवेर-उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित करने पर 100 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

उल्लेखनीय है कि मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप की जयंती हर साल बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाती हैं, जो कि आज 9 जून 2024 को मनाई जा रही हैं। साल 1540 में इसी दिन मेवाड़ के महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था, उनके पिता महाराणा उदय सिंह द्वितीय थे, जो मेवाड़ राज्य के शासक थे जिनकी राजधानी चित्तौड़ थी। मुगल शासन के दौरान राजा महाराणा प्रताप को उनके साहस के लिए याद किया जाता है।

## हरियाणा वालों के लिए खुशखबरी, राज्य में होगी 50 हजार पदों पर भर्ती, सीएम नायब सैनी का ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को राज्य के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों में 50,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, युवाओं को ग्रुप-डी की नौकरियां भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री की यह घोषणा हरियाणा में रोजगार के अवसर प्रदान करने और युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। नायब सिंह हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के नए चेयरमैन हिम्मत सिंह को हरियाणा निवास में शपथ दिलवाने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रणाली को जारी रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को पूरा मान-सम्मान दे रही है और जल्द ही सरकार 50,000 नए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने जा रही है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं और यह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, 'यह गर्व की बात



है कि युवाओं का सरकार की कार्यप्रणाली में विश्वास बढ़ा है क्योंकि वे बिना किसी 'खर्ची-पर्ची' (रिश्वत और पक्षपात) के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं, जो पिछली सरकारों में चलती थी।'

ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के पदों के लिए सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अतिरिक्त 5 अंक देने पर पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को लेकर सवाल पूछा गया। इसके बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय की पहली पीठ ने गरीब परिवारों के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस मानदंड को सही ठहराया था। हालांकि, अगली पीठ का दृष्टिकोण अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उम्मीदवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम जल्द ही इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में पेश करेंगे और युवाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसकी पुरजोर वकालत करेंगे।

## उद्धव की शिवसेना में फिर सेंध लगाएंगे शिंदे? 6 सांसदों के संपर्क में होने का दावा

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना ने शनिवार को दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के दो नवनिर्वाचित सांसद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवसेना के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने दलबदल रोधी कानून का हवाला देते हुए दोनों लोकसभा सदस्यों का नाम बताने से इनकार किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि चार अन्य सांसद भी जल्द ही इन दोनों के साथ मिलकर शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो जाएंगे।

ठाणे से नवनिर्वाचित सांसद म्हस्के ने कहा, जिस तरह से उद्धव ठाकरे ने एक विशेष समुदाय से वोट मांगे हैं, उससे लोकसभा के दोनों सदस्य नाखुश हैं। म्हस्के ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के दो नवनिर्वाचित सांसद संपर्क में हैं तथा चार अन्य सांसद उनके साथ जुड़ेंगे और मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करेंगे। उनकी टिप्पणी शिवसेना नेता संजय राउत के इस दावे की पृष्ठभूमि में आई है कि





शिंदे गुट के कुछ विधायक और सांसद ठाकरे के साथ फिर से जुड़ने के इच्छुक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने राज्य की सात लोकसभा सीट जीतीं, जबकि ठाकरे गुट नौ सीट पर विजयी रहा। शिवसेना (यूबीटी) के नेता हमारी पार्टी में हो सकते हैं शामिलः एकनाथ शिंदे के समर्थक इससे पहले शिवसेना के विधायक संजय शिरसाट ने शुक्रवार को दावा किया कि अगले कुछ दिनों में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को उद्धव ठाकरे के इस धड़े में गिरावट की वजह भी बताया। शिरसाट ने पत्रकारों से कहा, ''शिवसेना (यूबीटी) के कुछ महत्वपूर्ण लोग 10 जून से पहले हमारी पार्टी में शामिल होंगे।'' लोकसभा चुनाव के बाद शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेताओं ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के पांच-सात विधायक शीघ्र ही पाला बदल लेंगे। इस चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अच्छा प्रदर्शन किया है। शिरसाट ने उन्हें (शिवसेना यूबीटी के नेताओं को) उन विधायकों के नामों का खुलासा करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, '' यह खबर बस अपने विधायकों को पार्टी छोड़ने से रोकने के लिए फैलायी गयी थी।'' शिरसाट के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (यूबीटी) के नेता सचिन अहीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव आगे आने वाली चीजों का बस एक 'ट्रेलर' है।

अहीर ने कहा कि चुनाव के बाद न केवल शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के, बल्कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के भी कुछ विधायक शिवसेना (यूबीटी) के संपर्क में हैं लेकिन उनकी पार्टी शायद ऐसे लोगों पर विचार नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''उन्हें (शिरसाट को) अपनी पार्टी के विषयों को देखना चाहिए। विधानसभा चुनाव जल्द होने वाले हैं और आपने (सत्तारूढ़ गठबंधन को) (शिवसेना में विभाजन) के परिणाम भुगते हैं।''

### पाकिस्तानी मूल के व्यवसायी बोले- प्रधानमंत्री मोदी भारत ही नहीं, पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर नेता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।

पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी व्यवसायी ने कहा, मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। साजिद तरार ने कहा, मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। भारत में आम चुनावों के सफल समापन पर बधाई देते हुए साजिद तरार ने कहा, यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन का प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारत का लोकतंत्र अमेरिका से भी ज्यादा मजबूत है। उधर पाकिस्तान के पूर्व सूचना व प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने भी दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों की इच्छा जताई है और बिना वीजा यात्रा सुविधा शुरू होने की वकालत की है।

**मोदी को चीन की बधाई पर विदेश मंत्रालय ने सधे शब्दों में कहा, शुक्रिया:** देश के लोकसभा चुनावों के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने पर चीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। इसका विदेश मंत्रालय ने भी नपे-तुले शब्दों में शुक्रिया अदा किया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पीएम को बधाई देने के लिए चीन को धन्यवाद। आपसी सम्मान, हित, संवेदनशीलता के आधार पर भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करेंगे।

## उड़ान भरते ही एयर कनाडा के विमान में से निकलने लगीं आग की लपटें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के लॉस एंजेलिस में एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। पेरिस जा रहे एयर कनाडा के एक विमान में उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग लग गई। जैसे ही चालक दल को आग का पता लगा तो आनन-फानन में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

बता दें, विमान में 389 यात्री और 13 क्रू मेंबर मौजूद थे। चालक दल की सतर्कता की वजह से एक बड़ी घटना को टाला जा सका। विमान बिना किसी नुकसान या हताहत के हवाईअड्डे पर वापस लौट आया।

**कैसे हुई घटना?:** बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान ने रात 12ः17 बजे (टोरंटो समयानुसार) उड़ान भरनी शुरू की। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद देर रात 12 बजकर 39 मिनट विमान ने उड़ान भरना शुरू ही किया था कि हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) ने विमान के दाहिने इंजन से चिंगारी निकलती देखी और तुरंत चालक दल के सदस्यों को इसकी



जानकारी दी। वहीं, लोगों ने इंजन से आग की चिंगारी निकलते हुए वीडियो बना लिया। इस घटना के बाद फ्लाइट के पायलट ने तत्काल पैन-पैन संकट का संकेत दिया, जिससे ग्राउंड पर इमरजेंसी टीम को संकेत मिला। पायलट ने तुरंत विमान को वापस लॉस एंजेलिस हवाईअड्डे की तरफ मोड़ दिया और सुरक्षित लैंडिंग कराई।

**कब का मामला?:** यह चौंका देने वाली घटना पांच जून की है। विमान में 389 यात्री और 13 क्रू मेंबर सवार थे। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। विमान के वापस आते ही आग बुझाई गई और एहतियाती कदम उठाए गए। विमान के इंजन में आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आ सकी है। हादसे का कारण जानने के लिए जांच टीम बनाई गई है।

**पहले भी सामने आ चुकी है ऐसी घटना:** इंजन में खराबी का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। प्रभावित यात्रियों को दूसरी फ्लाइट में भेजने का इंतजाम किया गया। विमान की जांच की जाएगी और फिलहाल इसे सेवा से हटा दिया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले दो हफ्तों में यह दूसरी घटना है, जहां एयर कनाडा के विमान को इंजन की समस्या के कारण वापस लौटना पड़ा है।

### पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन बोलीं- हमले से काफी दुखी हूं, राजनीति से प्रेरित अटैक का शक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर हमला हो गया। डेनमार्क यूरोपीय देश है। हमले के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इससे सदमें में जरूर हैं पर ठीक हैं। हमला राजनीति से प्रेरित बताया जा रहा है। डेनमार्क की मीडिया के



अनुसार, हमला शुक्रवार को हुआ था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत ने आरोपी को 20 जून तक के लिए हिरासत में भेज दिया है। अभियोक्ता तारुह सेकेरोग्लू ने शनिवार को बताया कि हमला राजनीति से प्रेरित है और यह सिर्फ कल्पना मात्र नहीं है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। फ्रेडरिकसन ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह समय शांति बनाए रखने का है। कल की घटना से मैं काफी दुखी हूं और हैरान भी हूं। हालांकि, उनका कहना है कि वे ठीक हैं। उन्होंने अपने समर्थकों और चिंतकों को मुश्किल वक्त में साथ देने के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि अभी वे परिवार के साथ रहना चाहती हैं। मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री को मामूली चोट आई है। आरोपी मानसिक रूप से असंतुलित है और घटना के वक्त वह नशे में था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूरोपीय नेताओं के साथ मिलकर शनिवार को हमले की निंदा की। उन्होंने इसे अस्वीकार्य कहा।

# व्हाइट हाउस के सामने 30 हजार फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन

### बाइडेन का खून से सना मुखौटा लेकर बोले- गाजा में मरे बच्चों की चीख इन्हें डराएगी

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में इजराइल के हमलों के बीच शनिवार को अमेरिका में राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास व्हाइट हाउस के बाहर 30 हजार फिलिस्तीन समर्थकों ने प्रदर्शन किया। लोग सिर पर हमास का पट्टा बांधकर फिलिस्तीन का झंडा लहराते नजर आए। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे एक शख्स के हाथ में राष्ट्रपति बाइडेन का मुखौटा भी था, जो खून से सना हुआ था। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अमेरिका के झंडे में आग भी लगाई। लोगों के हाथ में कई बैनर और पोस्टर भी थे। इसमें बाइडेन पर इतिहास के गलत पक्ष में होने का आरोप लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने आजाद फिलिस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि गाजा पर बमबारी में जितने बच्चों की जान गई है, उनकी चीख आपको हमेशा डराती रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल पार्क के सर्विस रेंजर्स पर सामान भी फेंके। इसके अलावा वहां लगे स्टैच्यू को भी खंडित किया। उन्होंने इजराइल के लिए अमेरिका के समर्थन को खत्म करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए व्हाइट के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई।

प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के सामने फिलिस्तीन का झंडा लहराया।

जहां एक तरफ व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बाइडेन पिछले 4 दिन से फ्रांस की स्टेट विजिट पर हैं। दूसरे विश्व युद्ध के ऐतिहासिक दिन डी-डे की 80वीं सालगिरह से जुड़े कार्यक्रमों के लिए बाइडेन के अलावा सुनक और जिनपिंग भी फ्रांस पहुंचे थे। इजराइल और हमास में 8 महीने से जारी जंग के बीच प्रदर्शनकारी अमेरिका के अलग-अलग जगहों पर युद्ध को लेकर विरोध जताते नजर आते रहे हैं। अप्रैल में अमेरिका की 50 यूनिवर्सिटीज में महीने भर तक स्टूडेंट्स ने प्रोटेस्ट किया था। इस दौरान उन्होंने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की हैमिल्टन बिल्डिंग को भी कब्जे में ले लिया था। हालांकि, पुलिस ने 2 घंटे के अंदर इमारत को प्रदर्शनकारियों से छुड़ा लिया था। इस प्रदर्शन में




पुलिस ने 2 हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद करीब 1 हफ्ते पहले फिलिस्तीन समर्थकों ने न्यूयॉर्क के एक म्यूजियम पर कब्जा कर लिया था। इजराइल का समर्थन करना बंद करे। इसके अलावा यूनिवर्सिटीज उन कंपनियों से अलग हो जाएं, जो इजराइल से लाभ कमाती हैं। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के छात्रों की मांग थी कि यूनिवर्सिटी का तेल अवीव कैंपस बंद किया जाए, क्योंकि यहां फिलिस्तीनी छात्रों को एडमिशन नहीं दिया जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129